रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 28 सितम्बर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 39 मूल्य 3.00 ₹

## नवरात्रि का तीसरा दिन मां चंद्रघंटा



नवरात्रि के तीसरे दिन मां के तृतीय स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा- अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता चंद्रघंटा को राक्षसों की वध करने वाला कहा जाता है। ऐसा माना जाता है मां ने अपने भक्तों के दुखों को दूर करने के लिए हाथों में त्रिशूल, तलवार और गदा रखा हुआ है।

# प्रधानमंत्री एक अक्टूबर को करेंगे देश में 5 जी सेवा का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक अक्टूबर को देश के पांचवी पीढ़ी की दूरसंचार सेवा 5 जी को लाँच करेंगे। राजधानी के प्रगति मैदान में एक अक्टूबर से चार अक्टूबर तक चलने वाले इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के उद्घाटन के अवसर पर मोदी इस सेवा को शुरू करने वाले हैं। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गयी है लेकिन दूरसंचार मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री उस दिन देश में 5 जी इंटरनेट सेवा की शुरूआत कर सकते हैं।




आईएमसी के उद्घाटन के अवसर पर संचार, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहेंगे। इसका आयोजन दूरसंचार विभाग और टेलीकॉम सेवायें देने वाली कंपनियों के शीर्ष संगठन सीओएआई मिलकर करता है। इस वर्ष आईएमसी का छठवां संस्करण है। उल्लेखनीय है कि गत एम अगस्त को संपन्न हुयी 5 जी स्पेक्ट्रम नीलामी में कंपनियों ने 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के स्पेक्ट्रम खरीदे थे। कंपनियों ने 150173 करोड़ रुपये में 51236 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदे थे। इसमें चार कंपनियों ने विशेषकर भाग लिया और इन चारों ने कुल मिलाकर 150173 करोड़ रुपये के 51236 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदे हैं। ये कंपनियां कर वर्ष 13365 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। स्पेक्ट्रम खरीदने वालों में अदाणी डेटा नेटवर्क, भारती एयरटेल, रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया सेलुलर शामिल है। रिलायंस जियो ने सबसे अधिक 88078 करोड़ रुपये में 24740 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम लिया है। भारती एयरटेल ने 48088 करोड़ में लिये 19867 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम, वोडाफोन आइडिया सेलुलर ने 18799 करोड़ रुपये में 6228 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम और अदाणी डेटा नेटवर्क ने 212 करोड़ रुपये में 400 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम लिया है। इसके तत्काल बाद कंपनियों ने 5 जी सेवा शुरू करने की तैयारियां शुरू कर दी और इसके लिए उपकरण आदि लगाने की शुरूआत कर दी थी।

## छत्तीसगढ़ की संस्कृति, यहां के उन्मुक्त जीवन और ऐतिहासिक महत्व को दुनिया को बताने की आवश्यकता : मुख्यमंत्री भूपेश

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

एक समय था जब छत्तीसगढ़ का नाम लेते हुए लोगों के जेहन में सिर्फ खनिज संसाधन और नक्सलियों का ख्याल आता था, लंबे समय तक छत्तीसगढ़ का पर्यटन उपेक्षित रहा और नया राज्य बनने के बाद भी पूरा ध्यान सिर्फ नक्सल समस्या पर ही था। जबकि छत्तीसगढ़ में इतना सब कुछ है कि सिर्फ प्रकृति से मिले उपहारों को ही हम व्यवस्थित कर लें तो यह स्थान पर्यटकों की पहली पसंद बन जाएगा और हमारी सरकार इसी बात पर निरंतर काम कर रही है। यह उद्बोधन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित टूरिज्म कान्क्लेव 2022 के आयोजन के दौरान कही। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बड़ी



घोषणा करते हुए राजीव गांधी मितान क्लब के सदस्यों को पर्यटन संबंधी प्रशिक्षण दिलाने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के युवा जब पर्यटन के प्रति जागरूक होंगे तो प्रदेश के पर्यटन को और ज्यादा बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा है कि छत्तीसगढ़ एक ऐसा प्रदेश है जिसकी गैर मौजूदगी में रामायण जैसी पौराणिक कथा भी अधूरी रह जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम ने अपने वनवास का अधिकतर समय छत्तीसगढ़ में ही गुजारा और यहीं पर उनकी मां कौशल्या निवास करती थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में छत्तीसगढ़ ही एक मात्र ऐसा राज्य है जहां देवताओं को भी सजा देने का प्रावधान है, लिहाजा छत्तीसगढ़ के बारे में पूरी दुनिया को बताने की जरूरत है ताकि लोग यहां की सभ्यता और संस्कृति को जानें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं । कोरोना काल होने के बाद भी उनकी सरकार ने छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों तक पहुंचने और वहां ठहरने के इंतजाम में बढ़ोत्तरी की है ताकि पर्यटकों को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत मिल सके।

## आशा पारेख को फाल्के पुरस्कार राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी सम्मानित

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कटी पतंग, मेरा गाँव मेरा देश और लव इन टोक्यो जैसी यादगार फिल्मों में भूमिका निभाने वाली हिंदी रजतपटल की अपने समय की महान अभिनेत्री आशा पारेख को वर्ष 2020 के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पारेख को यह पुरस्कार नयी दिल्ली में 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार वितरण समारोह में 30 सितंबर को प्रदान करेंगी। 52वें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार के निर्णायक मंडल के इस निर्णय की घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा, ÷मुझे यह घोषणा करते हुए सम्मानित महसूस हो रहा है कि दादासाहेब फाल्के चयन जूरी ने आशा पारेख जी को भारतीय सिनेमा में उनके अनुकरणीय जीवन भर के योगदान के लिए मान्यता और पुरस्कार देने का निर्णय लिया है।



ठाकुर ने यह भी घोषणा की कि 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 30 सितंबर को नयी दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे और इसकी अध्यक्षता भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। आशा पारेख ने फिल्मों में अभिनय के अलावा निर्देशक और निर्माता की भूमिका में भी भारतीय सिनेमा को समृद्ध किया। उन्होंने सिनेमा और नृत्यकला प्रेमियों के मन पर एक कुशल भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना के रूप में भी अपनी अमिट डाली है।

## सोनिया से विरोधी गतिविधियों में लिप्त नेताओं को हटाने की मांग

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र कांग्रेस के एक नेता ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कहा है कि प्रदेश में कई नेता पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं इसलिए भारत जोड़ो यात्रा के महाराष्ट्र पहुंचने से पहले इनके विरुद्ध सख्त कदम उठाने की जरूरत है। कांग्रेस नेता विश्ववंधु राय ने गांधी को लिखे पत्र में भारत जोड़ो यात्रा को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा है कि महाराष्ट्र कांग्रेस के कई प्रमुख लोग पार्टी गतिविधियों में लगे हैं इसलिए यात्रा के महाराष्ट्र की सीमा में पहुंचने से पहले इन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता पार्टी के खिलाफ काम कर रहे हैं और उसके दिशानिर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। उनका कहना था कि कांग्रेस को मजबूत करने की बजाए ये नेता पार्टी को कमजोर करने में लगे हैं



उन्होंने महाराष्ट्र अघाड़ी सरकार के बहुमत परीक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कांग्रेस के मंत्रियों और विधायकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की और कहा कि उन्हें तत्काल पार्टी से निकाला जाना चाहिए। उन्होंने समूह 23 के लोगों को भी पार्टी से निष्कासित करने की मांग की। मुंबई कांग्रेस के प्रमुख भाई जगताप द्वारा प्रदेश कांग्रेस के सदस्य बनोन के तरीके पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को प्रभावित करने के मकसद से हुई है।

## क्विक न्यूज

### शाह के जम्मू कश्मीर दौरे से पहले स्थिति की समीक्षा

**श्रीनगर।** केंद्रशासित जम्मू कश्मीर के प्रशासन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पांच अक्तूबर को बारामूला जिले की यात्रा के प्रबंधों की समीक्षा की जहां वह एक जनसभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जम्मू कश्मीर प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना ने कहा कि शाह के चार अक्टूबर को राजौरी जाने की संभावना है। एक आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार, कश्मीर के संभागीय आयुक्त पांडुरंग के पोले ने मंगलवार को बारामूला के शौकत अली स्टेडियम का दौरा किया, जहां गृह मंत्री एक रैली को संबोधित करेंगे। पांडुरंग के साथ पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी भी थे।

### महाकाल कॉरिडोर का नाम होगा महाकाल लोक

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि महाकाल कॉरिडोर का नाम अब महाकाल लोक होगा। चौहान ने आयोजित कैबिनेट की बैठक से पहले अपने सम्बोधन में कहा कि श्री महाकाल परिसर का विस्तार करने की योजना थी। इसके लिए प्रारम्भिक चरण में नागरिकों और मंदिर समिति के सदस्यों से चर्चा कर उनके सुझाव लेकर योजना बनाई गई। एक साल में डीपीआर प्रस्तुत होकर प्रथम चरण के टेंडर 2018 में बुलाए गए। सरकार बदलने के कारण काम सुप्तावस्था में चला गया, लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही इसकी समीक्षा की गई।

## सड़क हादसे में 2 सहेलियों की मौत, 1 युवक घायल



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

मगरलोड में हुए सड़क हादसे में 2 सहेलियों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है। तीनों दोस्त एक ही स्कूटी पर सवार थे। घटना मगरलोड थाना क्षेत्र का है। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे मगरलोड थाने के प्रभारी राजेश जगत ने बताया कि कल देर शाम खैरझिटी स्थित बेलौदी नहर के पास ये हादसा हुआ। क्षमा और भारती नाम की 2 युवतियां एक ही फार्मा कंपनी में काम करती थीं। वे दोनों एक अन्य युवक के साथ स्कूटी से दवा का ऑर्डर लेने मगरलोड की ओर जा रहे थे, लेकिन बीच रास्ते में ही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया। क्षमा और भारती ट्रैक्टर के पहिये में दब गई थीं। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल युवक को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मगरलोड थाना प्रभारी राजेश जगत ने कहा कि दोनों सहेलियों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है। परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

## एनआईए की पीएफआई के कई ठिकानों पर छापेमारी

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और पुलिस ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के देश भर में कई ठिकानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि



छापेमारी के दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। एनआईए द्वारा आज सुबह पीएफआई के दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और कर्नाटक सहित आठ राज्यों में स्थित परिसरों पर छापे मारे। अंतिम सूचना मिलने तक छापेमीर जारी थी। दिल्ली में रोहिणी में छापेमारी की गई। दिल्ली पुलिस ने कहा कि इस 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है। एनआईए और प्रवर्तन निदेशालय ने 22 सितंबर को देश में कई जगहों पर छापेमारी की और 100 से अधिक पीएफआई सदस्यों को गिरफ्तार किया।

### जामिया नगर से पीएफआई से जुड़े 30 से अधिक लोग हिरासत में

दिल्ली के शाहीन बाग और जामिया नगर इलाके में एनआईए, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और स्थानीय पुलिस ने छापेमारी कर 30 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। शाहीनबाग इलाके से शोएब अहमद और एसडीपीआई की नेता शाहीन कौसर को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। शाहीन कौसर पूर्व में एमसीडी चुनाव में भी हिस्सा ले चुकी है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात हुई कार्रवाई में 30 से अधिक राजनीति व पीएफआई के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे लोगों को हिरासत में लिया गया है। लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में न्यू फेंड्स कॉलोनी व जामिया नगर इलाके में धारा 144 लागू होने का आदेश भी जारी किया है। आदेश में कैंडल मार्च निकालने और प्रदर्शन पर रोक लगाई गई है।

## सुरक्षा बलों ने जैश आतंकी को किया ढेर दो नागरिक और एक जवान घायल

एजेंसी ‹ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिराया है। आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान दो नागरिक और एक जवान घायल हो गए। मारा गया दहशतगर्द प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने कुलगाम के बटपोरा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया था। इसी दौरान उनकी आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई।

**जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने चलाई गोलियां-** पुलिस अधिकारी ने कहा कि जैसे ही सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमें संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी तो छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में सुरक्षा बलों के जवानों ने भी गोलियां चलाई। मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। इलाके में तलाशी



अभियान अभी भी जारी है।

### मुठभेड़ में एक जवान और दो नागरिक घायल

इससे पहले सोमवार शाम एक ट्वीट में पुलिस ने कहा कि जारी मुठभेड़ में एक जवान और दो नागरिक घायल हो गए। ट्वीट में कहा गया कि तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस महीने कश्मीर में विभिन्न मुठभेड़ों में 9 आतंकवादी मारे गए हैं।

### खराब हुए फसलों के मुआवजा के नाम पर बीमा कम्पनी किसानों को दे रही 75 पैसे

# बीमा के नाम पर ठगे जा रहे अन्नदाता

गोरेलाल सोनी ‹ डौंडी
www.dailypioneer.com

किसान हितैषी छत्तीसगढ़ सरकार के राज में बीमा के नाम पर ठगे जा रहे अन्नदाता । खराब हुए फसलों के मुआवजा के नाम पर बीमा कम्पनी द्वारा किसानों को 75 पैसे से लेकर 1 से 2 रुपये में बीमा की राशि भुगतान किए गए जिससे वो आश्चर्यचकित है। प्रदेश के अन्नदाता किसान कृषि पर आश्रित हो अपने और अपने परिवार का जीवन यापन करते है, और यही अन्नदाता पूरे भारत को अन्न पहुंचाने सहभागिता राज्य व केंद्र सरकार को पहुंचा रहे है। खेतों में लगाये गए फसलों की बीमा करा नुकसान होने पर फसलों कि बीमा का मुआवजा मिले इसी उम्मीद को लेकर फसलों की बीमा करवाते आ है, जिसके एवज में प्रति हेक्टेयर 750 रुपये की बीमा राशि काट लेते है लेकिन जब किसानों की फसलों का नुकसान होता है तो उन्हें किस तरीके से ठगा जाता है जिसका उदहारण बालोद जिले के डौंडी विकासखंड के



पायनियर खास

कुसुमंटोला गांव में देखने मिल जाएगा जहां इस तरह की ठगी का मामला प्रकाश में आ रहा है। दरअसल कुसुमटोला गांव के सैकड़ों किसानों द्वारा असिंचित एरिया में खेती कर धान की फसल लगाते है और उन्हें डर रहता है कि पानी गिरने पर उनकी फसलों को नुकसान होगा लिहाजा ग्रामीण सोसायटी के माध्यम से फसल बीमा करवाते है जिसके चलते उन्होने बीते वर्ष भी अपना फसल बीमा करवाया अल्प वर्षा के चलते उनकी फसलें आधे से ज्यादा बर्बाद हो गई पर जब फसल बीमा की राशि उनके खातों में आई तो वो भी हैरान रह गए क्योंकि उनको महज 75 पैसे तो किसी को 1 रुपये तो किसी को 2 तो किसी को 3 रुपये फसल बीमा की मुवावजा राशि हाथ लगी यह छत्तीसगढ़ का संभवतः पहला मामला हो सकता है। इस ओर बालोद जिला के आदिवासी विकासखंड डौंडी के किसान बताते है कि फसलों के बीमा नहीं करने के एवज में उनसे हजारों रुपये बीते वर्ष काटे गए है परंतु मुआवजे के नाम पर बीमा कम्पनी ने उन्हें छल कर दिया गया जबकि बीमाकर्ताओं ने हजारों रुपए काट कर महज 1 से 2 रुपये उन्हें थमा दिया जा रहा है। जबकि हमारी आधे से ज्यादा फसलें नुकसान हुई है यदि हमे ऐसे ही बीमा की राशि मिलती रही तो आने वाले समय मे हम बीमा भी नही करा सकेंगे और कराएंगे भी तो कर्ज लेजर बीमा कराने मजबूर होंगे ऐसे में हम कृषको को फायदा ही क्या। वही अब पूरे मामले में जनप्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि बीमा कम्पनी के द्वारा उन्हें कम पैसे दिए गए है उच्च अधिकारियों से चर्चा कर किसानों की हित मे कार्य किया जावेगा।

कुसुमटोला गांव की कृषकों को 75 पैसे व 1 तथा 2 रुपया बीमा राशि मिलने की खबर मीडिया के माध्यम से बात पता चला है कि किसानों को बीमा कम्पनी के द्वारा किस हिसाब से पैसा दिया गया है जिसके तहत निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। किसानों को आगे दिक्क त न हो इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा। बीमा कंपनी के कर्ताधर्ताओं की यदि इस ओर लापरवाही सामने आई तो उन पर नियमतः कानूनी कार्यवाही की जावेगी व दोषी पाए जाने पर किसी को भी कानून नियम तहत बख्शा नहीं जाएगा।

**मनोज मरकाम**
**एसडीएम**

## अंकिता के लिए राहुल का प्रदर्शन औरैया की घटना पर प्रियंका का रोष

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन किया जबकि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के औरैया में दलित छात्र की हत्या को लेकर रोष जताया है। भारत जोड़ो यात्रा में केरल में गांधी के साथ प्रदर्शनकारियों के हाथों में तख्तियां थीं जिन पर 'भाजपा से बेटी बचाओ अंकिता को न्याय दो, भारत की महिलाओं के साथ न्याय करो जैसे नारे लिखे हुए थे।

गांधी ने ट्वीट किया प्रधानमंत्री का नारा - बेटी बचाओ, भाजपा के कर्म - बलात्कारी बचाओ ये भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं जिनकी विरासत होगी- सिर्फ़ भाषण, झूठे और खोखले भाषण। इनका शासन तो अपराधियों को समर्पित है। अब भारत चुप नहीं बैठेगा। वाड्रा ने कहा




कि उत्तर प्रदेश के औरैया में एक दलित छात्र की पिटाई के बाद मृत्यु की घटना निंदनीय है। 19 दिन तक छात्र जिंदगी व मौत के बीच जंग लड़ता रहा, लेकिन पुलिस दोषी व्यक्ति को पकड़ न सकी। ये इस तरह की पहली घटना नहीं है। आखिर कब तक फौरी कार्रवाई करने की बजाय सरकार की कानून व्यवस्था लचर बनकर काम करेगी।

### मलप्पुरम से भारत जोड़ो यात्रा शुरू

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो' यात्रा के 20 वें दिन इस जिले के पुलमंथोल जंक्शन से शुरू हुयी। यात्रा में गांधी के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग और पार्टी के कार्यकर्ता चल रहे है।

# आंगनबाड़ी कर्मियों के अधिवेशन में निर्णायक संघर्ष करने का ऐलान

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ नई दिल्ली व भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ छत्तीसगढ़ का एक दिवसीय त्रैवार्षिक प्रादेशिक अधिवेशन बैकुंठपुर में संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेशभर के सभी संभागो से आई प्रमुख प्रतिनिधि बहनों ने राज्य सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुये कहा कि चुनाव पूर्व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को न्यूनतम वेतन देने के संकल्प की घोषणा करने वाली वर्तमान राज्य सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से किये गये इस वायदे को भूल गई है, जिससे अब आंगनबाड़ी कर्मचारियों के समक्ष निर्णायक आंदोलन करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा। अधिवेशन में पारित प्रस्ताव में सरकार को चेतावनी देते हुए कहा गया कि न्यूनतम राशि देने के वायदे को तत्काल पूरा करे अन्यथा प्रदेशभर में जंगी आंदोलन छेड़ दिया जायेगा।

अधिवेशन की कार्यवाही का ब्यौरा प्रेस को जारी करते हुये भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने बताया कि अधिवेशन का उद्घाटन भामसं की प्रदेश अध्यक्षा शोभा सिंहदेव ने किया और कहा कि प्रदेश में आंगनबाड़ी बहनों का व्यापक पैमाने पर शोषण हो रहा है, समय पर न तो वेतन का भुगतान हो पा रहा है और न ही अन्य जरूरी मदों की राशि ही दी जाती है। ऊपर से कार्य का इतना बोझ सरकार ने डाल रखा है कि बहनों की स्थिति दिन-प्रतिदिन दिहाड़ी मजदूरों से भी बद्तर हो गई है। अधिवेशन में संगठन सत्र व आंदोलन सत्र में व्यापक विचार-विमर्श होकर जहां संगठन विस्तार की योजना बनी वहीं आंदोलन की रणनीति को भी अंतिम रूप दिया गया।

अधिवेशन के समापन सत्र में छत्तीसगढ़ उद्योग प्रभारी और मजदूर नेता राधेश्याम जायसवाल ने आंगनबाड़ी बहनों के आंदोलनो का जिक्र करते हुए कहा कि बहनें सतत संघर्ष करते हुये अभी इस मुकाम पर पहुंची है, किन्तु अभी भी लंबे संघर्ष की आवश्यकता है ताकि उन्हे सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिलने सहित अन्य मांगे पूरी हो सके। इसके लिये अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ का नेतृत्व ही सबसे सफल है क्योंकि इस संगठन का कार्य देशभर के सभी राज्यों में है। उन्होने छत्तीसगढ़ प्रदेश में कथिपय छुटभैये संगठनो की चर्चा करते हुए कहा कि इनका उद्देश्य केवल बहनों के मध्य चंदा एकत्रित कर उसे डकारने का काम रह गया है। अधिवेशन में चुनाव सत्र भी हुआ, जिसमें आगामी तीन वर्षो के लिये नई कार्यसमिति का गठन किया गया, जिसमें भिलाई की गुरमीत कौर को प्रदेश अध्यक्ष, सूरजपुर की सुमनमती केराम को कार्यकारी अध्यक्ष तथा कोरिया जिले की संतोषी राजवाड़े को प्रदेश महामंत्री का दायित्व दिया गया। अधिवेशन में चुने गये अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष सोनिया मरावी कबीरधाम, फुलेश्वरी साहू बालोद, मीना सोनी कोरबा, रेणु गुप्ता कुसमी बलरामपुर, का नाम शामिल है। इसी तरह संयुक्त महामंत्री का दायित्व अंजली पटेल कोरबा को दिया गया जबकि मंत्री पद पर श्रीमती टेकेश्वरी कुंवर रायगढ़, माधुरी एच बालोद, रमा सिंह बैकुंठपुर, धनमेत सिंह कुशराम सूरजपुर कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी चंदा राजवाड़े तथा कार्यालय मंत्री बबीता साहू दुर्ग को बनाया गया। इसी प्रकार कार्यसमिति में फुलासो एक्का, श्यामा यादव, मिथलेश विश्वकर्मा, हेमीन भगत, करमखलको, चित्ररेखा गणवीर, रामकली मरकाम तथा श्रीमती हेमलता कंवर का निर्वाचन संपन्न हुआ। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# तलवार लहराकर भयभीत करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




तलवार लहराकर भयभीत करने वाले आरोपी को चाम्पा पुलिस ने किया गिरफ्तार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक रिमाण्ड में आरोपी के कब्जे से तलवार किया गया बरामद आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत की गई कार्यवाही। अग्रेसन चौक के पास मित्तल गली में कृष्णा गायकवाड़ एक लोहे की तलवार हाथ में लेकर लोगों को डरा धमका कर भयभीत करने की सूचना प्राप्त होने पर थाना चांपा पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर जाकर देखा तो आरोपी हाथ में तलवार लेकर लहराते हुए लोगों को डरा धमका कर आतंकित करते मिला जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया । आरोपी कृष्णा गायकवाड को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लोहे का तलवार बरामद कर आरोपी के विरूध पाना चापा में धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया गया ।

आरोपी कृष्णा गायकवाड़ उम्र 36 वर्ष निवासी मित्तल गली अग्रेसन चौक कोरबा रोड चाम्पा को दिनांक 27.09.22 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया । आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक मनीष सिंह परिहार , प्र.आर. राकेश तिवारी , आर . धर्मेंद तिवारी एवं श्रीकांत सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## मिनीमाता कॉलेज में साहित्य परिषद का गठन



**बलौदाबाजार।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, बलौदाबाजार के हिन्दी विभाग साहित्य परिषद का गठन 26/09/2022 को किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय के निर्देशानुसार हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता त्यागी की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कु. सारिका मनहरे अध्यक्ष चुनी गईं। उपाध्यक्ष कु. शेखा साहू, सचिव कु. दुर्गेश पैकरा तथा साहित्यिक गतिविधि के लिये कु. रूपा साहू एवं सांस्कृतिक प्रतिनिधि के रूप में कु. सीमा मानिकपूरी का चयन हुआ। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में कु. दामिनी, कु. दुर्गा वर्मा, कु. इन्द्राणी व कु. आकांछा का मनोनयन हुआ। इस प्रक्रिया में हिंदी की प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की समस्त छात्रायें उपस्थित थी। अतिथि विद्वान डॉ. मंजू अग्रवाल ने सभी छात्राओं को शुभकामनायें दी। उन्हें अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने को कहा।

# मुफ्त वैक्सीन के लिए अब केवल 3 दिन शेष

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल ने अधिकारियों की बैठक लेकर 30 सितम्बर के पूर्व पात्र लोगों को अधिक से अधिक टीका लगवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुफ्त वैक्सीन के लिए केवल 3 दिन शेष हैं। 30 सितम्बर के बाद निःशुल्क टीका की सुविधा खत्म हो जाएगी। इसके बाद लोगों को पैसे देकर अस्पतालो में टीके लगवाने पड़ेंगे। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना संक्रमण की चुनौती अभी खत्म नहीं हुई है। कोरोना के नए मामले अभी भी आ रहे हैं। कोविड से बचाव का एकमात्र उपाय टीकाकरण ही है। कलेक्टर ने टीकाकरण मुहिम की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। जिले में अभी लगभग औसतन 1200 लोगों को ही टीका लग रहा है। कलेक्टर ने अभियान के बारे में सोशल मीडिया,फ्लेक्स एवं अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने कहा। मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस अभियान से जोड़ते हुए घर-घर संपर्क करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिले में प्रथम डोज 10 लाख 5 हजार 812 लोगों को, सेकेण्ड डोज 8 लाख 45 हजार 431 लोगों को एवं बूस्टर डोज 1 लाख 56 हजार 639 लोगों को अब तक लगाया जा चुका है।

**कलेक्टर ने टीका लगवाने की लोगों से की अपील -** कलेक्टर रजत बंसल ने जिले के नागरिकों से अपील है कि मुफ्त कोविड टीका की सुविधा केवल 30 सितम्बर तक है। इस अवधि में बूस्टर डोज के छूटे हुए पात्र नागरिक अवश्य अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्रों में टीका लगवा लें।

# ग्राम चिखली में आनापान ध्यान शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राजहरा के निकट के ग्राम चिखली में एक दिवसीय आनापान ध्यान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। वर्तमान भाग दौड़ के इस युग में बच्चे अपना संतुलन खो रहे हैं। बच्चों के मन में पढ़ाई के प्रति मोहभंग हो गया है। बच्चे मोबाइल और आधुनिक साधना में व्यस्त हो गए हैं। बच्चों को इन दुष्प्रभाव से बचाने के लिए विश्यता ध्यान साधना शिविर दल्ली राजहरा के द्वारा समीप ग्राम चिखली में एक दिवसीय ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें 20 बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। शिविर का संचालन बाल शिविर शिक्षक बी एल बौद्ध एवं बीएल साहू ने किया। धम्म सेवा बीएल रामटेके एवं रंजीत रामटेके ने प्रदान की । शिविर समापन मंगल मैत्री के साथ हुआ। शील, सदाचार पूर्ण चरित्र का निर्माण बाल्यावस्था से हो वह तो बेहतर है। शपथ ध्यान साधना को पूर्ण कड़ी अपनापन ध्यान साधना से यह संभव है । शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग व्यायाम आवश्यक है । वैसे ही भय क्रोध बेचैनी व्याकुलता आदि मैं लिप्त मन को निर्मल करने के लिए विशिष्ट वैज्ञानिक विधि आना -पान का अभ्यास कराया जाता है। श्वास का अंदर जाना श्वास का बाहर जाना यही आना पान है।इसके प्रति जागरूक रह कर सहानुभूति पूर्वक जानकारी बनाए रखना ही आना- पान कहलाता है। विशेषकर बच्चे अनेक तनाव से मुक्त होकर अपनी पढ़ाई लिखाई के कार्यो को सुगमता से कर सकें एवं जीवन में शील, सदाचार का जीवन जीते हुए देश निर्माण में अपना योगदान दे सकें। शिविर में गौरव कुमार निषाद, ऋषभ रामटेके, देव साहू, दीपांशु, मोहित कुमार ,युगल कुमार डोमेश कुमार, नमन कुमारी, तान्या, प्रिया, जागृति, संध्या, सोनम रावटे आदि ने भाग लिया। मन की एकाग्रता प्राप्ति चरित्र निर्माण में आनापान का योगदान मन को जागरूक रखने की उपरोक्त उपरोक्त विधि जानकारी व शिविर का संचालन समिति के अध्यक्ष श्री बी एल बौद्ध के द्वारा दी गई।



**रायपुर।** श्री श्री कला मंदिर दुर्गा पूजा समिति स्टेशन रोड लोधी पारा गली न. 1 में विराजी मां दुर्गा।



**तिल्दा नेवरा।** सत्ती दाई दुर्गोत्सव समिति बिलाड़ी।

## लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश

**मुंगेली।** कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय और तहसील कार्यालय मुंगेली का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यलय में संधारित सभी राजस्व पंजियों का अवलोकन किया और लंबित राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपनी समस्या लेकर कार्यलय पहुंचे आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। आमजनों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बार-बार कार्यलय का चक्कर लगाना न पड़े। कलेक्टर ने कार्यालय में विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया और संधारित पंजीयो व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों और प्राकृतिक आपदा में मृत व्यक्तियों के परिजनों को राजस्व परिपत्र 6-4 के तहत अनुदान राशि मिलने की भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

# शिरोमणि माथुर की नई पुस्तक मेरा दल्लीराजहरा का विमोचन करेंगी मंत्री अनिला भेंडिया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में स्थित अनुपम प्राकृतिक वादियों, झरनों के साथ साथ खनिज संसाधनों से परिपूर्ण विश्वविख्यात लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा की धरा की गौरवगाथा को नए सिरे पर रेखांकित करने की सम्पूर्ण सामर्थ्य रखने वाली वरिष्ठ लेखिका श्रीमती शिरोमणि माथुर की पुस्तक 'मेरा दल्ली राजहरा' का विमोचन 28 सितंबर को अपरान्ह 03 बजे माथुर सिनेप्लेक्स दल्लीराजहरा में महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया करेंगी।



कार्यक्रम में विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज मंडावी, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, पद्मश्री जेएम नेल्सन, मुख्य महाप्रबंधक माइंस समीर स्वरूप विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हस्ताक्षर साहित्य समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह करेंगे।

सामाजिक, साहित्यिक क्षेत्र में सक्रियता के साथ ही राजनीति के माध्यम से जनसेवा के दायरे को विस्तार देने वाली शिरोमणि माथुर ने वर्षों तक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। क्षेत्रीय विधायक तथा कैबिनेट मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया के साथ वे क्षेत्र की सेवा में सहयोगी की भूमिका निभा रही हैं। मंत्री श्रीमती भेंडिया और उनके परिवार का दल्ली की धरती से गहरा संबंध है। वे दल्ली के विकास को विशेष अहमियत देती हैं। दल्ली उनके लिए परिवार है। इसी तरह शिरोमणि माथुर ने राजनीति को कभी जनसरोकार के आड़े नहीं आने दिया। वे राजनीति को सेवा के मंच के रूप में देखती हैं और उनका हमेशा यही सिद्धांत रहा है कि राजनीतिक प्रतिबद्धता केवल राजनीतिक विषयों तक होनी चाहिए। जनसेवा के काम में राजनीति का ध्येय सिर्फ जनसेवा है। इसलिए शिरोमणि माथुर एक राजनीतिक दल की समर्पित नेता होने के बावजूद राजनीति से परे हैं और उनका सभी विचारधारा के लोगों के बीच आत्मीय सम्मान है। राजहरा के समाजसेवी आलोक माथुर के असमय अवसान से व्यथित मां शिरोमणि माथुर ने 'अर्पण' पुस्तक लिखकर पुत्र आलोक की स्मृति को वात्सल्य दिया था। अब उन्होंने अपनी छोटी बहू अनामिका की स्मृति में 'मेरा दल्ली राजहरा' पुस्तक दल्ली के उन सभी वीरों को समर्पित की है, जिनके खून पसीने से दल्ली की धरती दुनिया को लोहा दे रही है और सारी दुनिया दल्लीराजहरा का लोहा मान लिया है।

# मंदिरों में लगा भक्तों का तांता



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

नवरात्रि पर मा महामाया सहित अन्य देवी मंदिरों मे घट स्थापना के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। इस दौरान मंदिरों में पट खुलने से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इसी नगर मे विभिन्न समितियों द्वारा जगत जननी माँ दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित किया गया। नगर के प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण एवम तालाब के समीप मे इस वर्ष भव्य पंडाल बनाया गया है, साथ ही माँ दुर्गा की विशाल मूर्ति की स्थापना की गयी है। नवरात्रि की प्रथम दिवस विभिन्न श्रद्धालूओ द्वारा मनोकामना ज्योति कलश के लिए कटवाये गये रसीद के अनुसार ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया।

शारदीय क्वाँर नवरात्रि पर इस वर्ष नगर के माँ सिध्देश्वरीमहामाया मंदिर में 09 घृत एवम 351 तेल ज्योति कलश प्रज्जवलित हो रहे हैं। मंदिरों में माता का विशेष साज सज्जा श्रृंगार के बाद विधि विधान से पूजन अर्चना आरती उपरांत पूरे वैदिक मंत्रोच्चारन् के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किये गए।

# बिना अनुज्ञप्ति के सब्जी बीज का व्यापार करने वाले 2 व्यवसायी को नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर के निर्देश पर उद्यान विभाग द्वारा बिना अनुज्ञप्ति के सब्जी बीज का व्यापार करने वाले के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में बिना अनुज्ञप्ति के सब्जी बीज का व्यापार करने वाले सूरज बीज भंडार रायपुर रोड मुंगेली और ओम कृषि केन्द्र पण्डरिया रोड मुंगेली को 07 दिवस के भीतर बीज अनुज्ञप्ति बनवाने के लिए नोटिस जारी किया गया है। उद्यान विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि विगत दिनों जिला बीज निरीक्षक एवं वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी रणवीर सिंह नरवरिया द्वारा विकासखण्ड मुंगेली अंतर्गत सब्जी बीजों के विक्रय व व्यापार कर रहे बीज अनुज्ञप्ति धारियों के यहां निरीक्षण किया गया तथा ऐसे व्यापारी जो बिना बीज अनुज्ञप्ति के सब्जी बीजों का व्यापार कर रहे हैं, उनके विरूद्ध बीज अधिनियम 1966, बीज नियम 1968 तथा बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत कार्यवाही की गई।

# तोड़फोड़ की कार्रवाई का भाजपा ने विरोध जताया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



नगर में निकट त्यौहार के समय चल रहे तोड़फोड़ की कार्यवाही की कार्यवाही तथा पं दीनदयाल उपाध्याय सभा मंच व प्रथम स्वतंत्रता दिवस के साक्षी गोलबाजार चैक के ध्वज पेडस्टल को तोड़ने से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ता विधायक पुन्नूलाल मोहले के नेतृत्व में कलेक्टर से मिलकर विरोध दर्ज करा,पं दीनदयाल उपाध्याय सभा मंच पुनः बनाने की मांग तथा नहीं बनने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञातव्य है कि नवरात्रि, दशहरा व दीपावली त्योहार नजदीक होने के बावजूद नगर के मध्य महावीर स्वामी चैक गोलबाजार से परमेश्वरी चैक तथा इंदिरा चौक बड़ाबाजार तक व्यापारियों के अतिक्रमण प्रशासन द्वारा जेसीबी से तोड़ दिया गया। इस तोड़फोड़ की कार्यवाही को अंजाम देते हुए अतिउत्साह में नगर पालिका व एसडीएम द्वारा वर्षो से स्थापित पं दीनदयाल उपाध्याय सभा मंच जिस पर हुए अनेक विख्यात हस्तियों के कार्यक्रम की साक्षी नगर की जनता है उसे तोड़ दिया गया। भाजपा के पितृ पुरुष पं दीनदयाल उपाध्याय सभामंच को तोड़ने से कार्यकर्ताओं और जनता की भावनाओं को ठेस पहुंची। विधायक पुन्नूलाल मोहले व प्रतिनिधि मंडल ने एक सप्ताह में पुनः उक्त स्थल पर पं दीनदयाल उपाध्याय सभामंच बनाने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

# प्रथम ब्लाक स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य रोग निदान एवं चिकित्सा शिविर



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

गायत्री मंदिर परिसर पलारी में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य एवंज न जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के सर्वांगिन विकास में बेहतर स्वास्थ्य एक अहम बिन्दु है। प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा एवं रोगी व्यक्ति के रोग निवारण हेतु जागरूकता शिविर एवं विभिन्न नये बीमारियॉ तथा पुरानी बीमारियों जैसे सर्दी, खॉसी, उल्टी, दस्त, बुखार, गैस, खुजली, वातरोग, उदररोग, श्वास, चर्मरोग, वृद्धावस्था जन्य रोग की चिकित्सा शिविर में ईलाज किया गया।

शिविर में ब्लड शुगर की निःशुल्क जॉच सुविधा भी उपलब्ध की गई है। शिविर में कुल 365 रोगियों का ईलाज किया गया है। शिविर प्रभारी डॉ. उत्तरा खंडेल, व डॉ. देवेन्द्र कुमार भैना, डॉ. रजनी ध्रुव, विनोद कुर्रे, किशन कुमार साहू, द्वारका प्रसाद पैकरा, सुरेन्द्र कुमार पैकरा, तिलक राम खुंटे, सम्मेलाल धृतलहरे आदि अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थें।

# राजीव युवा मितान क्लब से गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना हो रही साकार : लखमा

■ सुकमा मिनी स्टेडियम में आयोजित हुआ जिला स्तरीय राजीव युवा मितान सम्मेलन




पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

मंगलवार को सुकमा जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय राजीव युवा मितान क्लब का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने युवाशक्ति पर भरोसा दिखाया है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण क्षेत्र में बदलाव दिख रहा है। जहां नई पीढ़ी को सामाजिक जिम्मेदारियां के प्रति जागरूक कर, मुख्यधारा से जोड़कर समाज को बेहतर बनाने की दिशा में सफल प्रयास किया जा रहा है । इन युवा क्लब द्वारा हर छोटी बड़ी क्रिया जो समाज हित में है जैसे वृक्षारोपण, आपदा के समय राहत पहुंचाना, शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने हितग्राहियों का चयन करने, स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने, कुपोषण को दूर करने, जल और पर्यावरण का संरक्षण करने, रोजगारमूलक योजनाओं से युवाओं को जोड़ने, संस्कृति और परंपरा का संरक्षण आदि कार्य इन युवाओं की जिम्मेदारी है। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवाओं को आर्थिक रुप से सहायता मिलेगी, जिससे वे इस कार्य के लिए दूसरे युवाओं को भी आसानी से जोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा की शासन द्वारा आदिवासियों के हित में नीतियां बनाई जा रही है, जल जंगल जमीन का पट्टा दिया जा रहा है, ग्रामीण आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने महिलाओं, युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। पोटकपल्ली जैसे अंदरूनी गांव में बिजली पहुंचाई है।

**36 हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान राशि की प्रदान-** कार्यक्रम में उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने सुकमा, गोंगला, बुड़दी, चिंगावरम और निलावरम के कमजोर आर्थिक स्थिति वाले 20 हितग्रहियों को 10-10 हजार रुपए की स्वेच्छानुदान राशि प्रदान की। उन्होंने बताया कि सुकमा जिले के युवकों को रोजगार से जोड़ने के लिए शासन द्वारा बस्तर संभाग में विशेष कनिष्ठ कर्मचारी बोर्ड के माध्यम से विभिन्न पदों पर स्थानीय युवक युवतियों की भर्ती की जा रही है। जिले में शिक्षकों की कमी को देखते हुए जल्द ही शासन स्तर से व्यापम द्वारा और संभाग स्तर से जिले में शिक्षकों की भर्ती की जायेगी। उन्होंने छिंदगढ़ ब्लॉक के ग्राम किंदरवाड़ा में सांस्कृतिक भवन के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही किंदरवाडा और कोयाबेकुर के नर्तक दलों को 25 हजार का पारितोषिक प्रदान किया।

### युवा साथी, क्षेत्र प्रदेश को नई दिशा देने में सक्षम : बेंजाम

विधायक राजमन बेंजाम ने राजीव युवा मितान क्लब की पृष्ठभूमि और उसके उद्देश्य बताते हुए, विगत दिवसों कोंटा क्षेत्र में आई बाढ़ में राहत कार्य के लिए राजीव युवा मितान क्लब के साथियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवा साथी वो पूंजी है, जो किसी क्षेत्र, प्रदेश को दिशा दे सकती हैं। युवाओं को समाज के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सही दिशा देते हुए समाजिक दायित्वों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। युवा मितान क्लब के युवाओं से मरान भूमि में की जा रही कृषि, जिनका पंजीयन अभी तक नही हुआ है, ऐसे कृषकों का पंजीयन में सहयोग करने की अपील की।

### शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार, गांव क्षेत्र का विकास में अपना सहयोग दे युवा : मंडावी

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब की बदौलत युवाओं की भूमिका शासकीय योजनाओं के ि यान्वयन में बढ़ी है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासन में युवाओं को विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर उनका बौद्धिक, आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा रहा है। इन क्लब को साल भर में 25-25 हजार की चार किश्त प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा की युवा साथी गांव के विकास के साथ ही शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार, शासकीय योजनाओं के लाभ लेने में यदि ग्रामीणों को कोई समस्या हो, तो उसका भी निदान करने में अपना सहयोग प्रदान करें।

### रोजगार मूलक गतिविधियों से जोड़कर युवाओं को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर : हरीश

जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नेतृत्व में विभिन्न रोजगार मूलक योजनाओं से जोड़कर ग्रामीण युवाओं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। राजीव युवा मितान क्लब इसी दिशा में सफल प्रयास है। जिसके माध्यम से गांव के विकास में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। हम सबको चाहिए की अधिक से अधिक युवाओं को प्रेरित कर राजीव युवा मितान क्लब से जोड़े। गांव और युवा मजबूत होगा तब प्रदेश मजबूत होगा और देश मजबूत बनेगा। इस अवसर पर बीजापुर जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर पोडियामी, सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ साहू सहित समस्त जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# 8 लाख के ईनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

## आत्मसमर्पण कराने में 30 वीं वाहिनी बीएसएफ का महत्वपूर्ण रहा योगदान




पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

सुन्दरराज पी. (भा.पु.से) पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर, बालाजी राव (भा.पु.से) पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर, संजय शर्मा उप महानिरीक्षक बीएसएफ सेक्टर कांकेर के मार्गदर्शन, शलभ कुमार सिन्हा (भा.पु.से) पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन में नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे, नक्सल उन्मुलन अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुआ। शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों के खोखली विचारधारा, उनके शोषण, अत्याचार,हिंसा से तंग आकर सी. पी. आई.माओवादी संगठन अंतर्गत प्रतिबंधित माओवादी संगठन माड़ डिवीजन अंतर्गत सक्रिय कंपनी नंबर-7 (सीसी प्रोटेक्शन कंपनी) सदस्य महिपाल आंचला उर्फ कार्तिक उर्फ राकेश उर्फ विश्वा उर्फ विनय पिता स्व. सूक्कू राम आंचला उम्र 34 वर्ष साकिन ग्राम जुंगड़ा थाना कोयलीबेड़ा जिला कांकेर जो नक्सली संगठन में वर्ष 2008 से सक्रिय है। आज 27 सितंबर को शलभ कुमार सिन्हा पुलिस अधीक्षक कांकेर के समक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर के सभागृह में आत्मसमर्पण किया। उक्त आत्मसमर्पित नक्सली को आत्मसमपर्ण कराने में 30 वीं वाहिनी बीएसएफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आत्मसमर्पित नक्सली को प्रोत्साहन राशि 10 हजार रूपये नगद प्रदान किया गया एवं शासन से प्राप्त सहायता नियमानुसार प्रदाय की जावेगी।

इस अवसर पर डॉ. अनुराग झा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कांकेर, अमरनाथ सिदार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंतागढ, प्रशांत चतुर्वेदी एसी ऑप्स बीएसएफ सेक्टर कांकेर उपस्थित थे।

### आत्मसमर्पित नक्सली महिपाल आंचला इन नक्सली गतिविधियों पर था शामिल

नक्सली संगठन के माड़/उत्तर बस्तर संयुक्त डिवीजन कमांड इन चीफ नागेश द्वारा वर्ष 2008 भर्ती किया गया। वर्ष 2008 से 2010 तक कोयलीबेड़ा क्षेत्र में सक्रिय नक्सली कमांडर नागेश के दलम में कार्य किया। वर्ष 2010 में बेसिक कम्युनिष्ट ट्रेनिंग स्कूल में 06 माह तक पढ़ाई किया उसके उपरांत वर्ष 2011 से 2012 तक बेसिक कम्युनिष्ट ट्रेनिंग स्कूल पार्टी के साथ माड़ क्षेत्र में भ्रमण करता रहा। वर्ष 2012 में माड़ क्षेत्र अंतर्गत कंपनी नंबर-07 (सीसी प्रोटेक्शन कंपनी) में भेज दिये जहां कंपनी का सक्रिय सदस्य रहकर नक्सली आनंद के साथ कम्प्यूटर ऑपरेटर का कार्य करता रहा। अगस्त 2022 में नक्सल संगठन को छोड़कर घर आ गया।

# प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को सियान जतन क्लिनिक का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जो हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के रूप भी में संचालित हैं, इन स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को सियान जतन क्लिनिक का आयोजन किया जाकर वयोवृद्धों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके ने जिले के सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सियान जतन क्लिनिक के तहत् समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में 60 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों का वयोवृद्ध कार्ड बनाया जावे। ऐसे सभी वयोवृद्ध जिन्हें पूर्व में जॉच कर दृष्टिदोष पाया गया है, उन्हें चश्मा वितरण किया जावे। समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में योगा कराया जावे, दंत रोग से संबंधित मरीजों को उपचार प्रदान किया जावे, जरूरतमंद वयोवृद्ध को वॉकिंग स्टीक का वितरण किया जावे तथा वयोवृद्धजनों की आवश्यकतानुसार चिकित्सा विशेषज्ञों को बुलाकर शिविर आयोजित किया जावे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके ने अधिक से अधिक हितग्राहियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए मितानिन, महिला आरोग्य समिति, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इत्यादि का सहयोग लेने के लिए निर्देशित किया है।

# एनसीसी कैडेट, स्काउट गाइड एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने सड़क जागरूकता कार्यक्रम में लिया हिस्सा

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

पुलिस मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार बीजापुर के एनसीसी कैडेट, स्काउट गाईड एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात सुगमता एवं सड़क जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिये। यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक संजय सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय बीजापुर के 07 चिन्हित स्थानों पर यातायात पुलिस के साथ बच्चों ने यातायात सुगमता एवं जागरूकता हेतु हाथों में तख्ती लेकर बड़ी मुस्तैदी से अपने कार्य को अंजाम दिया। इस दौरान बच्चों द्वारा यातायात नियमों को पालन करते हुये दुपहिया एवं चार पहिया वाहन चलाने वालों का गुलदस्ता भेंठ का सम्मानित किया वही बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट एवं तीन सवारी वाहन चलाने वालो को भी गुलदस्ता भेंठ कर यातायात नियमों को पालन करने हेतु तख्ती में लिखे संदेश को दिखाया । बच्चों के द्वारा बड़ी ही रूची पूर्ण ढंग से अपने इस दायित्वों को निभाया, बच्चों के इस कार्य की सराहना भी लोगो से मिली । इस कार्य हेतु एनसीसी कैडेट, स्काउट गाईड एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल के 60 बच्चों ने हिस्सा लिया ।




# कालिका महोत्सव में, नाचते गाते एवं जय मां काली की गूंज के साथ किया गया स्वागत

**कांकेर।** नगर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक वार्ड देवभूमि राजापारा में शारदीय नवरात्र का शुभारंभ धूमधाम से नाचते गाते एवं जय माँ काली की गुंज के साथ किया, जिसमें कालिका समितिज के सदस्यों के साथ वार्ड के महिला और युवतियों की सहभागिता सबसे ज्यादा रही। पार्षद आंनद चौरसिया ने बताया कि यह एक ऐतिहासिक शोभायात्रा है जिसमें वार्ड के सभी वर्ग ने हिस्सा लिया है लगभग 200 की संख्या में लोग उपस्थित हुए है, और शोभायात्रा का स्वागत पूरा कांकेर शहर ने किया और सभी ने शुभकामनायें भी दी, समिति से सभी सदस्यों का मै धन्यवाद देता हुँ, उनकी सोच सबसे आगे है समिति के सभी सदस्यों के कड़ी मेहनत का फल है। कालिका समिति के मिडिया प्रभारी ने बताया कि माता की स्थापना होने के बाद प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम इस मंच से संचालित होंगे। जिसमें हम सभी वर्गो के लिए शारिरिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक, माता सेवा इत्यादि कार्यक्रम आयोजित करते है। नवरात्र के दूसरे दिन 27 सितम्बर मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता एवं गरबा का आयोजन राजापारा में माता जी के प्रांगण में किया गया है।

# श्री राघव मंदिर में मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना



पायनियर संवाददाता ➤ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

बैलाडीला देवस्थान श्री राघव मन्दिर में नवरात्रि पर्व के द्वितीय दिवस आश्विन शुक्ल द्वितीया तिथि को माँ नवदुर्गा के द्वितीय स्वरूप माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की गई। प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल ने बताया कि ब्रह्म का मतलब होता है तपस्या और चारिणी मतलब होता है आचरण करना। मान्यता के अनुसार, मां ब्रह्मचारिणी ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी. यही वजह है कि उनका नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा। मां ब्रह्मचारिणी के दाएं हाथ में माला है और देवी ने बाएं हाथ में कमंडल धारण किया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो साधक विधि विधान से देवी के इस स्वरूप की पूजा अर्चना करता है, उसकी कुंडलिनी शक्ति जाग्रत हो जाती है। देवी ब्रह्मचारिणी का स्वरूप ज्योर्तिमय है। ये मां दुर्गा की नौ शक्तियों में से दूसरी शक्ति हैं। तपश्चारिणी, अपर्णा और उमा इनके अन्य नाम हैं।

# गोधन न्याय योजना में लापरवाही के लिए ग्राम पंचायत बुडरा सचिव को किया गया निलंबित

**कोण्डागांव।** सोमवार को जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोण्डागांव द्वारा जनपद पंचायत माकड़ी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बुडरा के सचिव सुकरत नेताम को गोधन न्याय योजना के अंतर्गत लापरवाही पूर्वक एंट्री करने हेतु निलंबित कर दिया गया है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत बुडरा के सचिव द्वारा गोधन न्याय योजना के पोर्टल में लापरवाही पूर्वक एंट्री करते हुए उत्पादित 47 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट को ऑनलाइन पोर्टल में एंट्री के दौरान त्रुटि कर 10448 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट उत्पादन एंट्री किया गया था। जिसे छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना में जानकारी त्रुटिपूर्ण कर लापरवाही बरतने के फलस्वरुप छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 नियम 4 के तहत कार्यवाही करते हुए बुडरा सचिव सुकरत नेताम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ द्वारा जनपद पंचायत माकड़ी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है।

# डीएमफ मद की राशि का इस्तेमाल सिर्फ खनन प्रभावित जिले में हो : चैतराम अटामी

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



डीएमफ मद की राशि खनन प्रभावित जिलों के साथ ही नवगठित जिलों मे प्राथमिकता से की जायेगी आवंटित ऐसा निर्णय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा हाल ही में आयोजित समिति की बैठक मे लिया गया है जिसको लेकर भाजपा दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा है की भाजपा हमेशा से डीएमफ मद की राशि का इस्तेमाल खनन प्रभावित जिले के विकास हेतु हो ये सुनिश्चित करने हमेशा करती आयी है, दंतेवाड़ा जिले में भी खनन के कारण लाल पानी से प्रभावित छेत्रो के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल तथा रोजगार मुहैय्या करवाने की प्राथमिकता डीएमफ मद से होनी चाहिए। जिले के समूचे विकास पर अब स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े उपकरणों की खरीदी में भी इस मद का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा ऐसा निर्णय समिति ने लिया है लेकिन स्वामी आत्मानंद विद्यालय हेतु इस मद का उपयोग किया जायेगा ये समझ से परे है,स्कूलों में उपकरणों की खरीदी में भी भेदभाव कर रही है कांग्रेस सरकार और नवगठित जिलों के लिये भी डीएमफ मद की राशि खर्च की जायेगी ऐसे निर्णय से खनन प्रभावित जिले के विकास पर असर पड़ेगा दरअसल भूपेश बघेल आज साढ़े तीन साल बाद डीएमफ मद को लेकर निर्णय ले रहे है जबकि केंद्र सरकार ने हस्तछेप कर डीएमफ का अध्यक्ष कलेक्टर को यथावत रखने हेतु भी आदेश किया ताकि इस मद का दुरूपयोग न हो सके तो साढ़े तीन साल तक डीएमफ मद के पैसे में हुए बंदरबाँट का हिसाब जनता को कांग्रेस सरकार को देना चाहिए।

### वीआईपी दर्शन के वजह से गरीबों के व्यवसाय नहीं होने चाहिए प्रभावित : चैतराम अटामी

वीआईपी दर्शन की सुविधा अब दंतेवाड़ा की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी जी के मंदिर में भी भक्त ो को मिल रही है जिला प्रशासन ने इस नवरात्री पर ये व्यवस्था आरम्भ की है लेकिन इससे जो नवरात्री में मंदिर परिसर के आसपास अपना पेट पालने हेतु दुकान लगा कर जीवन व्यापन करते है उनकी दिक्क ते बढ़ गयी है। भाजपा जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा की जिला प्रशासन ने वि आई पी दर्शन के चक्क र में उस रास्ते को बंद कर रखा है जहाँ ऐसे बहुत सारे गरीब रोजी रोटी के लिये व्यवसाय करने हेतु दुकान लगाते है।

# गजराज कैम्प पंडाल में की गई ब्रह्मचारिणी की पूजा

पायनियर संवाददाता ➤ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



शारदीय नवरात्र महापर्व के अवसर पर गजराज कैम्प पंडाल में नवदुर्गा समिति द्वारा जगतजननी माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रहीं है।समिति के अध्यक्ष बालाराम साहू सचिव गोवर्धन साहू ने बताया कि इस वर्ष समिति द्वारा 18 वां दुर्गोत्सव मनाया जा रहा हैं। नवरात्र पर्व के द्वितीय दिवस द्वितीया तिथि को आज सुबह माँ नवदुर्गा के द्वितीय स्वरूप माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की गई।पुजारी बैकुंठ ने कहा कि सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल ने बताया कि ब्रह्म का मतलब होता है तपस्या और चारिणी मतलब होता है आचरण करना।मान्यता के अनुसार, मां ब्रह्मचारिणी ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी. यही वजह है कि उनका नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा। मां ब्रह्मचारिणी के दाएं हाथ में माला है और देवी ने बाएं हाथ में कमंडल धारण किया है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो साधक विधि विधान से देवी के इस स्वरूप की पूजा अर्चना करता है,उसकी कुंडलिनी शक्ति जाग्रत हो जाती है। देवी ब्रह्मचारिणी का स्वरूप ज्योर्तिमय है।ये मां दुर्गा की नौ शक्तियों में से दूसरी शक्ति हैं। तपश्चारिणी, अपर्णा और उमा इनके अन्य नाम हैं।

# आयोजित बेसिक स्काउट्स एवं गाइड्स शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स एवम् गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य के तत्वाधान में आयोजित बेसिक स्काउट्स एवम् गाइड्स शिविर जिला सुकमा के अंतिम दिवस की शुरुआत सर्वधर्म प्रार्थना सभा से की गई । सर्वधर्म प्रार्थना सभा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजू साहू अध्यक्ष नगर पालिका सुकमा तथा आशीष कुमार राम जिला मुख्य आयुक्त जिला कोरबा की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों के साथ साथ समस्त स्काउटर एवं गाइडर उपस्थित रहे। प्रातः स्मरण, सरस्वती वंदना, गुरु वंदना, रघुपति राघव राजा राम, जय बोलो सत धर्मों, की सभी धर्मों की विशेष प्रार्थना, मौन प्रार्थना, वी शेल ओवर कम, हर देश में तू हर भेष में तू, और शांति पाठ के क्रम में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। शिविर समाप्ति के पूर्व शिविर अच्छे से आयोजित हुआ उसके लिए ईश्वर को धन्यवाद देने के लिए यह सभा आयोजित की जाती है। सभा के पश्चात ध्वज शिष्टाचार का कार्यक्रम हुआ ध्वज शिष्टाचार पश्चात मुख्य अतिथि राजू साहू ने कहा कि स्काउट गाइड बच्चों के विकास में अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है साथ ही साथ सुकमा जिला में होने वाले राष्ट्रीय कार्नवाल महोत्सव की तैयारी के लिए यह शिविर का विशेष योगदान रहेगा। प्रशिक्षण में दीक्षा संस्कार का कार्यक्रम भी धूमधाम से मनाया गया स्काउट शिविर संचालक सुरेंद्र कुमार सोनी तथा गाइड शिविर संचालक श्रीमती सैनी रविंद्र के द्वारा अपने-अपने विंग को दीक्षा स्काउट गाइड प्रतिज्ञा के साथ दिया गया। सहायक संचालक एम एल साहू योगेंद्र साहू टिकेश्वर पांडे सुरेंद्र राठौर श्रीमती पूर्णिमा दास गायत्री पटेल की महती भूमिका रही।

# ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन 29 सितम्बर को

**कांकेर।** महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रीयल पार्क (रीपा) अर्थात ग्रामीण आजीविका पार्क योजना के क्रियान्वयन हेतु 29 सितम्बर को जिले के चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने इस संबंध में जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि उक्त दिवस को चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त की जावे। कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए विशेष ग्राम सभा आयोजन की जानकारी ग्राम पंचायत के सरपंच तथा पंचों को दी जावे, जो अपने क्षेत्र के सदस्यों को ग्राम सभा में उपस्थित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। पंचायतों के द्वारा विशेष ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा कर तथा मुनादी कराया जाकर ग्राम सभा सदस्यों को दी जावे। ग्राम सभा की कार्यवाही सुव्यस्थित रूप से सम्पन्न कराने तथा विशेष ग्राम सभा सम्पन्न होने के उपरांत की गई कार्यवाही संबंधी प्रतिवेदन 03 अक्टूबर तक जिला पंचायत कार्यालय कांकेर को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

# चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम जुनवानी निवासी 55 वर्षीय सुखबती कोमरा की कुंआ में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिये गये प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मृतक के आश्रित सवनू के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत सहायता राशी का भुगतान तहसीलदार भानुप्रतापपुर के द्वारा हितग्राही के बैंक खाते में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से किया जायेगा।

# महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा 02 अक्टूबर को ''महात्मा गांधी जयंती'' के अवसर पर जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, एफ.एल.3(क), शॉपिंग माल स्काई बार एवं एफ. एल.7 सैनिक कैंटीन को पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उनके द्वारा उक्त दिवस को अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर नियंत्रण रखने के लिए जिला आबकारी अधिकारी को आदेशित किया गया है।

# स्वरोजगार स्थापित करने ऋण के लिए आठ हितग्राहियों का किया चयन

**कांकेर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित किया गया। उन्होंने चयनित हितग्राहियों को ऋण से प्राप्त राशि का स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं में ऋण हेतु 35 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 08 आवेदकों का साक्षात्कार उपरान्त चयन किया गया है। स्मॉल विजनेस योजनांतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए इकाई लागत 01 लाख रूपये और 02 लाख रूपये के लिए 01-01 आवेदक तथा इकाई लागत 03 लाख रूपये हेतु 04 आवेदक का ऋण हेतु चयन किया गया है। इसी प्रकार टर्म लोन योजनांतर्गत इकाई लागत 05 लाख रूपये के लिए 01 आवेदक का चयन किया गया है। ट्रेक्टर ट्राली योजनान्तर्गत इकाई लागत 10.63 लाख रूपये के लिए 01 आवेदक का चयन चयन किया गया है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि महेश जैन, कांकेर विधायक एवं संसदीय सचिव प्रतिनिधि सुनील गोस्वामी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीकान्त कसेर, उप संचालक कृषि के गुंजन भदौरिया सहित जिला अंत्यावसायी के कार्यपालन अधिकारी सुरेश कुमार वर्मा उपस्थित थे।

# भाजपा प्रवेश के बाद डॉ. सम्पत अग्रवाल का जगह-जगह ऐतिहासिक स्वागत

## भाजपा ने उम्मीद और विश्वास के साथ पार्टी ने मौका दिया निश्चित उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा : संपत

पायनियर संवाददाता < बसना
www.dailypioneer.com





नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. सम्पत अग्रवाल के भारतीय जनता पार्टी के शामिल होने के बाद प्रथम बसना नगर आगमन पर जगह-जगह ऐतिहासिक स्वागत किया गया। पिथौरा, सांकरा, भगतदेवरी व बसना के राष्ट्रीय राजमार्ग-53 बाईपास से फूल माला से सजे जिप्सी में सवार डॉ. सम्पत अग्रवाल का भाजपाइयों एवं नीलांचल सेवा समिति के हजारों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का गमछा और झंडा पकड़कर विशाल बाइक रैली निकाली। जहां डीजे, कीर्तन मंडली बाजे-गाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद और संपत अग्रवाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए जनपद चौक से बस स्टैंड सड़क मार्ग से होते हुए सभा स्थल शहीद वीरनारायण सिंह चौक पहुंचे। इस दौरान नीलांचल सेवा समिति के सदस्यों, नगर पंचायत के जन प्रतिनिधियों, समाज प्रमुख, अनेक ग्राम के महिला समितियों सहित क्षेत्र की जनता ने डॉ. सम्पत अग्रवाल ऐतिहासिक रूप में स्वागत किया। डॉ. सम्पत अग्रवाल ने सर्वप्रथम शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां माटीकला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष चन्द्रशेखर पांडे, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष धनमाली साव, भूतपूर्व सैनिक वेणुधर साहू, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुवर्धन प्रधान, बसना नगर पंचायत के अध्यक्ष गजेन्द्र साहू, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, पनिका मानिकपुरी समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष जगदीशदास, बसना आंचलिक कोलता समाज के अध्यक्ष लखपति प्रधान, सभापति कोलता समाज थबीर साहू, पटेल संघ के अध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह जटाल, सारंगढ़ के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद निर्मल दास, अमित अग्रवाल, पार्षद किशन अग्रवाल, शीत गुप्ता, मीडिया सलाहाकार जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, विकास वाधवा, रमेश डडसेना, नरेन्द्र साहू, नीलांचल सेवा समिति के 18 सेक्टर प्रमुखों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं



श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही बसना नगर के अग्रवाल महासभा के युवाओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में विशाल जनसमुदाय को अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि शुरू से ही मूल रूप से स्वमं सेवक संघ का सदस्य रहा हूं। भारतीय जनता पार्टी मेरा परिवार है। कुछ समय के लिए ना चाहते हुए भी पार्टी से दूर रहा। आज मैं बहुत खुश और अभिभूत हूं कि विश्व की सबसे बड़े पार्टी भाजपा में घर वापसी हुई है। इसके लिए केंद्रीय, प्रदेश, जिला नेतृत्व सहित स्थानीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ पार्टी ने मुझे मौका दिया निश्चित ही सभी के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के साथ पार्टी को शिखर पर पहुंचाने का काम करते हुए सभी के उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। डॉ. संपत अग्रवाल ने प्रदेश के भूपेश सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि गंगा जल की झूठी कसम खाने को को प्रदेश की जनता माफ नही करेगी निश्चित ही 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बनायेगी। माटीकला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष चन्द्रशेखर पांडे ने डॉ.संपत अग्रवाल को भाजपा में पुनः वापसी पर बधाई देते हुए कहा कि निश्चित ही डॉ.संपत अग्रवाल के भाजपा में शामिल होने से पार्टी मजबूत होगा साथ ही क्षेत्र का विकास होगा। कार्यक्रम का संचालन मुकेश जोशी ने किया। कार्यक्रम में बसना विधानसभा के जनसंपर्क प्रभारी केके शर्मा, अश्वनी प्रधान, विजय पटेल, मोनिका मैथ्यूज, तेजेश्वरी पांडे, हरजिंदर सिंह, पार्षद डेनियल पीटर, सोनू सोनवानी, अनिश धनानी, पवन अग्रवाल, आबिद खान सेक्टर प्रभारी विक्की सलूजा, कामेश बंजारा, बालमुकुंद साहू ,सतीश प्रधान, चमन सेन कन्हैया प्रधान, सोनू छाबड़ा, प्रमोद प्रधान, किरण पटेल, संतोष मांझी, उपेंद्र साव, कमलध्वज पटेल, खोलबहरा निराला, भोज कुमार साव, चमरा स्वर्णकार, उत्तर पटेल, संतलाल नायक, वीरेंद्र प्रधान सहित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थित थे। वहीं भव्य स्वागत कार्यक्रम को लेकर जनमानस में चर्चा का विषय बना रहा।

# अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ युवा को बना रहा है स्वावलम्बी




पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

प्रत्येक छात्र अध्ययन में प्रतिभावान नहीं हो सकता है। हर किसी में अन्य प्रतिभाएं होती हैं, जिन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। इसलिए, यह उन लोगों के लिए एक आदर्श विकल्प है, जिनके पास उच्च अध्ययन के लिए योग्यता नहीं है सफलता जादू से नहीं मिलती है सफल होने के लिए जरूरी कौशल की आवश्यकता होती है यह सार्वभौमिक सत्य नई पीढ़ी पर उतना ही लागू होता है युवा उर्जा दे किसी भी देश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति देने वाली ताकत बन सकते हैं बशर्ते उसे प्रभावी रूप से दिशा दी जाए कौशल विकास और रोजगार इस ताकत को आगे बढ़ाने के सबसे अच्छे साधन हैं, तिल्दा नेवरा क्षेत्र के युवाओं को स्वालम्ब बनने और कौशल विकास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वर्गीय घनश्याम दास बिडला द्वारा 1992 में व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ में स्थापित किया गया था बेरोजगार और बाहर काम करने वाले युवाओं को व्यावसायिक कौशल पर प्रशिक्षण देकर सामाजिक परिवर्तन लाने की शुरुआत किया गया था। जिसे आगे बढ़ाते हुए पदमश्री राजश्री बिड़ला के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के युवाओं को इलेक्ट्रिकल डीजल मेकेनिक एंड वेल्डिंग होम अप्लाइंस एवं महिलाओं को टेलरिंग आदि ट्रेड के लगभग 1920 लोगों को प्रशिक्षित कर चुके है। व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ से प्रशिछण लेकर अधिकांश युवा रोजगार प्राप्त कर चुके है जिसमे ग्राम बिटकुली के लेखराम यादव हाइटेक पावर एंड स्टील लिमिटेड सरोरा में इलेक्ट्रिकल आईटीआई के पद पर कार्यरत है एवं ग्राम केवतरा निवासी शैलेन्द्र वर्मा प्रकाश इंड्रस्ट्रीज गोगांव रायपुर में सिफ्ट इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। वर्तमान में 116 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है यहाँ सबसे अनोखी बात यह है की प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओ को अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के प्रेक्टिकल कार्यशाला में अनुभवी लोगों के द्वारा प्रशिछित किया जाता है ।

# अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई, 119 सौ से अधिक बल्क लीटर का महुआ शराब जब्त

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार गश्त एवं कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग की टीम द्वारा 24 सितम्बर को गस्त के दौरान पलारी क्षेत्र के ग्राम टीपावन में आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही 4.2 ब.ली कच्ची महुआ शराब एवं 200 कि.ग्रा. महुआ लाहन जब्त की गई।आरोपी संतन कोशले पिता जनक राम कोशले उम्र 33 वर्ष साकिन टीपावन थाना पलारी के विरूद्ध छ.ग. आबकारी अधिनियम का प्रकरण आबकारी वृत पलारी में कायम कर विवेचना में लिया गया।उसी तरह बिलाईगढ़ क्षेत्र के टुण्ड्ररी नाला किनारे, सबरिया डेरा में आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही में 35 बल्क लीटर महुआ मदिरा जप्त की गई,तालाब में डूबी विभिन्न बोरियों में भरी लगभग 2080 कि.ग्रा. महुआ लाहन जिसकी कीमत 62400 रुपये है बरामद किया जिसे मौके पर नष्ट किया गया। इसी तरह एक अन्य कार्रवाई में सरसीवां क्षेत्र के छीरचुआ डेरा में आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही 80 ब.ली. महुआ मदिरा जप्त की गई, तालाब में डूबी विभिन्न बोरियों में भरी लगभग 2 हजार कि.ग्रा. महुआ लाहन की कीमत 60 हजार रूपए है बरामद जिसे मौके पर नष्ट किया गया। सूचना अनुसार टुण्ड्ररी डेरा,छीरचुआ डेरा से सरसीवां, भटगांव क्षेत्रों में महुआ शराब की सप्लाई की जाती है, जिस पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम का प्रकरण आबकारी वृत बिलाईगढ़ एवं सरसीवां में कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी डॉ. समीर मिश्रा, अजय पाण्डेय, आबकारी उपनिरीक्षक, सुकांत पाण्डेय, जलेश सिंह, गोविंद कुमार ध्रुव, विपिन पाठ, आबकारी मुख्य आरक्षक, सूर्यकांत वर्मा, हीरा साय भगत, नगर सैनिक तामेश्वर ध्रुव, गौकरण मानिकपुरी, विश्वनाथ जायसवाल, अनुराधा कश्यप शामिल थे।

# बड़े बकायादारों के काटे कनेक्शन वसूली के लिए कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com




संयुक्त अभियान के तहत भंवरपुर क्षेत्र के बड़े बकायादारों के कटे कनेक्शन वसूली के संयुक्त अभियान के तहत पुनः वृहद कार्यवाही की गई। इसके तहत संभाग की 8 टीमें अधिकारियों के साथ भंवरपुर वितरण केन्द्र में निकलीं। इस बड़ी कार्यवाही में 37 उपभोक्ताओं की लाइन काटी गई जिनपर 13 लाख रुपए की राशि भुगतान हेतु बकाया है।इनका विद्युत कनेक्शन विच्छेदित कर रिपोर्ट तैयार की गई है,जिसकी सूचना संबंधित थाने में भी दी जाएगी। इन्हें अवैध रूप से कटे कनेक्शन जोड़ने अथवा अवैध कनेक्शन न लेने की हिदायत दी गई है। अभियान के तहत 24 उपभोक्ताओं द्वारा 1.8 लाख रु.का भुगतान स्थल पर ही कर दिया गया। 10 उपभोक्ता जिनकी लाइनें पूर्व से कटी हुई थी तथा इन्हें स्थाई विच्छेदन की नोटिस दी जा चुकी थी, ऐसे बकायादारों के विद्युत कनेक्शन स्थाई रूप से विच्छेदित कर दिए गए। इनपर 7.2 लाख रु.बकाया थे। सतर्कता की टीमों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है, अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते पाए जाने पर भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 138 एवम 135 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।यह कार्यवाही सतत जारी रहेगी। विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार क्षेत्र में चलेगा इसी तरह अब सागरपाली वितरण केन्द्र में संयुक्त अभियान चलाया जाएगा।

# भंवरपुर में रासेयो स्थापना दिवस मनाया गया




**भंवरपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर में रासेयो स्थापना दिवस मनाया गया। रासेयो जिला संगठक डॉ मालती तिवारी एवं प्राचार्य टीके पटेल के निर्देशानुसार कार्यक्रम अधिकारी शौकत अली के नेतृत्व में सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य पटेल ने कहा कि सेवा का कार्य स्वच्छता अभियान जन जागरूकता पौधारोपण के माध्यम से समाज एवं लोगों की सेवा कर सकते हैं कार्यक्रम में संस्था परिवार के सिक्के शिक्षिकाओं द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए इस दौरान डीसी सतपथी, पीके निर्मलकर, एव्ही कदम, डीके दास, डीके बंधु, एम एल पटेल, एचएस पटेल, राधा देवांगन, अनुसुइया पटेल, लता नायक, कार्यक्रम सहायक एमडी मानिकपुरी, बोधन कालसा सहित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# रेल यात्रियों को हो रही दिक्क़तों के बाद देहाड़ी मज़दूरों को व्यवस्थित ठिकाने की ज़रूरत हो रही महसूस

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

शहर के मुख्य मार्ग के अंतर्गत रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र के दायरे में प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तक रोजी रोटी से जीविकोपार्जन हेतु देहाडी मजदूरों की लगभग 200 से अधिक की संख्या में प्रतिदिन आवागमन के बीच मार्ग में खड़े हुए देखे जाते है जो कि यह एक प्रकार से हमारे शहर की भी जरूरत है जिसे एकाएक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, परंतु इनके इस संवेदनशील स्थल पर इस तरह अव्यवस्थित रुप से खड़ा रहना वह भी गैर अधिकृत रुप से, आम नगरवासियों व राहगीरों सहित दैनिक रेल यात्रियों के लिये आवागमन की दृष्टि से अनेक प्रकार की दिक्क्तें खड़ा करता है जिसका समय के मांग को देखते हुए एक निश्चित स्थाई ठिकाने की व्यवस्था करना अब प्रशासन की भी जवाबदारी बन रही है।

## क्यों जरूरी है मजदूरों के लिये स्थायी ठिकाना ढूंढना



गौरतलब है कि यह क्षेत्र रेलवे स्टेशन का परिक्षेत्र है जहां प्रतिदिन आम यात्रियों की हजारों की संख्या रेल यात्रा के इस मार्ग का उपयोग करती है जिसमे सबसे अधिक संख्या सुबह सुबह दैनिक रेल यात्रियों ही होती है कई बार इस सडक मे भारी भीड का जाम लगने से आम यात्री कुछ मिनटों की देरी से ट्रेन पकड़ने के लिये छूट जाते है या फिर उन्हें जान जोखिम में लेकर पकड़ना पड जाता है, तो दूसरा कारण इसी मार्ग पर बस स्टेशन व आटो रिक्शा का भी स्टापेज हो जाने से यह रास्ता भी जाम व सकरा पड जाता है, वहीं तीसरा कारण सीमेंट कंपनी मे कार्यरत स्टाफ भी यहाँ पर खडी कंपनी की बस का सहारा लेते है, इसके साथ ही चौथा कारण शहर की दूसरी आबादी अन्डरब्रिज के उस पार है सदर व हटरी बाजार भी इसी मार्ग से लगे होने के कारण आम शहरवासी भी इसी मार्ग का सहारा लेते। इन्ही सभी बातो को ध्यान में रखते हुये इन दहाडी मजदूरों को एक निश्चित स्थायी व्यवस्थित ठिकाना दिये जाने की जवाबदारी अब प्रशासन की भी बन रही है जिसके माध्यम से उक्त विडम्बना का समाधान निकाला जा सके।

देहाड़ी मजदूरों को उक्त रेल्वे परिक्षेत्र के अन्दर अनधिकृत रुप से खड़े होने पर कई बार खदेड़ा भी गया है परंतु स्थाई व्यवस्था नहीं होने से फिर यथावत खड़े हो जाते है।

**-अजय कुमार,** रेल्वे स्टेशन मास्टर, भाटापारा

देहाड़ी मजदूर कोई दूसरी व्यवस्थित जगह खड़े रहने की हो, उसे वे चयन कर सकते है।

**-अजय बहादुर,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी, भाटापारा

# पुलिस सहायता केन्द्र खुलते ही पशु तस्करों के खिलाफ कार्यवाही

## फरार आरोपी को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < सिमगा
www.dailypioneer.com

दीपक झा (आईपीएस) पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के निर्देशन में पीताम्बर पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय बलौदाबाजार-भाटापारा एंव सिध्दार्थ बघेल अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा के मार्ग दर्शन में थाना सिमगा अन्तर्गत 29/अग/2022 को नवीन पुलिस सहायता केन्द्र लिमतरा का शुभारंभ किया गया है एवं थाना प्रभारी सिमगा निरीक्षक अमित तिवारी को निर्देशित किया गया कि लिमतरा सहायता केन्द्र अंतर्गत ग्राम गणेशपुर-विश्रामपुर में पशु तस्करी एवं गौ वध एवं शराब की अवैध बिक्री एवं तस्करी पर प्रतिबंध लगाकर आरोपियो के विरूध्द कार्यवाही की जावे जिसे परिपालन में सहायता केन्द्र प्रभारी लिमतरा धनेशराम टान्डेकर ने अपने टीम के साथ 16 सितम्बर को ग्राम गणेशपुर- विश्रामपुर में नाला के किनारे गौ वध करते हुए (मांस को 01-02 किलो का पैकेट बनाकर बिक्री हेतु कटिंग करते हुए) रेड कार्यवाही कर आरोपियान 01 बाबा मसीह पिता सेल मसीह उम्र 20 वर्ष 02.अरविंद उर्फ छोटू पिता कुनू उर्फ प्रदीप मसीह उम्र 22 वर्ष 03 राहुल पिता कुनू मसीह उम्र 21 वर्ष सभी साकिनान गणेशपुर थाना सिमगा के विरूध्द अपराध धारा 429, 34 भादवि छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द की गई थी। आरोपियान मौके से फरार हो गये थे जिनमें से 26 सित./2022 को फरार 1 आरोपियन बाबा मसीह पिता सेल मसीह साकिनान गणेशपुर थाना सिमगा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को रिमांड में उप जेल बलौदाबाजार भेजा गया है। गौ वध एवं तस्करी एवं अवैध शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगते तक कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिमगा निरीक्षक अमित तिवारी, पुलिस सहायता केंद्र लिमतरा प्रभारी सउनि धनेशराम टान्डेकर, प्रआर.49 राजेंद्र नेताम अरविंद राय ईतवारी राम वर्मा आरक्षक बब्बू साहू विरेन्द्र सिंहा का विशेष योगदान रहा।

# जिला नवनिर्माण को लेकर फेडरेशन ने विधायक से की सौजन्य मुलाकात



**सरायपाली।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा विधानसभा सरायपाली के विधायक किस्मतलाल नंद से शिष्टाचार सौजन्य मुलाकात किया गया जिसमें सरायपाली जिला नवनिर्माण के संबंध में परिचर्चा किया गया। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि सरायपाली जरूर जिला बनेगा। इस अवसर पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा विधायक का अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ समर्पित कर अभिनंदन किया गया। प्रतिनिधि मंडल में प्रदीप गुप्ता, महेंद्र बाघ, चंद्रहास पात्र, किशोर रथ,राजाराम पटेल, अनिल पटेल, मनोज रॉय, गणेश चौहान, हेमंत चौधरी, देव चौहान एवं लिंगराज देवांगन उपस्थित थे।

# सेवा पखवाड़ा के तहत पीएम मोदी को छात्रों ने भेजा बधाई सन्देश



**भाटापारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पूरे देश में बीजेपी कार्यकर्ता 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मना कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहे है। इसी क्रम में भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु के नेतृत्व में नगर के जीएनए कालेज में छात्र छात्राओं ने पोस्ट कार्ड के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजी एव राज्य को उनके द्वारा आईआईटी व आईआईएम की सौगात देने पर धन्यवाद भी दिया है। इसी अवसर पर आशीष टोडर अध्यक्ष युवा मोर्चा शहर, सतीश साहू, पिंटू लहरे, संदीप वर्मा, राहुल साहू, सुभम राजूपत आदि कालेज के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का चिन्हांकन कर सूचना दें

# बंदियों के आयु सत्यापन हेतु विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले में निरुद्ध बंदियों के आयु सत्यापन हेतु विशेषज्ञ समिति द्वारा उपजेल बलौदाबाजार का निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा जेल परिसर में निर्धारित बैरक में जाकर जेल में निरूद्ध 18 से 21 वर्ष के बंदियों से उनकी आयु, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी ली। सभी निरूद्धों के द्वारा उनकी आयु 18 वर्ष से अधिक होने की जानकारी प्रदान की गयी। 18 वर्ष से कम उम्र के संदेहप्रद 3 बच्चों का नाम मुख्य प्रहरी उपजेल बलौदाबाजार को दी गयी है ताकि उनके द्वारा आयु सत्यापन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सके। आयु सत्यापन उपरांत 18 वर्ष से कम आयु निर्धारण पर बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह में स्थानांतरित करने तथा प्रकरण को किशोर न्याय बोर्ड में स्थानांतरित करने की कार्यवाही संपादित की जा सके। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा द्वारा निर्देश दिया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का चिन्हांकन संदेह होने की स्थिति में त्वरित सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई को दिये जाने हेतु कहा गया ताकि प्रकरण में किशोर न्याय बोर्ड में स्थानांतरित तथा बालकों को किशोर न्याय बोर्ड में स्थानांतरित किया जा सकें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को समाज के मुख्य धारा से जोडने के लिए मस्तिक में सकारात्मक परिवर्तन हेतु योग, प्रणायाम, संतुलित आहार नियमित करने व यदि किसी बंदी को रात में निंद न आये, चिडचिडापन आये घबराहट व मानसिक समस्या आये तो चिकित्सकीय परीक्षण अतिआवश्यक बताया गया। निरीक्षण के दौरान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा, जेल अधीक्षक अभिषेक मिश्रा, सदस्य विधिक सेवा प्राधिकरण संजय सोनी, रमेश पटेल, बालक कल्याण समिति के सदस्य प्रवीण अग्रवाल, वीणा वर्मा, क्लीनिकल साईकोलाजिस्ट मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम मोहिन्दर घृतलहरे, बाल संरक्षण अधिकारी दीपक राय उपस्थित थे।

# सेवा सुगंधम समिति के सदस्यों ने दी श्रद्धांजलि, भेंट किया संवेदना पत्र



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा निवासी पत्रकार कोमल शर्मा की माता सुशीला देवी के दुःखद निधन पर अपनी शोक संवेदना अर्पित करने सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति के संस्थापक सदस्य टिकेंद्र उपाध्याय अपने साथियों व श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रशांत वर्मा, श्याम पुरोहित, मन्नू बाठिया, अमृत साहू, धवल धवालिया, प्रेम प्रकाश शर्मा, पवन शर्मा व अन्य के साथ शोकाकुल परिवार के यहां पहुँच श्रद्धांजलि दी एवं शोक संवेदना पत्र देकर शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान किया तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि परिजनों को इस दुःख को सहने की असीम शक्ति प्रदान करे।

विदित हो कि सेवा सुगंधम संस्था हमेशा से ही जन सरोकार के क्षेत्र में अग्रणी रही है तथा समानुभूति पूर्वक जन कल्याण के प्रति समर्पित देखी गई है चाहे व्यक्तिगत हो, सामाजिक हो अथवा राष्ट्रीय विपदा की स्थिति हो।

**CHHATISGARH STATE POWER TRANS. CO. LTD.**
**O/o Executive Director (Store & Purchase)**
3rd Floor, SLDC Building, CSPTCL Dangania, Raipur(C.G.)-492013

No. 02-16/ED/TR-22/S&P/16 & 21/S&P/21/1314 Raipur, dtd 27/09/2022

**E - PROCUREMENT TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited for supplying the following materials:

| Sl. No. | Tender No. | Particulars | Qnty. | EMD (Rs.) | Due date opening of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-22/S&P/16 Rfx No. 8100027466 | Procurement of EHV Grade Type –II Transformer Oil | 106476 Ltrs. | 1,10,000/- | 18/10/2022 (15.30 Hrs) |
| 2. | TR-21/S&P/21 Rfx No. 8100027463 | Procurement of GI Nut Bolts of assorted sizes & spring washer. | 131.02 MT | 1,23,000/- | 19/10/2022 (15.30 Hrs) |

1. For all other details of NIT, please visit our web site www.cspc.co.in.
2. Cost of printed e-tender form (downloaded from website) is Rs. 2360/- of Sr. No.-01 & Rs. 1180/- of Sr. No.-02. **The tender will be processed through e-bidding.**

SAVE ELECTRICITY S- 34052/3
Executive Director (S&P)
CSPTCL : Raipur

# आयुक्त प्रकाश सर्वे मितान बनकर पहुंचे हितग्राहियों के निवास, अपने हाथों से दिए प्रमाण पत्र

## हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की योजना को लागू करने के लिए दिया धन्यवाद

- आयुक्त ने घर पहुंचकर हितग्राहियों से लिया फीडबैक हितग्राहियों ने बताया कि हमें विश्वास नहीं हो है इस योजना से कुछ ही घंटों में घर पर ही प्रमाण पत्र मिल जाएगा हितग्राहियो ने योजना की सराहना की
- मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत निगम दुर्ग द्वारा 1973 हितग्राहियों को 13 सेवाओं के लाभ हितग्राहियों को हुई शासकीय दस्तावेजों की हुई घर बैठे डिलीवरी

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम-मुख्यमंत्री मितान योजनाः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इच्छा के अनुरूप राज्य के नागरिकों को घर बैठे शासकीय सेवाओं का लाभ मुहैया कराने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री मितान योजना लोगों के बीच काफी लोकप्रिय होते जा रही।आज सोमवार आयुक्त प्रकाश सर्वे मितान बनकर स्वास्थ्य अधिकारी एवं नोडल अधिकारी जावेद अली के साथ हितग्राहियों को प्रमाण पत्र देने के लिए उनके निवास स्थल पर पहुंचे। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने वार्ड 30 एवं 32 तमेर पारा निवासी विजय आनंद ताम्रकार के दो बच्चों का आय और निवास प्रमाण पत्र एवं आकाश यादव को निवासी प्रमाण पत्र और डिबरा पारा निवासी प्रतीक जैन जन्म प्रमाण अपने हाथों से हितग्राहियों को प्रदान किया। आयुक्त सर्वे ने इस दौरान हितग्राहियों से चर्चा करते हुए फ़ीडबैक लिया हितग्राहियों ने बताया कि हमें विश्वास नहीं हो है कि इस योजना से कुछ ही घंटों में घर पर ही प्रमाण पत्र मिल जाएगा हितग्राहियों ने बताया कि ऐसी सेवाओं की जरूरत थी ताकि दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर काटने से मुक्ति मिल जाए।इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का योजना को लागू करने के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत कॉल सेंटर 14545 में संपर्क करने से घर बैठे प्रमाण पत्र मिल रहा है इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं एवं इसे अन्य लोगों तक भी पहुंचाएं ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके।जिससे दुर्ग नगर पालिक निगम दफ्तर जाने में अक्षम लोगों को इसका समुचित लाभ मिलेगा।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभ की गयी मुख्यमंत्री मितान योजना दुर्ग निगम क्षेत्र में शुरू हो गई। जिसके तहत दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत दो मितान नियुक्त किए जा चुके हैं जिसमें योजना के तहत महज चंद घंटों में प्रमाण पत्र लोग प्राप्त कर रहे है। मुख्यमंत्री मितन योजनांतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा जन्मप्रमाण पत्र,मृत्यु प्रमाण पत्र,विवाह पत्र,जन्म प्रमाण पत्र ने सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार,विवाह प्रमाण पत्र में सुधार,दुकान एवं स्थापना पंचीयन तथा गुमास्ता लायसेंस के कुल 295 आवेदन का निराकृत हेतु प्राप्त हुए जिनमे से 176 आवेदनों का निराकरण त्वरित कर किया गया है। इस योजना के माध्यम से बेहद कम समय में ही आसान हुई मुख्यमंत्री मितन योजना के अंतर्गत निगम दुर्ग द्वारा 1973 हितग्राहियों को 13 सेवाओं के लाभ हितग्राहियों को हुई शासकीय दस्तावेजों की हुई घर बैठे डिलीवरी शासकीय दस्तावेज लोगों को मितानों द्वारा घर पहुंचाकर उपलब्ध कराये गए हैं। घर बैठे 100 प्रकार की शासकीय सेवाएं का मिलेगा लाभ- बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस वर्ष एक मई 2022 को श्रम दिवस के मौके पर मितान योजना लांच की थी।

# व्यापारी भयमुक्त व्यापार करें, अनुचित परेशान करने वालों पर होगी कार्रवाई: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अग्रसेन जयंती के अवसर पर भिलाई में आयोजित अग्रवाल समाज के कार्यक्रम में कहा

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





शासन का काम भयमुक्त वातावरण बनाना है। आपके साथ हम खड़े हैं। भिलाई के कुछ व्यापारियों ने मेरे पास एक थाने के अधिकारियों पर अनुचित दबाव डालने की शिकायत की। मैंने जांच कराई और आरोप सही पाए जाने पर अधिकारी पर कार्रवाई के निर्देश दिए। अग्रवाल समाज के कार्यक्रम में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अग्रसेन जयंती की बधाई देते हुए कहा कि आज आपके साथ सुखदुख साझा करने आया हूँ। अग्रसेन महाराज के योगदान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वे व्यापार और निर्माण पर जोर देते थे। कुरुक्षेत्र के युद्ध में पांडवों के भंडार की देखरेख का जिम्मा आपके पूर्वजों का था। गांधी जी भी आपके समाज से थे, उन्होंने पूरा जीवन सत्य और अहिंसा से बिताया। आप निर्भय व्यापार करें। आपको सत्य मार्ग में विचलित करने के लिए कोई भी आगे आएगा तो उस पर कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे पास व्यापारिक समुदाय के लोग आए। उन्होंने पूछा कि सभी वर्गों के लिए कुछ किया। हमारे लिए आपका योगदान क्या है। मैंने कहा कि गांव में किसान के पास पैसा आता है तो यह बाजार में आता है। किसान खेत में निवेश करता है तो बाजार में आता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय समय पर किसानों को मिलने वाली किश्त बाजार में आती है और अन्ततः आप भी समृद्ध होते हैं। दीपावली को देखते हुए हमने निश्चय किया कि 15 अक्टूबर को हम किश्त दे देंगे ताकि किसानों की भी दीवाली अच्छी हो और व्यापारियों की भी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग मुझसे कहते हैं कि आप भी बनिया ही हो। गोबर को भी काम की चीज बना दिया और उससे भी पैसा बाजार में आ गया। कोरोना काल में अग्रवाल समाज द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्य से समाज के बड़े वर्ग को लाभ पहुंचा। अपने संबोधन में विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि भिलाई में समाज सेवा में अग्रवाल समाज की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है। मैंने अग्रवाल समाज से समन्वय सीखा है। इस मौके पर अपने संबोधन में महापौर नीरज पाल ने कहा कि कोविड काल में अग्रवाल समाज ने जिस तरह से भिलाई शहर में सेवा की, वो प्रशंसनीय है।

# शिकायत जांच में खुला मामला, बिना अनुज्ञा के भवन निर्माण पर निगम का चला बुलडोजर

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com



बिना लेआऊट स्वीकृत और भवन अनुज्ञा लिए बिना निर्माण कार्य करने पर रिसाली निगम ने बड़ी कार्यवाही की। निगम आयुक्त आशीष देवांगन के आदेश पर बांऊड्रीवाल और निर्माणाधीन कक्ष को ढहा दिया गया। निर्माण कार्य अमित मिश्रा द्वारा कराया जा रहा था। आशीष नगर पश्चिम वार्ड 25 में चल रहे लाखों के निर्माण कार्य पर निगम ने रोक लगा दी है। भवन अनुज्ञा अधिकारी इंजीनियर अखिलेश गुप्ता ने बताया कि निर्माण कार्य 5000 वर्ग फीट से अधिक की जमीन पर है। पूर्व में निर्माण कार्य रोकने के लिए मौखिक रूप से आदेश दिया गया था। बाद में निगम द्वारा नोटिस भी जारी किया गया। इसके बाद भी निर्माण कार्य जारी रखने पर शनिवार को निगम अधिकारियों ने जेसीबी से बांऊड्रीवाल और निर्माणाधीन कक्ष को ढहा दिया। इस दौरान निगम के भवन अनुज्ञा अधिकारी अखिलेश गुप्ता, गोपाल सिन्हा, शत्रुहन नायक, टेकराम आदि उपस्थित थे।

शिकायत सही पाई गई-इस मामले में वैशाली नगर निवासी रवि शर्मा ने शिकायत की थी। उन्होंने लिखित शिकायत में खुलासा किया था कि अमित मिश्रा बिना लेआऊट स्वीकृत कराए और नगर पालिक निगम से भवन अनुज्ञा लिए बिना भवन निर्माण कर रहा है। शासन के खाते में जमा होने वाली राशि की बचत कर शासन के नियमों की धज्जी उड़ा रहा है। यही शिकायत जांच में सही पाई गई। पुलिस का था पहरा-भवन निर्माणकर्ता अमित मिश्रा स्वयं को ऊची पहुंच होने का धौस जमाया था। शिकायत सही होने पर निगम अधिकारियों ने पहले मजिस्ट्रेट को पत्र लिखा। पुलिस बल उपलब्ध होने पर अधिकारियों ने कार्यवाही पूरी की। पहले कराया काम बंद-कार्यवाही करने पहुंचे निगम अधिकारियों ने पहले काम बंद कराया। परिसर को खाली करने के बाद तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। भवन अनुज्ञा अधिकारी ने निर्देश दिए है कि निगम से अनुमति मिलने के बाद ही दोबारा निर्माण कार्य शुरू किया जाए।

# विधायक ने महापौर एवं सकल समाज के साथ किया ध्वजारोहण कलशाभिषेक व अभिषेक, पूजन विधान एवं आरती

## दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान व सत्संग प्रवचन 1 अक्टूबर तक

- विधायक,महापौर एवं सकल जैन समाज के लोगो ने देश व प्रदेश में खुशहाली की कामना की हर किसी के जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार हो

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



पद्मनाभपुर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान व सत्संग प्रवचन से पूर्व सुयस सागर महाराज का सकल समाज ने ढोल नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर जोरदार स्वागत किया गया था।

इस दौरान बाकलीवाल परिवार एवं सकल जैन समाज के लोगों में जोरदार स्वागत कर देश व समाज की खुशहाली की प्रार्थना की।इस क्रम में आज पद्मनाभपुर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान व सत्संग प्रवचन से पूर्व सुयस सागर महाराज का सकल समाज ने कलशाभिषेक सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में श्री दिगंबर जैन अतिशय पद्मनाभपुर में आयोजित छे दिवसीय कलशाभिषेक उत्सव का आयोजन इस अवसर पर आज सुबह विधायक अरुण वोरा ने महापौर धीरज बाकलीवाल एवं सकल जैन समाज के साथ ध्वजारोहण किया गया। प्रतिदिन सुबह 7.00 बजे से अभिषेक, पूजन एवं विधान रात्रि 7.30 बजे से आरती होगा।उत्सव के दौरान मंदिर प्रांगण पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ ध्वजारोहण किया गया जिसमें ध्वजारोहण करने का सौभाग्य बाकलीवाल परिवार सहित सकल जैन समाज को प्राप्त हुआ।

# अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छूटे हुए लोगों के लिए फिर से खुला वेब पोर्टल

- 17 अक्टूबर 2022 तक अपना एवं परिवार के सदस्यों का कर सकते हैं पंजीयन, योजना का लाभ उठाने का सुनहरा अवसर

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com




अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए फिर से वेब पोर्टल खोला गया है। ऐसे छूटे हुए लोग जो इस दायरे में आते हैं वह अपना पंजीयन करा सकते हैं, इसके साथ ही अपने परिवार के सदस्यों का भी पंजीयन करा सकते हैं। छत्तीसगढ़ क्वांटीफायबल डाटा आयोग ने अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित सभी अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा पंजीयन को लेकर आदेश प्रसारित किया है। अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा पंजीयन नहीं कराने के कारण छूटे हुए अन्य पिछड़ा वर्ग से समस्त व्यक्तियों को नवीन पंजीयन किए जाने के लिए के तहत दिनांक 16 सितंबर 2022 से 17 अक्टूबर 2022 तक के लिए पोर्टल खोला गया है । जिससे समस्त अन्य पिछड़ा वर्ग के शासकीय अधिकारी कर्मचारी भी इस अवधि में स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों का पंजीयन करा सकते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा ने छूटे हुए लोगों से अनिवार्य रूप से पंजीयन करने हेतु अपील की है। पोर्टल में नवीन पंजीयन के लिए वेब पोर्टल एवं मोबाइल ऐप पर भी उपलब्ध है जिस पर संबंधित व्यक्ति स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों का पंजीयन कर सकते हैं।

# संभाग स्तरीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में छुईखदान राजनांदगांव प्रथम

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले में संभाग स्तरीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग में आज हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि अरुण वोरा विधायक दुर्ग शहर, विशिष्ठ अतिथि शालिनी रेवेन्द्र यादव अध्यक्ष जिला पंचायत उपस्थित थे। संभाग स्तरीय आदिवासी महोत्सव में दुर्ग संभाग के 5 जिले दुर्ग, बालोद,बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम के कुल 8 नर्तक दलों द्वारा दड़ामी माडिया, माओपाटा, काकसाड, सरहुल, शैला, हुल्की, करमा नृत्य आदि के माध्यम से अपना कला प्रदर्शित किए। इस आयोजन में प्रतियोगिता का 5 ज्यूरी मेम्बर के द्वारा निर्णय के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय दलों का चयन किया गया जिसमें जय बुढ़ादेव करमा नर्तक दल ग्राम कोदवा गण्डई, वि.खं. छुईखदान जिला-राजनांदगांव को प्रथम एवं जय बुढ़ादेव आदिवासी नृत्य दल ग्राम तुमडीसुर जिला- बालोद को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि अरुण वोरा के द्वारा आदिवासी संस्कृति के विकास के लिए सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए प्रोत्साहित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले नृत्य दलों को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया तथा पुरस्कार प्राप्त करने वाले नृत्य दलों को रायपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव में भाग लेने हेतु तैयार रहने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त आयोजन अपर कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के मार्गदर्शन तथा प्रियवन्दा रामटेके सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग के माध्यम से महोत्सव का आयोजन संपन्न हुआ।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट में इलाज, पहुंचने वाले लोगों को बेहतर सेवाएं दी जाएः महापौर

- मोबाईल मेडिकल यूनिटों में जांच व इलाज की बेहतर सुविधाएं निर्वाध रूप से बनी रहे,यह सुनिश्चित करें:आयुक्त
- योजना का पूर्ण लाभ लोगों को मिले, हमारी जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सुबह आयुक्त प्रकाश सर्वे ने वार्ड 21 तितुरडीह शहीद भगत सिंह स्कूल वार्ड क्षेत्र में संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट में पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत निगम क्षेत्र में संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिटों में जांच व इलाज की बेहतर सुविधाएं निर्वाध रूप से बनी रहे, जांच व इलाज कराने आए लोगों की समुचित जांच व उनका उचित इलाज हो, यथा संभव उन्हें सभी दवाईयाँ शिविर में ही उपलब्ध कराई जाए, यूनिट में दवाईयों की उपलब्धता बनी रहे, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि वार्डो में लगने वाले कैम्प निर्धारित समय में लगे कैम्प की पूर्व सूचना लोगों को दी जाए, इस हेतु आवश्यक कदम उठाएं।निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं अन्य के साथ आज मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा उक्ताशय के निर्देश अधिकारियों को दिए।यहाँ उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में 04 मोबाईल मेडिकल यूनिट संचालित हैं, जो निर्धारित कार्यक्रम के तहत विभिन्न वार्ड व बस्तियों में पहुंचकर मेडिकल कैम्प लगाती हैं तथा इन कैम्पों के माध्यम से नागरिकों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों व स्वास्थ्य समस्याओं का मुफ्त इलाज किया जाता है। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने वार्ड क्र 21 तितुरडीह शहीद भगत सिंह स्कूल पहुंचकर वहां पर संचालित किए जा रहे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया, उन्होने यूनिट में स्थापित लैब, डॉक्टर कक्ष, ओ पीडी आदि का अवलोकन करते हुए रिकार्ड पंजी व यूनिट की अन्य व्यवस्थाओं का सघन रूप से निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं को देखा। उन्होने यूनिट में पदस्थ डॉक्टर व अन्य मेडिकल स्टाफ से चर्चा की, दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तथा निर्देशित करते हुए कहा योजना का पूर्ण लाभ लोगों को मिले, हमारी जिम्मेदारी।

# भाजपा मंडल भंवरपुर ने आयोजित किए अंत्योदय और एकात्म मानववाद कार्यक्रम





पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा मंडल भंवरपुर द्वारा अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व संसदीय सचिव रुपकुमारी चौधरी, पूर्व क्रेड़ा अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, जिला भाजपा मंत्री देवकी दीवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सरस्वती चौहान के आतिथ्य में सागरपाली के भंवरपुर चौक पर स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण, स्वच्छता अभियान एवं ग्राम पंचायत एवं विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। ग्राम पंचायत के पास आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अतिथियों द्वारा अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मंडल अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान सरपंच कालिंदी अग्रवाल, मुन्ना अग्रवाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता मोहन पटेल, पूर्व सरपंच वृंदावन साहू, भागीरथी, जयंत पटेल, सोहन पटेल, जिला संयोजक भाजपा आईटी सेल करुणाकर उपाध्याय, उत्तर निषाद, मनबोध मिरी, रामसिंह नेगी, कृष्ण कुमार नायक, झनकराम चौधरी, नरेश तिवारी, गुलाब किशोर स्वर्णकार, संतराम निषाद, श्यामलाल चौहान, दुर्गापाली सरपंच लक्ष्मीन सारथी, दुर्गापाली उप सरपंच रजनी पटेल, श्यामसुंदर सारथी, रेशम निषाद, केशव सेठ, भाजयुमो अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, धनकुमार साहू, गोपाल शर्मा, भजनलाल खटकर सहित महिला स्व सहायता समूह की बहनें, पंच गण व भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिलाएं भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर महिला के साथ किया बलात्कार

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

मामला हसौद थाना ग्राम कैथा का है जहां उत्तरा कश्यप पिता धजाराम कश्यप के द्वारा गांव के ही महिला के साथ करीब रात्रि 9:00 बजे जब महिला अपने घर में अकेली थी तभी जबरन घर में घुसकर उसके साथ बलात्कार किया महिला के द्वारा विरोध किए जाने पर महिला के साथ विवाह करने का दबाव बनाकर उसे धोखे में रखा इस तरह इनका प्रेम प्रसंग कुछ दिनों तक चलता रहा और यूं ही आरोपी द्वारा धोखे में रखकर पीड़ित महिला के साथ शारीरिक शोषण करता रहा जब बार-बार महिला के द्वारा विवाह के लिए आरोपी उत्तरा कश्यप को कहते तो यूं ही महिला को बहला-फुसलाकर मना लिया जाता था महिला के बताए अनुसार जब वह गर्भ से हो गई तब महिला को विवाह करने का झांसा दे आरोपी द्वारा बिलासपुर ले जाकर वहां कुछ दिनों तक शुभम लाज में रखा और वहां भी उसके साथ लगातार अनाचार करता रहा फिर उसे बिलासपुर में छोड़कर अपने गांव आ गया पीड़ित महिला द्वारा वापस अपने गांव आकर पूरी जानकारी अपने परिजन व गांव के पड़ोसियों को दी।

## महिला उत्थान के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों के लिए लीडरशिप अवार्ड

# ग्लोबल एंपायर अवार्ड दिल्ली में सम्मानित हुई छत्तीसगढ़ की बेटी अनिता चौधरी

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com






ग्लोबल एंपायर इवेंट दिल्ली में आयोजित अवार्ड समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य के सरायपाली में स्थित छोटे से गांव जोगनीपाली की बेटी अनिता चौधरी पटेल को महिला नेतृत्व कर्ता के रूप में अवार्ड का सम्मान प्रदत किया गया। नई दिल्ली में आयोजित वुमन लीडरशिप फोरम ग्लोबल एंपायर अवार्ड समारोह में छत्तीसगढ़ की बेटी अनिता चौधरी पटेल को सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ के छोटे से गांव जोगनीपाली की बेटी ने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करते हुए यह राष्ट्रीय स्तर सम्मान को प्राप्त किया। कौन कहता है कि प्रतिभा केवल शहरों में निवास करती है एक छोटे से गांव की बेटी ने यह राष्ट्रीय सम्मान लेकर यह यह प्रदर्शित किया कि प्रतिभा गांव में भी निवास करती है। अनीता चौधरी को यह अवार्ड महिला उत्थान के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों के लिए लीडरशिप अवार्ड इन स्किल डेवलपमेंट अर्थात महिलाओं में निहित कलाओं को निखारने के लिए प्राप्त हुआ। यह सम्मान समारोह अर्थात ग्लोबल एंपायर अवार्ड नई दिल्ली के 5 स्टार होटल रेडिसन ब्लू में ग्लोबल एंपायर अवार्ड के द्वारा किया गया था अवार्ड समारोह के मुख्य अतिथि राजकुमारी डॉक्टर कल्पना भूषण थी विशिष्ट अतिथि के रूप में सबीना सुल्तान दीपक सिंह एवं प्रशांत मुकुंद थे। इस अवार्ड समारोह में भारत के कोने कोने से आए हुए विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया गया।

अनिता चौधरी पटेल को महिला उत्थान के इस बहुत बड़ी जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए आयोजक समिति द्वारा विभिन्न महिलाओं में से अनिता को ही चयनित किया गया। ज्ञात हो कि जोगनीपाली का यह गांव छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर स्थित पिछड़ा क्षेत्र है।

अनेक सुविधाओं एवं बुनियादी संसाधनों के अभाव से ग्रसित क्षेत्र मे विकास व उत्थान के लिए तथा समर्पित भाव से समाज सेवा के लिए तत्पर रहने वाली अनिता चौधरी पटेल एक समाजसेवी है। जो महिला जागरूपता तथा महिला सशक्तिकरण के कार्यो मे लगे रहती हैं।

# फूलझर प्रतिभा सम्मान 2022 का आयोजन जनवरी में

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

फुलझर क्षेत्र की छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए सुमन खेल एवं शिक्षण समिति ( आर. एस.अंग्रेजी माध्यम हाई स्कूल बगईजोर) के द्वारा फुलझर सम्मान समारोह का आयोजन जनवरी माह में किया जाएगा फुलझर क्षेत्र में शिक्षा,साहित्य, कला, खेल, समाजसेवा, स्वास्थ्य, एवंपर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्ति या संस्था को सम्मानित किया जाएगा चयनित व्यक्ति संस्था को सम्मान पत्र,स्मृति चिन्ह,साल-अंग वस्त्र, श्रीफल से सम्मानित किया जावेगा।सम्मान समारोह के संबंध में प्रसिद्ध शिक्षाविद सी एम प्रधान के मार्गदर्शन में प्रबुद्धजनों की एक बैठक सम्पन्न हुई जिसमे इन पुरस्कारों के चयन के लिए विशेषज्ञों की एक चयन समिति का गठन किया गया है जिसमे क्षेत्र के वरिष्ठ व सम्मानित जन सम्मिलित है। शिक्षा के आर चौधरी पूर्व प्राचार्य,सी एल पुहुप प्राचार्य, नंदकिशोर भोई सहायक प्राध्यापक ,समाज सेवा -खेमराज पटेल पूर्व प्राचार्य, गिरधारी साहू सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार खेल-आर एस साहू वरिष्ठ खेल विशेषज्ञ, ध्रुव मालिक वरिष्ठ खेल विशेषज्ञ, सतीश साहू वरिष्ठ खेल विशेषज्ञ पर्यावरण - विद्याभूषण सतपथी प्रख्यात समाजसेवी दिवाकर मांझी पूर्व प्राचार्य, रविशंकर मांझी सहायक प्राध्यापक, साहित्य -डॉ संध्या भोई सहायक प्राध्यापक, आर एस प्रधान पूर्व प्राचार्य कला- डॉ पी साहू सेवा निवृत्त सहायकप्राध्यापक, रत्नाकर कर तोषराम पटनायक प्रसिद्ध कला विशेषज्ञ आदि शामिल है।

संपादकीय

## अंकिता की हत्या गुस्से में जनता

**उत्तराखंड** में युवा अंकिता भंडारी की हत्या पर शुरुआत में सरकार की प्रतिक्रिया ढीलीढाली रही। एक होटल में महिला रिसेप्निस्ट अंकिता भंडारी की हत्या ने एक बार फिर भारतीय राजनीति का विद्रूप चेहरा दिखा दिया है। पौड़ी जिले के वनान्तर रिजार्ट में काम कर रही लड़की की हत्या का आरोप तीन लोगों पर है जिसमें होटल के मालिक का लड़का भी शामिल



है जो उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी का नेता है। मीडिया खबरों के अनुसार, आरोपी उसे वेश्यावृत्ति में धकेलना चाहते थे जिसका वह विरोध कर रही थी। कहा जाता है कि उसने विनोद आर्य के बेटे व मुख्य आरोपी पुलकित आर्य द्वारा छेड़छाड़ के प्रयास का विरोध किया था। भाजपा ने विनोद आर्य को पार्टी से निकाल दिया है। शनिवार को अंकिता की लाश एक नहर से बरामद हुई। कोई आश्चर्य नहीं कि इस हत्या से जनता का गुस्सा न केवल हिमालयी राज्य, बल्कि सारे देश में भड़क उठा। एक लड़की का जीवन इसलिए छीन लिया गया कि एक राजनेता का बेटा उससे अपनी इच्छानुसार व्यवहार नहीं कर सका। उसने जबरन उसे चूमने तथा वेश्यावृत्ति कराने का प्रयास किया और बात न मानने पर छुटकारा पाने के लिए उसे नहर में धकेल दिया। अंकिता के परिवारी सदस्य न केवल गुस्सा हैं, बल्कि उनको उत्तराखंड अधिकारियों के निर्णयों व कार्रवाइयों पर संदेह है। अंकिता के रिश्तेदारों तथा अन्य लोगों ने श्रीनगर-केदारनाथ राजमार्ग पर प्रदर्शन किया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा उस रिजार्ट को नष्ट करने पर सवाल उठाए जहां पीड़िता काम करती थी। उनका आरोप है कि यह सबूत नष्ट करने का प्रयास है। उन्होंने पहले अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने तक उसके अंतिम संस्कार से भी इनकार कर दिया था क्योंकि अंतरिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहा गया था कि अंकिता की मौत डूबने से हुई थी। विपक्ष ने परिवार का समर्थन किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने इसे 'सुनियोजित हत्या' बताते हुए कहा है कि विध्वंस की कार्रवाई सबूत मिटाने के उद्देश्य से की गई। विपक्ष ने पुलिस पर सुस्ती का आरोप भी लगाया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट राजस्व पटवारी द्वारा दर्ज कराई गई। उत्तराखंड पुलिस प्रमुख अशोक कुमार ने इसमें कुछ गलत नहीं बताया है क्योंकि राज्य में 'राजस्व अधिकारियों द्वारा एफआईआर दर्ज कराने की व्यवस्था है।' लेकिन असली समस्या यह है कि राजनेता अपने मूल कामों को भूल जाते हैं जिसमें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखना तथा कानून-व्यवस्था ठीक रखना शामिल है। इस लापरवाही के साथ ही विभिन्न आयोजन करने में उनकी दिलचस्पी बढ़ती जाती है। उदाहरणार्थ, अंकिता की हत्या के कुछ ही दिन पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपना जन्मदिन देहरादून में दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने इसे 'संकल्प दिवस' का नाम दिया। उनकी पार्टी का एक प्रमुख नारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' है। धामी व अन्य भाजपा नेता लड़कियों की शिक्षा और बेहतरी, महिला सशक्तीकरण, जेंडर न्याय, आदि के बारे में अच्छी-अच्छी बातें करते हैं। इसके साथ ही संकल्प दिवस जैसे आयोजनों पर कुछ उपहार दिए जाते हैं। लेकिन एक लाख उपहार, अच्छी-अच्छी बातें व आयोजन वह काम नहीं कर सकते हैं जो गंभीर प्रशासन व अच्छी पुलिस व्यवस्था से हो सकता है।

# ताइवान पर कब्जे की प्रतीक्षा में चीन

## चीनी सेना अभी ताइवान पर हमले के लिए तैयार नहीं है। इसके लिए आवश्यक सैन्य आधुनिकीकरण में अभी कुछ और समय लगेगा।



**सोनल शुक्ला**
(लेखिका, विदेश नीति विशेषज्ञ हैं।)

**युद्ध** कला सुन ज़ू के अनुसार, 'सभी प्रकार के युद्ध धोखे पर आधारित हैं। इसलिए जब हम हमला करने में सक्षम हो तब दिखाना चाहिए कि ऐसा नहीं कर सकते हैं, अपनी शक्तियों का प्रयोग करते समय हमें निष्क्रिय दिखना चाहिए, जब हम निकट हों तो हमें दुश्मन को विश्वास दिला देना चाहिए कि हम बहुत दूर हैं और जब हम बहुत दूर हों तो दुश्मन को विश्वास दिलाना चाहिए कि हम निकट हैं।' इतिहास इस बात की गवाही देता है कि चीनी तभी हमला करते हैं जब उसकी उम्मीद बहुत कम होती है। तीसरा विश्व युद्ध शुरू करने के लिए 2022 उपयुक्त नहीं है। चीन अभी युद्ध के लिए तैयार नहीं है। उसके पास वर्तमान समय में आक्रमण के लिए समुचित उपकरण नहीं हैं और उसके सैन्य बल संयुक्त जल-थल अभियान के लिए तैयार नहीं हैं जो इस मामले में जरूरी होगा। इस वर्ष शी जिनपिंग अभूतपूर्व रूप से पार्टी की बीसवीं कांग्रेस में तीसरे कार्यकाल के लिए प्रयास करेंगे और इसलिए वे अति-उत्साह छोड़ कर स्थायित्व प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

पुनः चुनाव के ठीक बाद शी के अधिकार को चुनौती देने वाला कोई नहीं होगा। ऐसे में उम्मीद की जाती है कि वे ज्यादा आक्रामक विदेश नीति अपनाएंगे तथा चीन के निकट स्थिति विवादों में ज्यादा हस्तक्षेप करेंगे। ताइवान तथा भारत के साथ सीमा विवाद उनके केन्द्र में हैं। वे प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के खिलाफ ज्यादा आक्रामक दिखना चाहते हैं। अमेरिकन कांग्रेस सेमीकंडक्टर चिप्स पर एक विधेयक पास करने की तैयारी कर रही है और यह भी ताइवान पर बढ़ते टकराव का संकेत है। पेंटागन ने अनुमान लगाया है कि चीन अगले दो साल तक ताइवान पर हमला नहीं करेगा। सीआईए निदेशक ने चेतावनी दी है कि इस दशक में आगे बढ़ने पर ताइवान पर हमले का जोखिम भी बढ़ जाएगा।




ताइवान का एकीकरण शी के लिए व्यक्तिगत विरासत का मामला तथा उनके 'चीनी सपने' का आवश्यक अंग है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी महाशक्ति के रूप में 'चीनी राष्ट्र के महान पुनर्जीवन' के लिए काम कर रही है। इसलिए ताइवान पर कब्जा करना संभवतः उनके तीसरे कार्यकाल में संभव है। यदि ऐसा न हो सके तो यह उनके चौथे कार्यकाल में निश्चित माना जा रहा है। शी ने चीनी सेना के आधुनिकीकरण को 2035 के बजाय 2017 में ही करने का निर्णय किया जिसके अनुसार आधुनिकीकरण के प्रमुख लक्ष्य 2027 तक निश्चित रूप से प्राप्त कर लिए जाएंगे। इस प्रकार यदि पहले नहीं तो इस दशक के अंतिम अर्धांश में ताइवान पर हमले की संभावना है। लेकिन ताइपेई व बीजिंग या वाशिंगटन के साथ बढ़ती दुश्मनी के कारण दुर्घटनावश युद्ध की संभावना को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, हालांकि इसकी संभावनायें कम हैं। शी पुतिन द्वारा की गई गलती नहीं दुहराना चाहते हैं। इस प्रकार वे चीन के पूरी तरह तैयार होने से पहले हमला नहीं करेंगे ताकि ताइपेई पर निश्चित रूप से थोड़े ही समय में कब्जा कर सकें।

अमेरिकी सेना के जनरल डगलस मैक्आर्थर ने ताइवान को 'न डूबने वाला विमानवाहक पोत तथा पनडुब्बी अड्डा' बताया है। इसका बीजिंग तथा वाशिंगटन के लिए असाधारण रणनीतिक व सुरक्षा संबंधी महत्व है। इससे महत्वपूर्ण रूप से फिलीपीन्स सागर, पूर्वी व दक्षिणी चीन सागर के बीच के समुद्र तथा पश्चिमी प्रशांत पर नियंत्रण रखा जा सकता है जो जापान से इंडोनेशिया तक फैला हुआ है। इसके साथ ही ताइवान दूसरी द्वीपीय श्रृंखला है जो अमेरिकी सैनिक अड्डे गुआम की सीमा में आता है। ताइपेई पर बीजिंग के नियंत्रण से चीनी सैनिक शक्ति में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा फिलीपीन सागर में उसकी निगरानी व कार्रवाई क्षमता में वृद्धि होगी। इससे अमेरिकी सेना की वहां कार्रवाई क्षमता घटेगी, अमेरिकी नौसैनिक व वायुसैनिक कार्रवाइयों की क्षमता प्रभावित होगी। इससे वह विवादित द्वीपों पर चीनी हमले की स्थिति में अपनी रक्षा संधि से जुड़े जापान, दक्षिण कोरिया व फिलीपीन्स की रक्षा करने में कमजोर हो जाएगा। ताइवान पर नियंत्रण न होने पर अमेरिका व चीन के बीच टकराव की स्थिति में वाशिंगटन चीन के सतही राडार सिस्टमों व लड़ाकू जहाजों को नष्ट कर देख जो फिलीपीन सागर में चुपचाप प्रवेश करने का खतरा पैदा करेंगे।

लेकिन ताइवान पर नियंत्रण से चीन को द्वीप के पूर्वी तट पर हाइड्रोफोन तैनात करने में सुविधा होगी। वर्तमान समय में बीजिंग के नियंत्रण वाले प्रथम प्रायद्वीप की तुलना में यहां समुद्र ज्यादा गहरा है। इन हाइड्रोफोनों को नष्ट करना कठिन होगा जो हजारों मील दूर से आने वाले अमेरिकी लड़ाकू जहाजों की स्थिति बता देंगे। इसलिए ताइवान पर चीन का कब्जा 'गेम चेंजर' साबित हो सकता है। अमेरिकी युद्धपोतों का पता लगने के बाद वे चीनी पनडुब्बियों का आसान निशाना बन सकते हैं जो फिलीपीन के समुद्र में आजादी से भ्रमण कर सकेंगी। इससे अमेरिका प्रशांत महासागर में अपने हितों की रक्षा करने में अक्षम हो जाएगा। ताइवान पर चीनी कब्जे के बाद उत्तर-पूर्वी एशियान की जहाजरानी सेवाओं पर चीनी नियंत्रण का खतरा मंडराने लगेगा।

सबसे बड़े सेमीकंडक्टर चिप सप्लायर तथा नैनो चिप्स पर लगभग एकाधिकार रखने वाला ताइपेई वाशिंगटन व बीजिंग के लिए अत्यधिक आर्थिक व तकनीकी महत्व का क्षेत्र है। इसलिए ताइपेई पर नियंत्रण से बीजिंग की अंतरिक्ष, सैनिक व आर्थिक प्रगति में भारी तेजी आएगी। इसके साथ ही वह पश्चिम के तकनीकी-औद्योगिक समुच्चय को भारी नुकसान पहुंचा सकेगा। बीजिंग द्वारा टकराव की स्थिति में अपनाई जाने वाली 'सलामी स्लाइसिंग' प्रमुख रणनीति है। इसका अर्थ विवादित क्षेत्र में अनियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराना तथा इसके बाद स्थाई कब्जे या स्थाई उपस्थिति की स्थिति पैदा करना है। मध्यवर्ती रेखा के अस्तित्व से इनकार तथा बार-बार इसे पार करने के माध्यम से चीन वाइवान के एडीआईजेड क्षेत्र का उल्लंघन करता है। वह ताइवान जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय समुद्र के बजाय चीनी नियंत्रण वाला क्षेत्र मानता है और इस द्वीप के निकट सैनिक अभ्यास करता है। ऐसा कर तथा नाकेबंदी के माध्यम से बीजिंग नई स्थितियों को सामान्य बनाना चाहता है। मजेदार बात है कि इस बार बीजिंग ने वाशिंगटन पर ही 'एक चीन नीति' की सलामी स्लाइसिंग का आरोप लगाया है। अमेरिका ताइवान से अपने संबंधों पर एक इंच भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। उसने दोनों देशों के बीच व्यापार व निवेश बढ़ाने की व्यापारिक पहल की है तथा द्वीप पर अनेक उच्च पदस्थ अधिकारी व राजनेता जाते रहते हैं। हालांकि, 'रणनीतिक अस्पष्टता' की नीति में भी अनेक समस्यायें हैं। बाइडेन ने तीन बार घोषणा की है कि यदि हमला होता है तो अमेरिका सैनिक हस्तक्षेप करेगा। ताइवान रिलेशन्स एक्ट, 1979 अब अमेरिका का घरेलू कानून है। इसके अनुसार बीजिंग द्वारा बल प्रयोग की स्थिति में वह ताइवान की रक्षा करेगा। महत्वपूर्ण है कि ताइवान की रक्षा के लिए न जाना वाशिंगटन के अपने हितों के भी विरुद्ध है। बीजिंग द्वारा हमले के परिदृश्य में उसके कमजोर बिंदुओं को सटीक लाजिस्टिक्स के रूप में पहचाना गया है जो हमले के जल-थल रूप के लिए महत्वपूर्ण है। पीएलए के पास उभयचर वाहनों तथा जटिल लाजिस्टिक मिशनों व सैनिक परिवहन विमानों के लिए प्रशिक्षित सैनिकों की कमी है। शी ने निर्देश दिए हैं कि चीनी रक्षा उद्योग खासकर ऐसे हथियार तैयार करे जिनका प्रयोग ताइपेई के बचाव में आने वाले अमेरिकी या अन्य मित्र देशों की सेनाओं के खिलाफ किया जा सके। इन आयुधों में एकदम सटीक व मारक मिसाइलें व क्रूज़ मिसाइलें, समन्वित वायु रक्षा प्रणालियां व उपग्रह-मारक मिसाइलें तथा इनके समर्थन में नाभिकीय हथियारों का भारी भंडार शामिल हैं। वाशिंगटन ताइवान को एंटी-शिप मिसाइलों व हवा से हवा में मार करने वाले आयुधों की सप्लाई कर इस असमान युद्ध के लिए तैयार कर रहा है। ताइवान ने अपने रक्षा रणनीति में परिवर्तन कर इसे 'पोरकूपीन रणनीति' में बदला है जिसमें माइनों, छोटी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों, नागरिक सुरक्षा तथा गुरिल्ला प्रतिरोध शामिल हैं। यह अनुमान लगाना कठिन है कि हमले की स्थिति में अमेरिका की सहभागिता किस स्तर की होगी, लेकिन इसके सैनिक हस्तक्षेप होने की संभावना है। हमले के लंबा चलने की संभावना है। इससे निपटने के लिए ताइवान को सैनिक, खाद्यान्न व अन्य आवश्यक सामग्रियों की सप्लाई सुनिश्चित करनी होगी ताकि वह चीन को लंबे समय तक रोक सके। लेकिन युद्ध में अंततः आम ताइवानी जनता की सहभागिता सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। दुनिया में ताइवान वाशिंगटन तथा बीजिंग के लिए सबसे कठिन समस्या है।

# डिजिटल स्वास्थ्य सेवा हेतु बेहतर कनेक्टिविटी

**नितेंद्र सिसोदिया**
(लेखक, चिकित्सा क्षेत्र से संबद्ध हैं)

**डिजिटल** स्वास्थ्य वितरण सेवा लोकप्रियता प्राप्त कर रही है, लेकिन ग्रामीण भारत में इसका विस्तार कनेक्टिविटी पर निर्भर करेगा। अधिकांश उद्योगों और जीवन-दायरों की तरह, भारत में स्वास्थ्य सेवा भी कई स्तरों पर डिजिटलीकरण के दौर से गुजर रही है। भले ही सरकार ने अपने ऐतिहासिक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (एनडीएचएम) के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व किया है, जिसे कि अब आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) नाम दिया गया है, मगर स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत निजी क्षेत्र भी धीरे-धीरे डिजिटलीकरण को अपना रहा है। कम से कम मेट्रो शहरों और बड़े शहरों में कुछ छोटे शहरों के अलावा, कई निजी और साथ ही तृतीयक देखभाल प्रदान करने वाले सार्वजनिक अस्पताल हाल के दिनों में किसी न किसी प्रकार के डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना (या उन्नयन) और संसाधनों और कर्मियों को आवंटित करने में लगे हुए हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में रोगी डेटा का प्रबंधन करने के लिए अस्पताल सूचना प्रणाली, अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड्स (ईएमआर), आदि के संदर्भ में स्वास्थ्य सेवा आईटी अनुप्रयोगों का कार्यान्वयन भी शामिल होगा। इसी तरह, रोगी भी अधिक डिजिटल प्रौद्योगिकी-प्रेमी स्वास्थ्य देखभाल रिसीवर के रूप में विकसित हो रहे हैं, स्मार्टफोन और अन्य उपकरणों का उपयोग न केवल वे नैदानिक रिपोर्ट और डॉक्टरों के नुस्खे को संग्रहीत करने के लिए, बल्कि अपॉइंटमेंट लेने, परामर्श करने, घर-आधारित निदान और परीक्षण सुविधाओं का उपयोग करने और दवाओं का ऑर्डर करने के लिए भी कर रहे हैं। डिजिटल हेल्थ रिकार्ड रखने से रोगी को डाक्टरों से संपर्क करने तथा उनसे विचार-विमर्श में आसानी होती है। एनडीएचएम कार्यक्रम को 2020 में छह केंद्र शासित प्रदेशों में पायलट परियोजना के बतौर लॉन्च किया गया था, जब तीन प्रमुख रजिस्ट्रियां जैसे हेल्थ आईडी, हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री (एचपीआर), हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री (एचएफआर) और डेटा एक्सचेंज के लिए डिजिटल ढांचा विकसित और कार्यान्वित किया गया था। इस सफलता के आधार पर, कार्यक्रम का सितंबर 2021 में देशव्यापी रोलआउट में विस्तार किया गया, जिसमें आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा), स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री, आभा ऐप, हेल्थकेयर पेशेवर रजिस्ट्री और एकीकृत स्वास्थ्य इंटरफेस (यूएचआई) जैसे प्रमुख घटकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

शुरू करने के एक साल के भीतर, स्वास्थ्य सेवाओं के इस डिजिटलीकरण कार्यक्रम ने काफी सफलता दर्ज की है। एबीडीएम वेबसाइट के अनुसार 12 सितंबर, 2022 तक, 24 करोड़ से अधिक आभा नंबर बनाए गए हैं, जिसमें 1,44,371 स्वास्थ्य सुविधाएं और 69,312 स्वास्थ्य पेशेवर पंजीकृत हैं, साथ ही सात लाख से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड ऐप डाउनलोड हैं। इस साल जुलाई तक, 32 निजी संस्थाओं सहित 52 डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं / अनुप्रयोगों को एबीडीएम के साथ एकीकृत किया गया है। इसके अलावा, जुलाई के अंत तक, एबीडीएम सैंडबॉक्स, जो कि डिजिटल ऐप या स्वास्थ्य उत्पाद को वास्तविक उपयोग के लिए प्रसारित किए जाने से पहले, एकीकरण के प्रयोग का डिजीटल स्थान है, में 919 हेल्थटेक इनोवेटर्स थे। जबकि 24 करोड़ से अधिक आभा नंबर पहले ही भारत की आबादी का एक-छठा हिस्सा हो सकते हैं, मगर सच्चाई यह है कि स्वास्थ्य सेवा वैल्यू चैन का एक बड़ा हिस्सा सरकार द्वारा संचालित एबीडीएम अभियान से बाहर है।

सरकार के अपने आंकड़ों के मुताबिक करीब 12 लाख स्वास्थ्य सुविधाओं में से महज 1.4 लाख सुविधाएं ही एबीडीएम मंच से जुड़ी हैं। इसी तरह, आज 50 लाख हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स में से केवल 69,000 का मंच से जुड़ना पुनः एक नगण्य संख्या है। इससे स्पष्ट है कि ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों को स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण से जोड़ना जरूरी है। स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण के लिए बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बिना इसका देशव्यापी विस्तार असंभव है। नेशनल हेल्थ प्रोफाइल 2019 के अनुसार, ग्रामीण भारत के केवल 65 प्रतिशत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कंप्यूटर थे। और तथ्य यह है कि 65 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण भारत में अभी भी इंटरनेट नहीं है। हालांकि, राष्ट्रव्यापी एबीडीएम की शुरुआत को केवल एक वर्ष ही हुआ है। उम्मीद है कि इंटरनेट और डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए एक देशव्यापी बुनियादी ढांचे की नींव अगले 25 वर्षों में एक बेहतर इंटरनेट-संपन्न भारत सुनिश्चित करेगी। यह संभावना है कि शुरू में दर्जा एक और दर्जा -दो श्रेणी वाले शहरों में स्वास्थ्य सुविधाएं डिजिटल राह अपनाएंगी। समूची वैल्यू चैन में सभी हितधारकों को राज्यों में नियामकों व एजेंसियों, सेवा प्रदाताओं, अस्पतालों, चिकित्सा पेशेवरों, नैदानिक प्रयोगशालाओं, स्वास्थ्य सेवा सॉफ्टवेयर विक्रेताओं, डिजिटल सहमति समाधान प्रदाताओं, ईएचआर/ ईएमआर/ पीएचआर समाधान प्रदाताओं, हार्डवेयर निर्माताओं और बीमा कंपनियों , सभी के हितों का ध्यान रखने के लिए आम सहमति तक पहुंचने की आवश्यकता है। यह देखते हुए कि 75 प्रतिशत से अधिक बाह्य मरीजों और 60 प्रतिशत भर्ती मरीजों को निजी सुविधाओं में इलाज मिलता है, ऐसे में निजी खिलाड़ियों को पर्याप्त रूप से प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।

भारत में आज भी सरकारी अस्पतालों के बजाय निजी स्वास्थ्य सेवाओं का वर्चस्व है तथा उनका विस्तार हो रहा है। निजी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए तदनुसार, उपयुक्त पीपीपी मॉडल तैयार करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, रोगी रिकॉर्ड निर्माताओं और सॉफ्टवेयर प्रदाताओं को इंटरऑपरेबल सिस्टम जैसे कि फ्री और ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर डिजाइन करने के लिए आश्वस्त होने की जरूरत है। इसी तरह, अस्पतालों को अपने सिस्टम को अपग्रेड करना होगा। महत्वपूर्ण रूप से, कानूनी ढांचे के साथ-साथ तकनीकी नवाचारों के माध्यम से डेटा की गोपनीयता और गोपनीयता सुनिश्चित की जानी चाहिए। पहले ही, भारत ने अद्भुत संख्या में हेल्थटेक स्टार्टअप्स का उदय देखा है। आईओटी की दुनिया में, कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग और रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) का आगमन न केवल बेहतर नैदानिक निर्णय लेने और उपचार के निजीकरण को उत्प्रेरित कर रहे है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान, सस्ती दवा की खोज, रोग निगरानी, यहां तक कि बीमारियों की भविष्यवाणी के मामले में भी, अधिकारियों की मदद कर रहे हैं। इसलिए, डिजिटलीकरण हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य वितरण तंत्र में काफी सुधार कर रहा है।

देश भर में डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया विशाल कोविड -19 टीकाकरण अभ्यास इस सुधार की मिसाल है, यहां तक कि हम एबीडीएम पर काम करना और उसमें सुधार करना जारी रखे हैं। उम्मीद है कि वर्तमान समय में स्वतंत्रता का अमृत काल मनाने वाले भारत में 2047 तक, स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क कहीं अधिक कुशलता प्रभावी ढंग से डिजिटल हो जाएगा। इससे हम सभी नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।

## फरमाया



**पीएफआई** पर देशव्यापी छापों के बाद केवल केरल में दयनीय स्थिति क्यों दिखी? यह केरल के लिए काला दिन है।

**- प्रकाश जावड़ेकर**
भाजपा नेता



**पीएफआई** द्वारा केरल में बुलाई हड़ताल में पूर्व-नियोजित हिंसा दिखी। राज्य में संगठित व हिंसक हस्तक्षेप हुआ है।

**- पिनाराई विजयन**
केरल के मुख्यमंत्री



**यदि** हिंदुस्तान के हिंदू तथा मराठी हिंदू मामला अपने हाथ में ले लें तो ये बदमाश कहां मुंह छिपाएंगे?

**- राज ठाकरे**
मनसे प्रमुख

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## हैवानियत पर लगाम

**देश** में हैवानियत हद पार करने लग गई है। देश में, प्रदेशों में और स्थानीय प्रशासनों के पास संवैधानिक शक्ति से लबरेज विशाल अमला होने के बावजूद आखिर क्यों कानून व्यवस्था डगमगा रही है ? महिलायें, युवतियां और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं आये दिन हो रही हैं। अब तो बालक भी इस तरह की जघन्य घटना का शिकार हो गया। दिल्ली में 12 वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म, मारपीट व बेहोश होने की घटना सामने आई है। महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने भी घटना पर नाराजगी जताते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करके रिपोर्ट मांगी है। सरकार कतिपय लोगों में बढ़ती हैवानियत पर शीघ्र संज्ञान ले और इसकी रोकथाम के लिए उचित व सख्त कदम उठाये। अगर कहीं प्रशासनिक चूक या लापरवाही हो रही है तो उसमें भी सुधार करने के प्रयास करे ताकि लोगों में हैवानियत खत्म हो और इंसानियत जागे। जनता में इंसानियत जगाने के लिए केवल कानून लागू करने वाली एजेंसियों व पुलिस प्रशासन के साथ ही धर्मगुरुओं, समाजसुधारकों तथा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से बुजुर्गों को अपनी भूमिका निभानी होगी।

**-शकुंतला महेश, इंदौर**

## नशे का अवैध व्यापार

**दिल्ली** पुलिस ने गिरफ्तार अफगानी मूल के दो तस्करों की निशानदेही पर मुम्बई के बन्दरगाह से 345 किग्रा हेरोइन बरामद किया। नशीले पदार्थो की यह खेप पिछले वर्ष कंटेनर में रखकर अफगानिस्तान, ईरान और दुबई के रास्ते नावा शेवा बन्दरगाह मुम्बई मंगाई गई थी। इसे मुलेठी की जड़ों के ऊपर लेप लगाकर भेजा गया था। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1750 करोड़ रुपये आंकी गई। इन्हीं अफगान तस्करों की निशान देही पर 312.5 किलोग्राम मेथामफेटामाइन और 10 किलोग्राम हेरोइन लखनऊ से बरामद की गई। भारत में ड्रग्स तस्कर वर्षो से सक्रिय हैं जो सीमापार से पंजाब, कश्मीर, उत्तरपूर्व क्षेत्रों, समुद्री रास्ते, ड्रोनों द्वारा मादक पदार्थों को सीमा के अंदर बैठे एजेंटों के पास पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। जिसका उपयोग आतंकवाद और अराजकता फैलाने के लिये उपयोग हो रहा है। लेकिन हमारे देश की सक्रिय सुरक्षा व्यवस्था का जाल दिनोंदिन मजबूत हो रहा है। सरकार को चाहिए कि विदेशी तत्वों के इशारे पर नाचने वाले देशद्रोही तत्वों का पता लगाकर उन्हें सख्त सजा देने की ओर ध्यान दे।

**-कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

## बेटियों का संपूर्ण विकास

**बेटियों** को अपने सर्वांगीण विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना आज के दौर में समाज और सरकार का प्रमुख दायित्व है। लैंगिक आधार पर बेटियों से कोई भेदभाव पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर नहीं होना चाहिए। उनकी रूचि के अनुसार उन्हें मार्गदर्शन एवं उस क्षेत्र में उन्नति करने के संसाधन उन्हें सरकार और समाज द्वारा मुहैया करवाए जाने चाहिए। बेटियों के सपनों को साकार करने में सहभागी बनकर सरकार और समाज को समानता का वातावरण निर्मित करने में अपना योगदान प्रदान करना चाहिए। बेटियों के सपने तभी पूरे हो सकते हैं जब हम उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कौशल विकास संबंधी उनकी मूलभूत जरूरतों को उन्हें अच्छे से प्रदान कर सकेंगे। सुदूर इलाकों में बेटियों को कुरीतियों एवं अंधविश्वासों से बचाने के संबंध में भी जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है। बाल विवाह पर भी रोक लगना चाहिए। भ्रूण हत्या हमारे समाज के लिए एक अभिशाप के समान है। महिला विकास के लिए भ्रूण हत्या पर पूरी तरह से रोक लगना भी आवश्यक है।

**-ललित महालकरी,** इंदौर

मुस्कुराहट आप लोगों का सबसे बड़ा गुण, इसे हमेशा बनाये रखिये

# अग्रसेन जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के लोगों के उद्यम और स्वभाव की प्रशंसा की सीएम ने








पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग में आयोजित अग्रवाल समाज के कार्यक्रम में कहा कि मैंने आपके ग्राहकों की जेब में पैसे डालने का काम किया है। अर्थव्यवस्था की जड़ को सींच दिया है। इससे पत्ते स्वतः ही लहरा रहे हैं। उद्यम के लिए अच्छा स्वभाव बहुत जरूरी है और मुस्कुराहट इसका बड़ा गुण है। आप लोग इसे हमेशा कायम रखें। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नवरात्रि भी है और अग्रसेन महाराज की जयंती भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों की विशेषता है कि जब ग्राहक आपके सामने हो तो आप मुस्कराते रहते हैं। मुस्कुराना हमारा सबसे अच्छा गुण है। इसे हमेशा अपने साथ रखिये। अग्रसेन महाराज के गुणों के बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था को गतिशील रखने में आपका बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की नीतियां बेहतर हों तो व्यापार फलता फूलता है। हमने ऐसी ही नीति बनाई। आज आपके चेहरे की मुस्कराहट देखकर अच्छा लगता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारी सरकार आई तो यह शंका थी कि ये तो किसानों की सरकार है। गरीबों की सरकार है। हमारे लिए क्या करेगी। फिर जब किसान का पैसा बाजार में भी आया तो व्यापारियों को लगा कि सजग और जागरूक नीति से हर वर्ग का लाभ होता है। जब एक बड़ा तबका बढ़ता है तो अन्य तबकों का भी स्वतः ही विकास होता है। उन्होंने रीयल एस्टेट से लेकर राइस मिलर्स तक सभी वर्ग के लोगों के लिए किए गए सरकार के कार्यों के बारे में बताया। इस मौके पर अपने संबोधन में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आप लोगों ने आज समाज में अच्छा कार्य कर रहे लोगों का सम्मान किया। ये बहुत अच्छी बात है। इससे प्रोत्साहन मिलता है। इस मौके पर अपने संबोधन में दुर्ग विधायक अरुण वोरा ने अग्रवाल समाज के कार्यों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि समाज के सेवा कार्य सभी वर्गों के लिए लाभप्रद हुए हैं।

इस मौके पर महापौर धीरज बाकलीवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने समाज के उल्लेखनीय कार्य करने वाले सामाजिकजनों का सम्मान भी किया।

# भिलाई के सुभाष मार्केट में तैयार हो रहा है सोलर लाइट युक्त हाट बाजार, मार्केट को व्यवस्थित करने सजेगा बाजार

## निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने निरीक्षण कर लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत भिलाई खुसीपार के वार्ड क्रमांक 49 सुभाष मार्केट में हाट बाजार का निर्माण किया गया है। मार्केट को सुव्यवस्थित करने के लिए हाट बाजार अब महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, वही यहां पर व्यापार करने वालों को अच्छी सुविधा मिल पाएगी। विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की पहल पर भिलाई शहर में यह पहला अच्छा सुसज्जित मार्केट होगा। लगभग 68 लाख की लागत से हाट बाजार का निर्माण किया गया है। इस बाजार का निर्माण एजेंसी मेसर्स आर आर साहू कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया गया है। हाट बाजार में खास बात यह है कि यहां लाइट सोलर की है जो विद्युत अवरुद्ध होने पर भी जलती रहेगी और अपने रौशनी से बाजार को प्रकाशमय रखेगी। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने इस बाजार का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आसपास के अतिक्रमण पर कार्रवाई करे तथा एक मुख्य द्वार भी बनाए। हाट बाजार राज्य परिवर्तित योजना के तहत निर्माण किया जा रहा है,जो कि लगभग पुर्ण हो चुका है। इस हाट बाजार में 60 चबूतरे का निर्माण किया गया है। राम चौक के पास मछ्ली मार्केट के ठीक पीछे इन चबूतरो का निर्माण किया गया है। धूप और बारिश से बचने के लिए शेड का निर्माण किया गया है। प्रसाधन की भी व्यवस्था की जा रही है। बाजार में पेवर ब्लॉक लगाए गए हैं वहीं पेयजल की भी व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पांडे मौजूद रहे। आज निगमायुक्त ने बैकुंठधाम क्षेत्र का भी निरीक्षण किया उन्होंने नवरात्र पर्व को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं का शहर में जायजा लिया। बैकुंठ धाम तलाब परिसर की सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने कहा कि शहर में जितने भी वॉल चेंबर खुले हुए हैं उनमें अनिवार्य रूप से ढक्कन लगावे और सफाई भी करावे। निरीक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी सुदामा परघनीया, श्याम, वीरेंद्र बंजारे एवं टिकेश साहू आदि मौजूद रहे।

# पुस्तक के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के लिए पहुंच गई है पुस्तक यात्रा बेमेतरा में

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वर्ष 2019 की तरह इस वर्ष भी विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि जगाने एक पुस्तक यात्रा डॉ. सी. वी रमन यूनिवर्सिटी बिलासपुर एवं वनमाली सृजनपीठ छत्तीसगढ़ द्वारा निकाली जा रही है। 27 सितंबर को पुस्तक यात्रा बेमेतरा पहुंचेगी, जहाँ यात्रा की अगवानी आईसेक्ट के विद्यार्थी करेंगे। वे एक रैली के रूप में इसे लेकर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय पहुँचेंगे जहाँ यात्रा का पड़ाव है। शाला में इस अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा होंगे।उल्लेखनीय है कि विगत 22 सितंबर को राज्यपाल अनुसुइया उइके ने रायपुर से इस पुस्तक यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रायपुर से रवाना किया है। यह पुस्तक यात्रा 8 दिन में 18 जिलों का भ्रमण करेगी । बेमेतरा में आयोजित कार्यक्रम में इस यात्रा के उपलक्ष्य में पूर्व में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को माननीय मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार दिए जाएँगे यहां विभिन्न प्रतियोगिताएं होगी जिसमे मुख्य रूप से निबंध प्रतियोगिता विषय पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र हैं नारा लेखन प्रतियोगिता विषय आजादी की 75 वीं वर्षगांठ, देशभक्ति चित्रकला प्रतियोगिता विषय पर्यावरण संरक्षण है।

इस कार्यक्रम में तीन साहित्यकारों सुनील झा, ईश्वर आरुग एवं तुकाराम साहू का सम्मान होगा। उत्कृष्ट शिक्षण करने वाली तीन शिक्षिकाएँ भी कार्यक्रम में सम्मानित की जाएँगी उनके नाम हैं- आंचल वर्मा, सोमा घोष, एवं कुमारी हिमकल्याणी सिन्हा शामिल है। उक्ताशय की जानकारी आईसेक्ट बेमेतरा के प्रभारी एवं वनमाली सृजन पीठ बेमेतरा के अध्यक्ष दिनेश गौतम ने दी है।

# गोड़ वंश की देवी महामाया मन्दिर आस्था का बड़ा केंद्र, दर्शन से होती ही मनोकामनाओं की पूर्ति

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ पर्यटन के मानचित्र पर एक प्रमुख नाम नवागढ़ स्थित माँ महामाया शारदा मन्दिर का है।जिससे नवागढ़ सहित क्षेत्रभर की आस्थाएँ जुड़ी हुई है। प्राचीन काल में गोड राजा नरवर साय द्वारा स्थापित माँ महामाया का मंदिर धीरे-धीरे तीर्थ का रूप ले रहा है।शारदीय एवं चैत्र नवरात्र में हजारों की संख्या में लोग दर्शन को जुटते है। माँ महामाया मन्दिर में परंपरा अनुसार प्रथम व प्रमुख ज्योत नगर के जमीदार परिवार के द्वारा जलाया जाता है। इस बार भी विकास धर दीवान ने आचार्य श्रीकांत शर्मा के मंत्रोचार द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन कर जलाया। ज्योति प्रज्वलन के समय श्याम बिहारी श्रीवास्तव, जितेंद्र नाथ योगी, रामनाथ योगी सहित श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। जानकारों के अनुसार माँ महामाया मन्दिर की स्थापना नवागढ़ गोड वंश के राजा नरवरसाय ने किया था,जिनके नाम पर पूर्व में नवागढ़ को नरवरगढ़ के रूप में जाना जाता था। इतिहास के जानकार बताते है कि राजा नरवर साय शक्ति के उपासक थे, उन्होंने अपने किले के भीतर मां महामाई की मूर्ति स्थापित कर एक छोटे से मंदिर का निर्माण कराया था, जो आज उनके धार्मिक आस्था के रूप में हमारे ग्राम का मुख्य शक्ति आराधना केन्द्र है।

### शारदा मन्दिर का निर्माण भी ऐतिहासिक घटना

सन् 1973-74 में यहाँ एक विशाल टिला (टापू) था। शारदीय नवरात्रि का समय था,कि एक भक्त विष्णु प्रसाद मिश्रा के अंदर मां शारदा की शक्ति आती थी। तब दिनांक क्वार सुदी एकादशी,तारीख 13 जनवरी 1973 को वे अभी जहाँ माँ शारदा की मूर्ति विराजमान है, वहाँ पर बैठ गए। तब ग्रामवासी सलाह मशविरा कर चंदा वसूली कर रुपए इकट्ठा करके आपसी सहयोग से मंदिर का निर्माण किये। आज मां शारदा का मंदिर आस्था और उपासना का केन्द्र है। दोनों पर्वो में भक्तों द्वारा ज्योति प्रज्वलित की जाती है। ऐसा कहा जाता है जिस स्थान पर मां शारदा का मंदिर बना है, मूर्ति विराजमान है वहां लगभग समान्य धरातल से 200 फीट का उंचा टीला था, वह टीला राजा नरवरसाय का मार्ग दर्शक था। उस टीले के उपर कहा जाता है 200 फीट उची सीढ़ीनुमा एक चबुतरा था।

# कलाकारों ने अपनी कला से भिम्भौरी को एक अलग पहचान दिलाई : योगेश तिवारी



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला ब्लॉक के ग्राम भिंभौरी में दो दिवसीय पुरखा के सुरता मानस तिहार कार्यक्रम के समापन में किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में क्षेत्र के दिवंगत कलाकारों को याद कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रदेश की ख्यातिलब्ध मानस मण्डलियों के द्वारा सस्वर मानस-गान किया गया। जिसमें प्रभु श्रीराम की महिमा का बखान किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए किसान नेता ने कहा कि आसपास के क्षेत्र में हर्षोल्लास का वातावरण बना हुआ है। भिम्भौरी के 65 कलाकारों को पीतर के अवसर पर याद किया गया। जिन्होंने अपनी कला के माध्यम से छतीसगढ़ में भिम्भौरी को एक अलग पहचान दिलाई है। आयोजन के लिए समिति के सभी सदस्य को तहेदिल से धन्यवाद देता हूं। समिति में एक सदस्य के रुप में जुड़ना चाहता हूं। जिसकी सोच सकारात्मक है। कार्यक्रम में संयोजक विनोद कुमार साहू, सालिक वर्मा, हरिश्चंद्र गुरुजी, बबला वर्मा, भूषण वर्मा, तोरण नायक, अनिल रजक, देवलाल सिन्हा, राजु साहू, लखन चक्रधारी, राकेश परगहनिया उपस्थित थे।

# 8 साल से पुलिस को चकमा देकर फरार स्थायी वारंटी को पुलिस ने धर दबोचा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

थाना पंडरिया पुलिस को थाना क्षेत्राअंतर्गत अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉं. लाल उमेंद सिंह के द्वारा स्थायी वारंटियो को पकडने हेतु कडे निर्देश दिये गये थे जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंकज पटेल के मार्गदर्शन पर निरीक्षक दुर्गेश रावटे थाना पंडरिय के कुशल नेतृत्व में छापेमारी की कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था कि 25 सितम्बर को पंडरिया से टीम गठित कर रायपुर के स्थई वारंटी बालकृष्ण बरवा पिता मनीलाल बरवा उम्र 48 साल साकिन अमलीडीह पानी टंकी के पास बरडिया विहार वार्ड क्र0 10 रायपुर छ0ग0 को पकड कर स्थायी वारंटी तामिली हेतु न्याया से आदेशित किया गया था,जो पंडरिया टीम द्वारा उक्त स्थाई वारंटी को रातो रात छापा मारकर रायपुर से गिरफ्तार किया गया जो आज दिनांक 26-09-22 को उक्त् स्थायी वारंटी को न्यायालय पेश किया गया। अभियुक्त का जेल वारंट बनने पर उप जेल कवर्धा दाखिल किया गया है। उक्त् कार्यवाही में सउनि. सउनि. उमा उपाध्याय, प्र.आर. 378 राधेश्याम चंद्रवंशी, आर0 आकाश भोई का सराहनीय योगदान रहा।




# कैबिनेट मंत्री का ध्यान सहसपुर लोहारा नगर पंचायत की व्यवस्था सुधारने पर

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व कवर्धा के विधायक मोहम्मद अकबर के निर्देश पर सहसपुर लोहारा नगर पंचायत क्षेत्र के 59 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के किस्त की 32.38 लाख रूपए की राशि का भुगतान किया गया। कैबिनेट मंत्री के प्रयासों से सहसपुर लोहारा नगर पंचायत को प्रधानमंत्री आवास योजना के 75 लाख रूपए की राशि और प्राप्त हुई है जिसे हितग्राहियों को किस्त की राशि का भुगतान किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर सहसपुर लोहारा नगर पंचायत क्षेत्र की व्यवस्था को सुधारने में लगे है। पिछले दिनों उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर समीक्षा बैठक ली थी। उनके साथ बैठक में कलेक्टर जन्मेजय महोबे भी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में नगर पंचायत में व्याप्त अव्यवस्था की जानकारी कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर को प्राप्त हुई थी। इन अव्यवस्थाओं को देखते हुए तत्कालीन सी.एम.ओ. वी.एन. सिंह को निलम्बित करने का निर्णय लिया गया था। समीक्षा बैठक में कैबिनेट मंत्री इस बात से अवगत हुए थे कि 04 अगस्त 2022 के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के किस्त की राशि का भुगतान हितग्राहियों को नहीं किया गया है। मंत्री अकबर ने नव पदस्थ सी.एम.ओ. नरेश कुमार वर्मा को प्रधानमंत्री आवास योजना के किस्त की राशि का हितग्राहियों को भुगतान करने का निर्देश दिया। कैबिनेट मंत्री के निर्देश के मद्देनजर सी.एम.ओ. नरेश कुमार वर्मा ने 22 सितम्बर को सहसपुर लोहारा नगर पंचायत क्षेत्र के 59 हितग्राहियों को 32.38 लाख रूपए का भुगतान उनके खाते में राशि पहुंचाकर कर दिया। केवल इतना ही नहीं बल्कि कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रयासों से 22 सितम्बर को ही राज्य शहरी विकास अभिकरण (सुडा) नवा रायपुर से प्रधानमंत्री आवास योजना की 75 लाख रूपए की राशि का भुगतान सहसपुर लोहारा नगर पंचायत को प्राप्त हो गया है। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने इस राशि को भी प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की खाते में पहुंचाने का निर्देश दिया है। सहसपुर लोहारा नगर पंचायत के सी.एम.ओ. नरेश कुमार वर्मा ने बताया कि कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देश का पालन करते हुए 75 लाख रूपए की राशि को हितग्राहियों के खाते में पहुंचाने का काम एक-दो दिन में ही कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर सहसपुर लोहारा नगर पंचायत के निवासियों की सुविधा व क्षेत्र में विकास कार्यों पर ध्यान केन्द्रित किए हुए है।

# जन सामान्य और विधार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुझान बढ़ाने पुस्तक यात्रा पहुंची

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




कोरोना महामारी के बाद वर्ष 2019 की तरह इस वर्ष भी विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि जगाने पुस्तक यात्रा डा. सीवी रमन यूनिवर्सिटी कोटा बिलासपुर द्वारा 22 सितंबर से निकाली गई है। इस कड़ी मे पुस्तक यात्रा रायपुर, राजिम,बालोद, राजनांदगांव, दुर्ग , भिलाई, सुपेला, धमधा से होते हुए 27 सितंबर को पुस्तक यात्रा बेमेतरा पहुंची। जहां यात्रा की अगवानी आईसेक्ट के विद्यार्थीयों और वनमाली सृजन पीठ के साहित्यकारों ने किया। कार्यक्रम एक रैली रूप में प्रारंभ हुई पुस्तक यात्रा रैली घडी चौक, प्रताप चौक, पियर्स चौक, बस स्टैंड से होते हुए नगर पालिका व्यवसायिक काम्प्लेक्स के पीछे स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय पहुंची। पुस्तक यात्रा रैली के पश्चात स्कूल के सभा भवन में कार्यक्रम की अगली कड़ी में वनमाली सृजन पीठ जिला इकाई बेमेतरा की ओर से साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि बतौर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा शामिल हुए। साहित्यकार सम्मेलन कार्यक्रम आरंभ मे जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने कहा कि ज्ञान का संग्रह करना है ज्ञान का प्रयोग करना है तो पुस्तक पढ़ना होगा। इस पुस्तक यात्रा से हमे प्रेरणा मिलती है कि इस यात्रा को हमे तब तक जारी रखना है जब तक लोगो में पढ़ने की भावना लोगों में पैदा न हो जाए।

साहित्यकारों मे सुनील झा ने कवि कुमार विश्वास के तर्ज पर अपनी सस्वर कविता का पाठ किया, सम्मेलन के दौरान उन्होंने कहा कि जन जीवन को गढ़ देना ही सच्चा गढ़ना होता है साहित्यकार ईश्वर आरुग ने वीर रस का प्रयोग करते हुए अपनी छात्तीसगढी कविता मे शहीद वीर नारायण के जीवन प्रसंग को बड़े ही रोचक अंदाज मे प्रस्तुत किया सम्मेलन में उपस्थित तुकाराम साहू ने अपनी कविता का माध्यम चना दाल को बनाते हुए प्रस्तुत किया जिसे दर्शकदीर्धा एक स्वर मे दोहराने विवश हुए। साहित्य सम्मेलन के अंत में वनमाली सृजन पीठ जिला इकाई के प्रमुख दिनेश गौतम ने अपनी कविता पाठ के विषय मे मनुष्य के आंतरिक भाव को प्रगट किया..मेरे नयनों का दोष यही कि उनमे तुम्हे बसाया है। इस तरह सम्मेलन की समाप्ति के पश्चात आमंत्रित साहित्यकारों का सम्मान स्मृति चिन्ह भेट कर किया गया। आत्मानंद स्कूल की शिक्षिकाओं में आंचल वर्मा, सोमा घोष और कुमारी हिमकल्याणी सिन्हा को बेहतर शिक्षा प्रदान करने स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण की अगली कड़ी में विगत दिनों बेमेतरा के विभिन्न स्कूल में विभिन्न विधाओ पर प्रतियोगिता आयोजित की गई थी उस प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आमंत्रित अतिथि के हाथों पुरस्कार का वितरण किया गया। साथ ही स्कूल के पुस्तकालय के 22 पुस्तकों की सीरीज भेट की गई वही लगभग 100 छात्राओ को कहानी पुस्तक और ईलेक्ट्रानिक आपके लिए पत्रिका निःशुल्क भेंट की गई।

गृहमंत्री ने रिसाली क्षेत्र में साढ़े 4 करोड़ का किया भूमिपूजन

# उतई रोड से नेवई भाठा मार्ग 32 साल बाद हुआ रोशन

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com







दुर्ग ग्रामीण विधायक व लोक निर्माण व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने 4 करोड़ 27 लाख 93 हजार का भूमिपूजन रिसाली निगम क्षेत्र में किया। वहीं एक दिन पहले रविवार को नेवई भाठा में 35 लाख का लोकार्पण किया। उतई मुख्यमार्ग से नेवई भाठा मार्ग 32 साल बाद रोशन हुआ। उन्होंने स्ट्रीट लाइट का मेन स्वीच शुरू कर एलईडी लाइट चालू कर मार्ग को रोशन किया। उल्लेखनीय है कि गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू विधायक बनते ही रिसाली निगम क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे वार्ड 32 नेवई भाठा होते ऊमरपोटी पहुंच मार्ग का पहले डामरीकरण कराया था। खास बात यह है कि पहले यह मार्ग कच्चा था। डामरीकरण और स्ट्रीट लाइट होने से नेवई भाठा समेत ऊमरपोटी के नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। इस दौरान गृहमंत्री ने नेवई भाठा में बने सार्वजनिक दुर्गा मंच का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू, पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, महापौर परिषद के सद्स्य चंद्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुवेदी, विलास राव बोरकर, अनूप डे, सनीर साहू, परमेश्वर कुमार, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुकुंद भाऊ, एल्डरमेन संगीता सिंह, वार्ड पार्षद धर्मेन्द्र भगत, गजेन्द्री कोठारी, रेखा देवी, पार्वती महानंद, ओम प्रकाश मिर्झा, रंजीात बेनुआ, सारिका साहू, ममता यादव, संजू नेताम, जमुना ठाकुर, सरिता देवांगन, विनय नेताम, जाहीर अब्बास, अनिल कुमार, सीमा साहू, रोहित कुमार, एल्डरमेन तरूण बंजारे, मो. निजाम, संध्या वर्मा, संतू दास, शिशिर साहू, अजीत कुमार एवं जी राहुल आदि उपस्थित थे।

### 80 लाख से संवरेगा तालाब

स्टेशन मरोदा शिवपारा वार्ड 17 स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण करने गृहमंत्री ने भूमिपूजन किया। इस कार्य में 80 लाख रूपए खर्च किया जाएगा। आज सोमवार को गृहमंत्री ने वार्ड 23 प्रगतिनगर में सीमेंटीकरण कार्य 8 लाख, नाला निर्माण कार्य 24.50 लाख, वार्ड क्र. 30 इस्पात नगर रिसाली में विभिन्न स्थानों में पेव्हर ब्लाक व रोड निर्माण 8 लाख, इस्पात नगर बेडमिंटन कोर्ट लोकार्पण 8 लाख, मिलपारा में सीसी रोड 20 लाख, वार्ड क्र. 11 मरोदा सेक्टर पूर्व में नाली निर्माण 6 लाख, फुटपाथ निर्माण 10 लाख, मरोदा सेक्टर पश्चिम वार्ड क्र. 12 में चबुतरा निर्माण 12 लाख, नाली निर्माण 14.44 लाख, वार्ड 17 शिव पारा स्टेशन मरोद में नाली निर्माण 4 लाख, वार्ड 17 में सीसी रोड निर्माण 4 लाख, वार्ड 18 में सीसी रोड निर्माण 7.61 लाख ।

### मंत्री जी का जोशिला स्वागत, तौला लड्डुओं से

सोमवार को दोपहर बाद गृहमंत्री पुरैना पहुंचे और अस्पताल भवन का लोकार्पण किए साथ ही 2.5 करोड़ का भूमिपूजन किया। इस दौरान गृहमंत्री का भव्य स्वागत करते नागरिकों ने गृहमंत्री का लड्डुओं से तौला।

# प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया गया सम्मान




**बेमेतरा।** लिनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा समाज सेवी संस्था के द्वारा 26/सित/22 ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा में प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया जिसमें में कक्षा दसवीं के आलोक शाह छठवें स्थान पर एवं कक्षा दसवीं की भावीका सिन्हा दसवें स्थान पर रहे तथा सिद्धि शर्मा पेंटिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर छतीसगढ़ का नाम रोशन किए है जिनको मेडल से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन बढ़ाया गया जिसमें विद्यालय की प्राचार्या अलका तिवारी लिनेश क्लब कि अध्यक्ष विनोद राघव, शारदा तिवारी, रश्मि ताम्रकार, वर्षा गौतम आरती साहू नीलम साहू उमा तिवारी, स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

# सहसपुर में जिला स्तरीय खेलकूद एवं संस्कृति महोत्सव का शानदार आयोजन



पायनियर संवाददाता < देवकर
www.dailypioneer.com

नगर समीपस्थ ग्राम सहसपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में विगत कल मंगलवार को जिला स्तरीय खेलकूद एवं संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर के सरस्वती शिशु मंदिर के प्रतिभागी बच्चे अपने गुरुजनों के साथ भाग लेकर उत्कृष्ट खेल एवं संस्कृति महोत्सव का प्रदर्शन किया।इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत सहसपुर के सरपंच- दुर्गा/उपेंद्र हंसा, सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष-ठाकुर राम कुर्रे, उपसरपंच-कमलेश साहू, पूर्व सरपंच एवं सरस्वती शिशु मंदिर के संयोजक डॉ कमलेश साहू, सहसंयोजक- होरी लाल साहू, संस्था के प्रधानाचार्य- अंगेश्वर साहू, भोलाराम साहू, द्वारिका साहू एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में खेलकूद एवं संस्कृति से सम्बन्धित भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# गंभीर कुपोषित बच्चे और एनीमिक महिलाओं के लिए कार्ड बनाकर नियमित कराएं स्वास्थ्य जांचः कलेक्टर

- गिरदावरी की अंतिम सूची का एक अक्टूबर को होगा प्रकाशन, कलेक्टर ने जमीनी स्तर पर प्रचार प्रसार और मुनादी कराने के दिए निर्देश
- कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरेट परिसर के सभाकक्ष में समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में सभी विभागों के कामकाज और शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को जनहित की योजनाओं और कार्यक्रमों में सजगतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि गिरदावरी की अंतिम सूची का प्रकाशन एक अक्टूबर को किया जाएगा। जिसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर जिले के किसान संबंधित तहसील कार्यालयों में 1 से 10 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति कर सकते हैं। कलेक्टर ने गिरदावरी के अंतिम सूची के प्रकाशन का गांवों में व्यापक प्रचार प्रसार और कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को जिले के गंभीर कुपोषित बच्चों और एनीमिक महिलाओं को कुपोषण से दूर करने के लिए उनका नाम सहित कार्ड बनाकर नियमित स्वास्थ्य जांच कराते हुए कार्ड में स्वास्थ्य जांच की तारीख भी उल्लेखित करने के निर्देश दिए हैं।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने बताया कि प्रदेश में 6 चरणों में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाना है। जिसमें खेलों का शुभारंभ जिलों में 6 अक्टूबर से राजीव युवा मितान क्लब स्तर से किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों के लिए जगह चिन्हांकित करने तथा व्यवस्थित आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति समय पर सुनिश्चित कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कुछ शिक्षक जिनका मतदान के कार्यों के लिए बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है, वे इस कार्य का बहाना लेकर पूरा दिन स्कूलों से गायब रहते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कलेक्टर ने बच्चों की शिक्षा प्रभावित ना हो इस बात का पूरा ध्यान रखने तथा जो शिक्षक समय पर स्कूल नहीं आते या किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतते हैं, उन पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के एजेंडे पर भी बिंदुवार अधिकारियों से जानकारी ली और एजेंडे से जुड़ी सभी अद्यतन जानकारियां जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने अवैध प्लाटिंग, कृष्ण कुंज, राजीव युवा मितान क्लब, हाट-बाजार क्लिनिक योजना, वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, धन्वन्तरी योजना, आत्मनांद स्कूलों में शिक्षकों के खाली पद और भरें पदों की संख्या, निर्माण कार्यों के अद्यतन स्थिति, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, अधिकारी-कर्मचारियों की कार्यालयों में समय पर उपस्थिति, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार जानकारी ली तथा जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

# कोयला कर्मियों के बोनस पर आज लग जाएगी मुहर 1 अक्टूबर से पहले खातों में पहुंच जाएगी राशि

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com



कोयला कर्मियों के बोनस को लेकर 28 सितंबर को रांची में बैठक होने वाली है। बैठक में बोनस की राशि पर मुहर लग जाएगी। अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में ही दुर्गा पूजा है। साथ ही गांधी जयंती भी है। इसको लेकर एक अक्टूबर के बाद से ही बैंकों में छुट्टी हो जाएगी। कोयला कर्मियों को वेतन व बोनस समय पर मिले, इसको लेकर कंपनी ने तैयारी शुरू कर दी है। कोलकर्मियों के बोनस (परफार्मेंस लिंक रिवार्ड) को लेकर 28 सितंबर को रांची के सीएमपीडीआइ हॉल में बैठक होनी है। कोल कर्मियों को बोनस का भुगतान साल भर की उपस्थिति के आधार पर किया जाएगा। बोनस की राशि पर समझौता होते ही कर्मियों के अकाउंट में राशि फीड कर भुगतान की प्रक्रिया जल्द पूरी हो, इस पर प्रबंधन काम कर रहा है। एसईसीएल प्रबंधन ने इस संबंध में सभी एरिया को पत्र भी जारी कर दिया है। वहीं प्रबंधन ने तैयारी कर ली है। बैठक में विशेष रूप से कोल इंडिया के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल को आमंत्रित किया गया है। वह कोल इंडिया निदेशक वित्त के चार्ज में भी हैं। बैठक में कोल इंडिया के डीपी विनय रंजन, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद, ईसीएल सीएमडी ए पांडा, कोल इंडिया के कार्यकारी निदेशक वित्त सुनील मेहता व यूनियन की ओर से बीएमएस से सुधीर घुर्डे, जय नाथ चौबे, एमएमएस से नाथू लाल पांडेय, शिव नाथ पांडेय, एटक से रमेंद्र कुमार और सीटू से डीडी रामानंदन भी शामिल होंगे।

**एक लाख तक बोनस की मांग**

*कंपनी उत्पादन और राजस्व दोनों ही मामले में ग्रोथ में है। बैठक में सम्मिलित होने वाले चारों यूनियन एचएमएस, बीएमएस, सीटू, एटक के प्रतिनिधियों पर निर्भर करेगा कि कामगारों को कितनी बढ़ोतरी के साथ बोनस दिला पाते हैं।एचएमएच के नाथूलाल पांडेय ने पहले ही एक लाख रुपए बोनस की डिमांड कर रखी है। बीएमएस की ओर से भी एक लाख रुपए से अधिक बोनस दिए जाने की बात कही गई है। सीटू नेता और मानकीकरण कमेटी के सदस्य डीडी रामनंदन ने कहा बोनस तो एक लाख रुपए से अधिक मिलना चाहिए।*

# आश्रम छात्रावासों की नहीं की जा रही नियमित मॉनिटरिंग

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com




आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रावास भगवान भरोसे संचालित हो रहे। आश्रम छात्रावासों की दफ्तर में बैठे मॉनिटरिंग की जा रही।आदिवासी विकास विभाग के माध्यम से जिले में 183 आश्रम छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है।शासन प्रशासन छात्रावासी बच्चों की सुविधाओं में हर साल बढोत्तरी कर रही है।

ताकि वे स्वस्थ रहकर मन लगाकर विद्यार्जन कर सकें। लेकिन आदिवासी बाहुल्य कोरबा जिले में आश्रम छात्रावास भष्ट्राचार का केंद्र बिंदु बन गए हैं वरन इन आश्रम छात्रावासों पर विभागीय नियंत्रण भी ढीली पड़ गई है।शासन द्वारा तमाम सुविधाएं दिए जाने के बावजूद आश्रम छात्रावासों की नियमित मॉनिटरिंग नहीं की जा रही। विकासखंड पोंडी उपरोड़ा के प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास सिरमिना अधीक्षक गितेश सिंह 16 अगस्त से नदारत थे। 28 दिनों से बिना सूचना अनुपस्थित अधीक्षक की जनप्रतिनिधियों से शिकायत के बाद सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने 13 सितम्बर को औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। जहाँ शिकायत सही मिली। सहायक आयुक्त के जांच प्रतिवेदन पर कलेक्टर ने अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस थमाया था।

# हाथियों के लिए बनाया गया अंडरपास साबित हो रहा सफेद हाथी

**गलत स्थान चिन्हांकन के कारण नहीं मिल रहा फायदा**

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com



हाथियों का गुजरना नेशनल हाईवे से ना हो इसके लिए लाखों रुपए खर्च कर कई इंतजाम किए गए हैं ।मगर मोटी रकम खर्च कर बनाई गई तमाम कार्य योजना महज सफेद हाथी ही साबित हो रहा है । लाखों खर्च के बाद भी लगातार हाथी हाईवे जाम कर रहे हैं। यहां हाथियों के गुजरने के लिए रेल लाइन और हाइवे में 40 अंडरपास और 3 ओवरपास बनाए गए थे। गलत जगह का चयन, तकनीकी खामियों और चारागाह की कमी की चलते हाथी अब हाइवे के बीच से होकर गुजर रहे हैं। अंडरपास की चौड़ाई कम और मिट्टी के कटाव की वजह से हाथी चढ़ नहीं पाते। सड़कों से गुजरने वाले वन्य प्राणी हादसों का शिकार ना हो जाए इसे देखते हुए निर्माणाधीन और प्रस्तावित सभी नेशनल हाइवे में अंडर पास बनाए गए, लेकिन आज तक एक बार भी हाथियों के गुजरने का रिकार्ड वन विभाग ने दर्ज नहीं किया। इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह अत्याधिक चढ़ाई होना है। जंगल और अंडरपास के बीच सामान्य तौर पर एप्रोच मार्ग भी बहुत संकरी है। इसलिए वन्य प्राणी विशेषकर हाथी इसका उपयोग ही नहीं करते। जिन अंडरपास का निर्माण कराया गया है उसके लिए आठ साल सर्वे कराया गया था। वन विभाग के बताने पर ही अंडरपास उन जगहों पर बनाए गए थे। इतने साल में हाथियों का अब रुट भी बदल गया है। यह भी एक बड़ी वजह है कि वन्य प्राणी अंडरपास का उपयोग नहीं कर रहे हैं।कटघोरा वनमंडल में 40 हाथी झुंड में उत्पात मचा रहे हैं, बीते तीन महीने में 18 बार हाथियों ने नेशनल हाइवे पार किया। झुंड में 40 हाथियों को एक साथ चलने के लिए कम से कम दो सौ फीट चौड़ी अंडरपास की जरुरत है, लेकिन मौके पर 30 फीट चौड़ा होने की वजह से हाथी इसमें चढ़ते ही नहीं है।

# जमीन रजिस्ट्री कराकर फर्जी चेक देकर धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



आरोपियों द्वारा 875000 रूपये की राशि का धोखाघड़ी किया गया। आरोपी पति पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध प्रार्थी संतोष कुमार सूर्यवंशी निवासी ग्राम सिऊड हाल मुकाम जांजगीर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके नाम पर ग्राम जांजगीर में अवस्थित भूमि खसरा नंबर 2618/20 रकबा 0.05 एकड़ भूमि को ग्राम जगमहंत निवासी भागवत सूर्यवंशी को 875000 रूपये में बिक्री किया था जिसको उप पंजीयक जांजगीर के समक्ष रजिस्ट्री कराया था। प्रार्थी को जमीन बिक्री की राशि को आरोपी भागवत सूर्यवंशी द्वारा अपनी पत्नी जानकी बाई के नाम का चेक दिया था । जिसे प्रार्थी द्वारा क्लीरिंग हेतु बैंक में जमा किया गया था तब उक्त चेक नंबर में दर्ज की गई पर्याप्त राशि खाते में नहीं होना पाया गया तब प्रार्थी द्वारा पुनः उक्त चेक में अंकित खाता के संबंध में जिला सहकारी बैंक मर्यादित बिलासपुर शाखा जांजगीर से संपर्क करने पर पता चला कि उक्त चेक जानकी बाई की खाते की न होकर उसके पति भागवत के नाम पर अंकित खाते की है जिस पर जानकी बाई की हस्ताक्षर है । इस प्रकार भागवत एवं उसकी पत्नी द्वारा कूटरचित दस्तावेज द्वारा प्रार्थी की भूमि को अपने नाम पर पंजीकृत कराकर एवं सौदे की राशि 875000 / रू नहीं देकर धोखाधडी किया गया है।

# भाजपा मंडल बम्हनीडीह ने मनाई करनौद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती

**गांव की 70 से अधिक महिलाओं ने भाजपा प्रवेश किया**



पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जिला के ग्राम पंचायत करनौद में भाजपा मण्डल बम्हनीडीह के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाया गया जिसमें इस अवसर पर करनौद के आसपास में 70 से अधिक महिलाएं भाजपा में शामिल हुई है सभी ने कहा कि भाजपा के सरकार होने से सभी किसान की भलाई है सभी जनता कांग्रेस सरकार से परेशान हो रहे जिसके कारण आज हम भाजपा में शामिल हुए है वही इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा मंडल बम्हनीडीह के अध्यक्ष चेतन महंत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जीवन परिचय पर प्रकाश डाला एवं भाजपा प्रवेश करने वाले सभी शक्ति स्वरुपा माताओं का भाजपा -परिवार में शामिल कर स्वागत अभिनंदन किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री गोपी सिंह ठाकुर भाजपा युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष लोकेश साहु नरेंद्र जायसवाल मंडल महामंत्री रमाकांत साहू दुकालू पटेल जयशंकर देवांगन भा ज यु मो मंडल बम्हनीडीह अध्यक्ष घन्नु डडसेना भुपेश तिवारी उत्तम धीवर गौतम यादव मनुराज सिंह अवधेश कश्यप नवधा यादव दीपांशु पटेल अशोक जलतारे पुष्पा देवांगन जी शीतल जलतारे जवाहर केंवट तुलेश पटेल शिव यादव एवं बहुत सारे भाजपा कार्यकताओं कि उपस्थिति रहा।

**हजारों की संख्या में शामिल हुए अग्रवाल बंधु**

# शोभायात्रा में समाज बंधुओं ने दिखाई एकजुटता

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर में अग्रवाल समाज द्वारा सदैव जयंती पर्व के आयोजन को लेकर इतिहास के सुनहरे पन्नों पर लिखा जाएगा,इस दिन समाज द्वारा शहर के कमला हरी एवेन्यू से निकाली गई शोभायात्रा में जहां हजारों की संख्या में अग्रवाल बंधु एवं समाज की नारी शक्ति तथा युवा वर्ग शामिल हुआ, तो वही शोभायात्रा का जगह-जगह समाज बंधुओं सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने स्वागत करते हुए सामाजिक समरसता का परिचय दिया, शोभायात्रा में जहां अग्रसेन चौक पहुंचने पर महाआरती के रूप में भव्य रुप से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ तो वही शहर के उगेंद्र अग्रवाल पप्पू की ओर से 51 किलो का केक भी काटकर भगवान अग्रसेन जी की जयंती पर उत्सव के रूप में मनाया गया,तथा शोभायात्रा मार्ग में समाज बंधु जय श्री अग्रसेन के श्री घोष के साथ चल रहे थे तो वही शहर में अग्रसेन जयंती के शोभा यात्रा की उपस्थिति को देखकर लोगों ने इसकी प्रशंसा की, वहीं रात्रिकालीन मुख्य समारोह का आयोजन शुभम ग्रीन्स में भगवान अग्रसेन जी की आरती- पूजा अर्चना के साथ हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपेक्स हॉस्पिटल रायगढ़ के चेयरमैन डॉक्टर मनोज गोयल, कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर के शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश अग्रवाल, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अपेक्स हॉस्पिटल रायगढ़ की डायरेक्टर श्रीमती रश्मि गोयल, नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल एवं अग्रसेन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष विकास अग्रवाल दुल्हन मंच पर उपस्थित थे, कार्यक्रम का मंच संचालन जयंती समारोह समिति के सचिव अमन डालमिया ने करते हुए विस्तार पूर्वक जयंती पखवाड़े का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया,एवम स्वागत उद्बोधन भी अमन डालमिया ने देते हुए सभी समाज बंधुओं का जयंती समारोह समिति को सहयोग देने हेतु साधुवाद ज्ञापित किया गया, कार्यक्रम को जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष विकास अग्रवाल दुल्हन ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आज शहर के समाज बंधुओं ने जो अपना योगदान एवं सहयोग इस जयंती में दिया है।

# बलवा के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सारागांव पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



प्रकरण में सम्मिलित विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड पेश किया गया आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि ग्राम अफरीद में दो पक्षो में स्कूली बच्चों की बात पर गाली गलौच कर मारपीट करने पर से दोनो पक्षों के रिपोर्ट पर थाना सारागांव में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध के आरोपी 1- हरिश सूर्यवंशी उम्र 24 वर्ष 2- अर्जून सूर्यवंशी उम्र 19 वर्ष 3- कांति कुमार लाठिया उम्र 35 वर्ष 4- प्रताप सिंह सूर्यवंशी उम्र 52 वर्ष 05- लिलेश सूर्यवंशी उम्र 19 वर्ष 06- गजानंद सूर्यवंशी उम्र 30 वर्ष 07- अजय कुमार सूर्यवंशी उम्र 24 वर्ष 08- सुनिल सूर्यवंशी उम्र 27 वर्ष 9- पवन सूर्यवंशी उम्र 24 वर्ष सभी निवासी अफरीद को विधीवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। प्रकरण में सम्मिलित विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड पेश किया गया। इसी प्रकार अपराध एस.सी./ एस.टी.एक्ट के आरोपी 01- रोशन भैना उम्र 19 वर्ष 02- सावन भैना उम्र 19 वर्ष 03- संतोष भैना उम्र 46 वर्ष 4- श्रीमती चिंताबाई भैना उम्र 42 वर्ष 5- श्रीमती शकुन भैना उम्र 47 वर्ष 6- हिंदराम भैना उम्र 50 वर्ष 07- रोहन भैना उम्र 21 वर्ष 08- रामनरेश भैना उम्र 45 वर्ष सभी निवासी अफरीद को गिरफ्तार कर जमानत मुचलका पर छोड़ा गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बेल्ट, पत्थर, को बरामद किया गया। प्रकरण में सम्मिलित अन्य आरोपी 1- कृष्ण कुमार केवट उम्र 43 वर्ष 02- रामकृष्ण केवट उम्र 48 वर्ष 03- छोटूराम यादव उम्र 34 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया एवं आरोपी रामकृष्ण केंवट के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने में उप निरी. सुरेश ध्रुव, सउनि लकडा. सउनि श्याम राठौर, प्रधान आरक्षक सहेत्तर पाटले एवं मथुरा केशी का सराहनीय योगदान रहा।

# नवरात्रि के दूसरे दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com



शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन शहर के सर्वमंगला मंदिर, दर्री स्थित भवानी मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में मां दुर्गा के स्वरूप मां ब्रम्हचारिणी की पूजा हुई। माता के दर्शन करने पहुंचे भक्तों ने श्रद्धा से शीश नवाया। मंगलवार को सर्वमंगला मंदिर में मुख्य द्वार तक भक्तों की कतार लगी रही। अपनी बारी आने पर श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन लाभ लिया। आने वाले दिनों में भक्तों की भीड़ बढ़ेगी। देवी मंदिरों में सुबह-शाम हो रही आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। मां के जयकारे लगाते हुए मां सर्वमंगला दरबार व दर्री स्थित भवानी मंदिर में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला सुबह से जारी रहा। कई भक्तों ने उपवास भी रहकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर मनोवांछित फल की कामना कर रहे हैं। क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व के पंचमी व सप्तमी पर भक्तों की भीड़ अधिक रह सकती है। शहर समेत उपनगरों में विभिन्न जगहों पर गरबा व डांडिया के कार्यक्रम की शुरूआत हुई है, जहां पर आने वाले दिनों में भी लोगों की भीड़ जुटेगी।

**12 हजार 800 दीपों से जगमगाया मां सर्वमंगला का दरबार**

नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि पर शनिवार को जिले के देवी मंदिरों में अखंड ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। सबकी मंगल करने वाली मां सर्वमंगला का दरबार भी 12 हजार 800 दीपों से जगमगा उठा। अब रोजाना सुबह-शाम विशेष पूजा व आरती होगी, जिसमें श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

**वेक्सीनेसन में सेवारत डॉक्टर एवं नर्सों को मिठाई खिलाकर सम्मान किया**

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 15 लोगों को लगाया गया टीका

- 26 सितंबर को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोविड टीकाकरण केंद्रों में पहुंचकर लोगों को बूस्टर डोज एवं कोरोना टीकाकरण के लिए किया प्रोत्साहित

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




विश्व के मानस पटल पर धमक रखने वाले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा ही पखवाड़ा दिवस के रूप में पूरे भारत में तरह सम्मान के साथ मनाया गया,17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2022 तक मनाया जायेगा, इसी कड़ी में 26 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक महेन्द्र पंडित एवं जांजगीर जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के मार्गदर्शन में जांजगीर चांपा के जिला संयोजक रंजन कुमार सिन्हा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती में वेक्सीनेसन में सेवारत डॉक्टर एवं नसों को मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया, इस अवसर पर केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना महामारी के भयंकर प्रकोप से देश को सुरक्षित निकालने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां अपने सामर्थ से विश्व को आश्चर्यचकित किया वही देश में विभिन्न योजनाओं के द्वारा अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को राहत पहुंचाई आज देश की साथ साथ संपूर्ण विश्व में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की चर्चा है जिन्होंने देश में टीकाकरण के साथ-साथ अनेक देशों को टीका भेज कर मानवता का मिसाल कायम की हम देशवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी है इसी संदर्भ में कोरोना काल में किए गए काम का 8 बिंदु का पंपलेट भी बांटा गया जिसमें लोग चढ़ बढ़कर हिस्सा लिए इस कार्यक्रम में प्रदेश से जांजगीर जिला में प्रभारी के रूप में राजेश यादव, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रंजन कुमार सिन्हा, किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह गबेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, रामनरेश यादव महामंत्री नगर मंडल, उदय वर्मा मंत्री नगर मंडल,मनोज सिसोदिया बुथ अध्यक्ष वार्ड नंबर 15, गोविंद देवांगन उपाध्यक्ष नगर मंडल, गोविंदा निराला बूथ अध्यक्ष वार्ड नंबर 18, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र रात्रे एवं उनकी धर्मपत्नी राजेंद्र रात्रै, रविंद्र रात्रै, डॉक्टर पटेल और कार्यकर्ता गण मौजूद रहे, इस दौरान 15 लोग को बूस्टर डोज लगाई गई वही,जांजगीर-चांपा जिले के भारतीय जनता पार्टी के सेवा पखवाड़े के जिला प्रभारी गगन जयपुरिया के मार्गदर्शन में भी 26 मंडलों में 26 सितंबर को पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकारी अस्पताल उप स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचकर लोगों को बूस्टर डोज के लिए प्रेरित किया, तथा कार्यकर्ताओं ने भी जहां स्वयं बूस्टर डोज लगवाया तो वही अनेकों लोगों को कोरोना वैक्सीन भी लगाया गया।

## टाटा मोटर्स ने योद्धा 2.0, इंट्रा वी20 बाइ-फ्यूल और इंट्रा वी50 को लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर

भारत में वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने आज योद्धा 2.0, इंट्रा वी20 बाइ-फ्यूल और इंट्रा वी50 को लॉन्च किया। कंपनी ने इन उत्पादों की पेशकश के साथ ही देश के तेजी से बढ़ रहे पिकअप सेगमेंट में नए मानक स्थापित किये हैं। यह मजबूत और शानदार पिकअप्स एकदम नई बोल्ड डिजाइन में उतारे गए हैं। ये नए वाहन भार उठाने की सबसे ज्यादा क्षमता, डेक की सबसे ज्यादा लंबाई और सबसे लंबी रेंज की पेशकश करते हैं। इनमें सुरक्षित और आरामदायक ड्राइव के लिये जरूरी कई आधुनिक फीचर्स मौजूद हैं। नये योद्धा 2.0, इंट्रा वी20 बाइ-फ्यूल और इंट्रा वी50 को शहरों एवं गांवों में अलग-अलग तरह की जरूरतों में इस्तेमाल करने के लिए डिजाइन किया गया है। ये पिकअप्स तेजी से बढ़ रहे कृषि, पोल्ट्री और डेयरी सेक्टर्स की मोबिलिटी जरूरतों को पूरा करने के लिए एकदम आदर्श वाहन हैं। इनका इस्तेमाल एफएमसीजी, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स सेक्टर्स की लगातार बढ़ रही डिलीवरी आवश्यकताओं को पूरा करने में भी किया जा सकता है। ये सभी पिकअप्स अपनी कैटेगरी में स्वामित्व की न्यूनतम लागत पेश करते हैं, ताकि ग्राहक ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाई कर सकें। टाटा मोटर्स ने भारत के सर्वश्रेष्ठ पिकअप्स के लॉन्च को यादगार बनाने के लिये देशभर में ग्राहकों को इनकी 750 यूनिट्स की आपूर्ति की हैं। पिकअप्स की नई श्रृंखला को लॉन्च करते हुए, टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने कहा, हमारे छोटे वाणिज्यिक वाहन लाखों ग्राहकों को आजीविका देने और और उन्हें सफल बनाने के लिये जाने जाते हैं। ग्राहक अपने कारोबार को बढ़ाना चाहते हैं।

## मोबिल ने बहु-प्रतीक्षित ऐक्शन थ्रिलर 'विक्रम वेधा' के साथ साझेदारी की

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर

भारत में इंजन ऑयल के प्रमुख ब्रांड, मोबिल ने बहु-प्रतीक्षित ऐक्शन थ्रिलर 'विक्रम वेधा' के साथ साझेदारी की है। विक्रम वेधा 30 सितम्बर को दुनिया भर में 100 से अधिक देशों में रिलीज़ होने जा रही है। ऋतिक रौशन, सैफ अली खान और राधिका आप्टे के अभिनय से सजी इस बहु-प्रतीक्षित फिल्म के साथ जुड़कर, मोबिल इंसानों की प्रगति को बढ़ावा देने, उनमें आत्मविश्वास पैदा करने और ग्राहकों को उनकी असली क्षमता पहचानने की अपनी ब्रांड वैल्यू पर जोर देना चाहता है। विक्रम वेधा एक ऐक्शन-थ्रिलर है जिसके लेखक और डायरेक्टर पुष्कर-गायत्री हैं। विक्रम वेधा की कहानी कई रोमांचक ट्विस्ट और टर्न्स से भरी है क्योंकि इसमें एक कड़क पुलिस ऑफिसर विक्रम (सैफअली खान) एक खतरनाक गैंगस्टर वेधा (ऋतिक रौशन) का पता लगाने और उसका पीछा करने के लिए तैयार है। अंत में यह बिल्ली-और-चूहे की दौड़ साबित होती है, जिसमें कहानी गढ़ने में उस्ताद, वेधा एक के बाद एक कहानियों से विक्रम को उलझा कर रखता है और इसका अंजाम दिमाग को झकझोर देने वाली नैतिक दुविधाओं के रूप में सामने आता है। इस सहयोग के विषय में एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, विपिन राणा ने कहा कि, अपने ग्राहकों को आगे बढ़ने में सपोर्ट करने के लिए हमारी मजबूत प्रतिबद्धता ही वह बुनियादी मूल्य है जो हमारे बिजनेस को परिभाषित करता है। 'विक्रम वेधा' जैसी फिल्मों के साथ सहयोग करना ग्राहकों से जुड़ने और हमारी अलग-अलग ताकतों पर जोर देने की हमारी रणनीति का हिस्सा है।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने कैंसर पीड़ित को दिया सहयोग

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर



बोरियाखुर्द में रहने वाले मंदिर में पुजारी 39 वर्षीय विष्णु पांडे 8 माह से कैंसर से पीड़ित है। डॉक्टर जवाब दे चुके हैं। इनका श्वसुर मंदिर पुजारी धनेश्वर चौबे इनकी देखरेख में लगे हैं। सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से इनके परिवार को 3 माह का राशन पानी तथा नगद राशि सहयोग किया गया। परिजनों के साथ समाज के कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी में इनके श्वसुर व परिजन उपस्थित हुए थे। जहां प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, महिला मंच प्रदेश अध्यक्ष भारती अवतार शर्मा ,राष्ट्रीय संगठन सचिव पंडित ऋषि तिवारी, प्रदेश संयुक्त सचिव नीतीश शुक्ला, जिला सचिव धनंजय शर्मा, शहर प्रचार सचिव मुकेश मिश्रा सहित पदाधिकारियों ने उक्त सामग्री भेंट की।

## अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव मड़ई-2022 में कृषि महाविद्यालय साजा के छात्र-छात्राएं भी होंगे शामिल



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा

कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, साजा के छात्र-छात्राओं ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालीन युवा महोत्सव ''मड़ई-2022'' में भाग लेंगे। यह महोत्सव राजमोहनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, अंबिकापुर में 27 से 29 सितंबर तक आयोजित हो रहा है। इस महोत्सव में कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, साजा के अधिष्ठाता डॉ. आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. ए. के. श्रीवास्तव, रोहित धृतलहरे व सुषमा च धारी 27 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतिस्पधाओं जैसे- भारतीय नृत्य, लोक नृत्य, देशभक्ति नृत्य, संगीत, प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता, स्कीट, माइम, मोनो एक्टिंग, पोस्टर पेंटिंग, रंगोली एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने हेतु साजा से अंबिकापुर के लिए प्रस्थान किया।

# अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को लेकर भाजपा पार्षदों में कोई असंतोष नहीं प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा पार्षदों ने मीडिया को बताई उपलब्धियां

## कांग्रेस सरकार पर लगाया वित्तीय भेदभाव का आरोप

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



नगरपालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को लेकर पार्षदों में किसी प्रकार का अंसतोष नहीं है और ना ही पार्षदों ने किसी प्रकार के बदलाव की मांग पार्टी के सामने उठाई है। भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने,मंगलवार को,पालिका के सभागार में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह दावा किया है। उनका कहना था कि दो साल के कोरोना काल और अध्यक्ष नरेश चंद्र साय की स्वास्थ्यगत समस्या के कारण,जनता से जिस तरह से संवाद होना था वह नहीं हो पाया। अब दीपावली के बाद,अध्यक्ष श्री साय के नेतृत्व में भाजपा के सभी पार्षद नगर के 20 वार्डो का संपर्क करेगें।

मिडिया के सवालों का जवाब देते हुए पार्षद फैजान खान ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और नगर पालिका में भाजपा को बहुमत है। इसलिए कांग्रेस सरकार जानबूझ कर,नगरपालिका जशपुर के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होनें बताया कि नगर पालिका के ढाई साल के कार्यकाल में दूसरी नगरीय निकायों की अपेक्षा,पालिका को विकास कार्यो के लिए सरकार द्वारा बजट नहीं दिया गया। अब,विधानसभा चुनाव को सिर में आता हुआ देख कर,5 करोड़ रूपए का बजट दिया है। इस बजट का बेहतर उपयोग करने के लिए निविदा की प्रक्रिया की जा रही है।

विपक्षी सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक, तथ्यहीन बातें फैला रहे हैं।

उनकी मंशा लोगों में भ्रामक बातें फैलाकर भाजपा की नगर सरकार की छवि धूमिल करना और विकास प्रक्रिया को बाधित करने का है, लेकिन जनता सब जानती है, सब समझती है। पार्षद विक्रांत सिंह ने कहा कि आर्थिक गड़बड़ियों के मामले को लेकर भाजपा पूरी तरह से गंभीर है। विभिन्न समाचार माध्यमों में निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ी की जो भी शिकायत सामने आ रही है,उस पर अधिकारियों से चर्चा कर न केवल पूरी जानकारी ली जाएगी,बल्कि इन मामलों को परिषद के अगले बैठक में शामिल कर,इस पर चर्चा भी की जाएगी। उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि नगर के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए लगातार प्रशासन से चर्चा की जा रही है। उन्होनें बताया कि सती उद्यान का सौंदर्यीकरण, ट्रेफ्क्रि सिग्नल का स्थापना, कोरोनाकाल के दौरान निश्शुल्क राशन, सैनिटाइजर और मास्क वितरण जैसे कई कार्य नगरपालिका ने किया है। आगे भी, सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए बजट का बेहतर उपयोग करते हुए,स्वच्छ जशपुर और सुंदर जशपुर के विकास की दिशा में कार्य किया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस में पार्षद सतीश वर्मा, मुकेश इंद्रवार, नीतू गुप्ता, लालदेव राम, एंजेला खेस, पिंकीं लकड़ा शामिल थे।

## कोटमी बस स्टैंड के समीप सडा गला सिर गायब शव मिलने से सनसनी

पायनियर संवाददाता ‹ पेंड्रा गौरेला मरवाही
www.dailypioneer.com

कोटमी बस स्टैंड से 200 मीटर की दूरी पर साहु तालाब के पीछे शरीर से सिर से कमर तक का हिस्सा नहीं और सड़ी गली हालत में क्षत-विक्षत हालत में कमर से ऊपर का भाग पूरी तरह से गल चुका है देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने उसकी हत्या किसी अन्य जगह में कर के सुनसान जगह देखकर जहां पर कोई आता जाता नहीं वहां शव को फेंक दिया गया जिसके कारण शव पूरी तरह से सड गल चुका है पुलिस चौकी कोटमी कला के शव का शिनाख्त किया जा रहा है समाचार लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया इस घटना के कारण क्षेत्र में सनसनी फैल गया है पहला घटना है कि कमर से ऊपर का भाग गायब है अगर शव सड गल भी गया है तो सिर का हड्डी एवं अस्थियां तो होना ही चाहिए दोनों हाथ का हड्डियां भी नहीं है जो जिससे ऐसा लगता है कि मृतक की हत्या करके पुरे शरीर को अग भंग कर दिया गया है इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गया है अभी तो दिन पहले ग्राम विशेषरा में भी ऐसा ही शव बड़ा गला हुआ लावारिस शव मिला जिसका आज तक शिनाख्त नहीं हो पाया है।

## एसएसआईएमएस भिलाई बना क्रेड फाउंडेशन से शैक्षिक अनुदान प्राप्त करने वाला छत्तीसगढ़ राज्य का पहला मेडिकल कॉलेज

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



चेयरमैन-आई.पी.मिश्रा, अध्यक्ष-जया मिश्रा और डीन डॉ.प्रकाश वाकोडे के संयुक्त प्रयासों से, एसएसआईएमएसबी पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में इस प्रौद्योगिकी आधारित ओ.टी. सहयोग और एवी एकीकरण प्रणाली को अपने कैंपस में लागू करने के लिए क्रेड फाउंडेशन से अनुदान प्राप्त करने वाला पहला संस्थान बन गया है। यह सुविधा अब चालू है और एनएमसी द्वारा 02.12.2008 को भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में उल्लिखित भी है। यह नैक ग्रेडिंग में भी मदद करेगा जैसा कि दिशानिर्देशों में उल्लेख किया गया है। श्री शंकराचार्य आयुर्विज्ञान संस्थान, भिलाई के डीन डॉ. प्रकाश टी. वाकोडे ने कहा, ÷हमें उम्मीद है कि यह सुविधा हमारे मेडिकल छात्रों को व्यावहारिक प्रक्रियाओं को सीखने और उनके ज्ञान को बढ़ाने में बहुत मदद करेगी। एसएसआईएमएसबी छत्तीसगढ़ राज्य का पहला मेडिकल कॉलेज बन गया है, जो क्रेड फाउंडेशन की ओर से ओ.टी. वेबलाइव टेक्नोलॉजी का उपयोग करके ई-क्लास बनाने के लिए नॉट फॉर प्रॉफिट चैरिटेबल ट्रस्ट से इस प्रौद्योगिकी संचालित शैक्षिक अनुदान को प्राप्त कर रहा है। चूंकि इस प्रणाली में एक उच्च परिभाषा लाइव प्रसारण क्षमता है, न केवल कैंपस में बल्कि आसपास और दुनिया भर में हजारों डॉक्टर कैंपस के साथ अब लाइव सर्जिकल शिक्षा संचरण क्षमता से लाभान्वित होंगे। यह सुविधा चिकित्सा शिक्षा को अगले स्तर पर लाती है जहां डॉक्टर उच्च परिभाषा में सर्जरी और चिकित्सा प्रक्रियाओं को सीख सकते हैं और सर्जरी करते समय सर्जनों के साथ अपने प्रश्नों के जवाब हासिल कर सकते हैं। उम्मीद है कि इस कार्यान्वयन से परिसर के भीतर 750 से अधिक डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह मनुष्यों और प्रौद्योगिकी के बीच शानदार सहयोग प्रदान करेगा, जो सर्जरी की सटीकता और दक्षता के स्तर को इतना ऊंचा कर सकता है जितना हमने पहले कभी नहीं देखा है। क्रेड फाउंडेशन के सचिव ने कहा, कई मेडिकल कॉलेजों में कई ओ.टी. हैं, हर ओ.टी. में कई सर्जरी हो रही हैं। कल्पना कीजिए कि कितना डेटा बर्बाद हो रहा है। आज हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि यह बर्बादी न हो और हम उन सभी सर्जरी को संग्रहित करते हैं।

## गांव के विकास में राजीव युवा मितान क्लब की है महत्वपूर्ण भूमिका : विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत लावातारा (ले) के राजीव युवा मितान क्लब द्वारा आयोजित खेल तिहार में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा थे, सर्वप्रथम मां सरस्वती शैलचित्र की पूजा अर्चना कर किए कार्यक्रम का शुभारभ किया तदुपरांत विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी देश और प्रदेश के लिए युवा वह पूंजी होते हैं जिन पर उस देश और प्रदेश का भविष्य निर्भर करता है,इसी विचार को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में युवाओं को सहभागी बनाने की पहल की है,युवा शक्ति राज्य के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पूंजी है, युवाओं को राज्य के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संगठित कर शासन की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग लेना है इसी को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राजीव युवा मितान क्लब की परिकल्पना की गई है युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवाओं को अपनी पहचान कायम करने एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का अवसर मिल रहा है,राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवाओं को एक सूत्र में पिरोने के लिए भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के जयंती पर राजीव युवा मितान क्लब योजना शुरू की गई योजना के माध्यम से प्रदेश की युवा शक्ति को एक नई दिशा मिल रही है, छत्तीसगढ़ के विकास में युवा वह पूंजी होते हैं जिन पर प्रदेश का भविष्य निर्भर करता है इसी विचार को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में युवाओं को सहभागी बनाने की पहल की है,युवाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यावरण, खेल को आगे बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जन - जन तक पहुंचाने व लोगों को इसका लाभ दिलाने में मदद मिल रही है।

## शान्ति समिति की बैठक आयोजित, देर रात तक ध्वनि प्रदूषण करने पर होगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com





नवरात्रि का पावन पर्व जारी है इसी परिपेक्ष्य में शासन के निर्देश पर दुर्गा समिति के अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों, सरपंचो, मीडिया कर्मियों का शान्ति समिति का बैठक पुलिस चौकी लवन में मंगलवार शाम 05बजे आयोजित रहा।बैठक में शासन के निर्देश एवं प्रारूपों को पुलिस चौकी स्टॉफ ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों के बीच रखते हुए कहा कि दुर्गा विसर्जन के लिए डीजे का प्रयोग के लिए लिखित में स्वीकृति लेना पड़ेगा, इसके अलावा दुर्गा पंडालो में बिना लिखित स्वीकृति प्राप्त देर रात तक जसगीत आयोजन के माध्यम से ध्वनि प्रदूषण नहीं करने की मार्गदर्शन दिये गए हैं।नियम तोड़ने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित होगी।गौरतलब हो कि देर रात तक लाउडस्पीकर के माध्यम से ध्वनि प्रदूषण करना भी कानून अपराध है, एक समय अवधि तक एक निश्चित डेसिबल आवाज के माध्यम से डीजे एवं लाउडस्पीकर का प्रयोग किये जा सकते हैं।रात्रि में देर रात तक जसगीत के नाम पर ध्वनि प्रदूषण लोगों के मौलिक अधिकार के हनन कानून के दायरे में आता है।कुछ जगहों पर इसका खुलेआम उल्लंघन होता है जिसका खामियाजा रात्रि में लोगों को अपने नींदों को ध्वनि प्रदूषण के चलते अनावश्यक जगाकर पूरा करना पड़ता है। गॉव स्तर पर प्रायः यह बात ज्यादा देखने को मिलता है।नियमों की जानकारी पुलिस प्रशासन पुलिस चौकी लवन द्वारा सभी लोगों को बता दिये गए हैं।जो नियम विपरीत कार्य करेगा ,कार्रवाई होगा की जानकारी बैठक प्रभारी परमा नंद रथ ने मीडिया कर्मियों को बताया है ।उक्त बैठक में दुर्गा समितियों के अध्यक्ष, नगर वासी, अंचल के गाँव से दुर्गा समिति अध्यक्ष ,जनप्रतिनिधियों ,मीडिया कर्मियों की उपस्थिति रहा।बैठक में प्रमुख रूप से पुलिस चौकी लवन से बैठक प्रभारी परमा नंद रथ, प्रधान आरक्षक अजय आँचल, प्रधान आरक्षक चूड़ामणि साहू, गुमान जायसवाल, नगर पंचायत लवन से पार्षद मनेंद्र जायसवाल, बीजेपी नेता प्रशान्त यादव, मीडिया कर्मियों में प्रेस क्लब यूनियन लवन अध्यक्ष योगेश कुमार सिंघम, प्रमुख सलाहकार गोलू कैवर्त, तिल्दा से कोटवार अमृतलाल चौहान, डॉ पुरुषोत्तम कैवर्त, लवन से ओमप्रकाश साहू,सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहा।

## मोदी सरकार के कुप्रबंधन के कारण देश की अर्थव्यवस्था तबाही की ओर : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मोदी सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन के कारण देश की अर्थव्यवस्था लगातार तबाही की ओर बढ़ती जा रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार ने रुपए को इतिहास में सबसे कमजोर कर दिया है। रूपया 1 डॉलर के मुक़ाबले 82 पार करने पर तुला हुआ है। पिछले 12 महीनों में रुपए के मूल्य में 12 प्रतिशत से 'यादा गिरावट हो गयी है। मोदी सरकार के 8 साल के कार्यकाल में रूपया 1 डॉलर के मुक़ाबले 24 रुपए (43.5 प्रतिशत) तक गिरा है। मोदी के राज में भारत की विदेशी मुद्रा भंडार पिछले 1 महीने में 26 बिलियन डॉलर कम हुआ, 1 साल में 642 बिलियन डॉलर से गिरकर 545.5 बिलियन डॉलर पर पहुँचा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि लगातार रुपए के गिरने से महंगाई और बढ़ी, लोन की किश्तें भी बढ गयी है। अब 1 अमरीकी डॉलर के बदले 81.47 रुपए देने होंगे। लग रहा है मोदी जी पेट्रोल की तरह रूपये से भी शतक लगवाने के लिए बेताब हैं। मोदी जी की असीम अनुकम्पा से रुपया निरंतर कमजोर होते हुए इतिहास में सबसे कमज़ोर बन गया है और जो गिरती साख की बात करते थे, ना जाने किस गड्ढे में गोता खा रही आबरू को अब ढूँढ ही नहीं पा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रुपया कमजोर होने का मतलब है। विदेश से समानों आयात की लागत बढ़ना। जैसे - कोई सामान विदेश से 1 डॉलर में आता है तो 2013 में हमें 58 रुपए चुकाने होते थे वहीं, अब इसी सामान के 82 रुपए चुकाने होंगे, पूरे 9 रुपए ज्यादा। जब कोई सामान विदेश से 9 रुपए ज्यादा कीमत पर देश में आएगा, तो लोगों को भी महंगे दाम पर मिलेगा। जैसे - भारत 80 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, अब यह महंगे दाम पर भारत आएगा।

## जूलॉजी विषय पर कुमुद बैस को मिली पी.एचडी की उपाधि

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर



कलिंगा यूनिर्वसिटी रायपुर ने कुमुद वर्मा (बैस) को जूलॉजी विषय पर पीएचडी उपाधि प्रदान की है। कुमुद वर्मा (बैस) ने अपना पीएचडी डायवर्सिटी ऑफ फिशेश इन खुशरंगी (कोसरंगी) डैम ब्लॉक आरंग जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ के संदर्भ में पूर्ण किया है। कुमुद वर्मा (बैस) अपना शोध कार्य डॉ. आर.के. अग्रवाल के निर्देशन में किया है। इस बांध में पाए जाने वाले मछलियों व जलीय पौधों पर विस्तृत अध्ययन किया गया। इस पूरे शोध कार्य के लिए छत्तीसगढ़ मत्स्य विभाग व कोसरंगी डैम के मछुआरा समिति के सदस्यों का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। वे महेश बैस की पुत्र वधु व आरंग जनपद के पूर्व अध्यक्ष दीपक बैस की धर्मपत्नी हैं। उन्हें इस सफलता के लिए परिजनों सहित सभी ने बधाई दी। उन्होंने अपने शोध कार्य के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग के लिए सभी का आभार माना है।

**28 सितंबर 2022 विश्व रेबिज दिवस**

## रेबिज पीड़ित जानवर के काटने या खरोच से फैलता है मनुष्यों में

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने विश्व रेबिज दिवस 28 सितम्बर को है, रेबिज एक विषाणु जनित बीमारी है, जो मस्तिष्क को प्रभावित करता है। मनुष्यों में यह रेबिज पीड़ित जानवर मुख्यतः कुत्ते, बिल्ली, नेवले, बंदर, भालू के काटने या खरोच से फैलता है।

### रेबिज संक्रमित व्यक्ति में लक्षण

घाव के स्थान पर दर्द या खुजली होना, तेज बुखार, 2 दो-चार दिन के लिए स्थाई सिर दर्द होना, 3 पानी से भय होना (हाइड्रोफोबिया), 4 तेज प्रकाश अथवा शोर/ध्वनि बर्दास्त करने में असमर्थ होना, 5 मतिभ्रम होना, 6 व्यवहार में परिवर्तन होना, 7 बेहोशी आना हो सकते हैं। प्रतिवर्ष 28 सितंबर को रेबिज रोकथाम हेतु सभी को जागरूक करने के उद्देश्य से 'विश्व रेबिज दिवस' मनाया जाता है साथ ही इस दिन महान वैज्ञानिक लुई पाश्चर की पुण्यतिथि होती है जिन्होंने रेबिज के प्रथम टीके का आविष्कार किया था। इस वर्ष रेबिज दिवस का थीम है। रेबिज बीमारी को समय रहते टीकाकरण से रोका जा सकता है पर एक बार रेबिज बीमारी होने पर मृत्यु निश्चित है।

### बचाव के लिए क्या करें

घाव को बहते पानी के नीचे साबुन से 10 से 15 मिनट तक धोए, 2. कीटाणु नाशक या एंटीसेप्टिक जैसे टिंचर आयोडीन, पोविडिन, आयोडीन/डेटॉल लगाएं, 3. कुत्ता, बिल्ली, व अन्य पालतू जानवरों को पशु चिकित्सालय में रेबिज का टीकाकरण कराएं, 4. चिकित्सक के निर्देशानुसार एंटी रेबीज टीकाकरण नियमित रूप से कराएं,

### बचाव के लिए क्या ना करें

1-कुत्ता/जानवर काटने पर घाव को ना ढकें, 2 खुले हाथों से घाव को ना छुएं, 3 मिट्टी, मिर्ची, तेल, चाक, हल्दी, जड़ी-बूटी इत्यादि ना लगाएं, 4 घाव को ना जलाएं, 5 अंधविश्वास या पौराणिक कहावतों पर भरोसा ना करें।

## शासकीय पीजी कालेज बेमेतरा के युवा मतदाताओं को जागरूक करने विशेष शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू कला, वाणिज्य एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में मंगलवार को मतदाता जागरूकता हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत युवा मतदाताओं को आधार संग्रह कार्यक्रम एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई तथा वोटर हेल्पलाईन एप्प डाउनलोड कर फार्म 6 भरने के लिए प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय बेमेतरा द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुमार शुक्ला के निर्देशन एवं जिला स्वीप नोडल लीना कमलेश मण्डावी के मार्गदर्शन में शासकीय पीजी महाविद्यालय बेमेतरा के सभागार में आयोजित विशेष शिविर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में पंजीयन हेतु चार अर्हता तिथि 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित किये जाने तथा आधार को मतदाता सूची से लिंक करने के संबंध में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। निर्वाचन पर्यवेक्षक संतोश नामदेव ने बाताया कि 01 जनवरी 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने के लिए फार्म 6 भरकर आवेदन वोटर हेल्पलाईन एप्प के माध्यम से कर सकते है साथ ही 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थी भी पंजीयन हेतु अग्रिम आवेदन कर सकेंगे। इन मतदाताओं का नाम 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरांत मतदाता सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जाएगी तथा वे आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान के लिए पात्र होंगे। आयोग द्वारा यह अवसर पहली बार प्रदान किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर जे.के. बारले ने भी सभी छात्र-छात्राओं को पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आनलाईन सुविधा का लाभ उठाने और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नारायणपुर जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक/अ-2/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका विशाल चौहान पिता श्री प्रभाकर राव चौहान जाति मराठा निवासी ग्राम नारायणपुर (बंगलापारा), तहसील नारायणपुर जिला नारायणपुर (छ.ग.) ने आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक/आवेदिका के नाम से ग्राम गुरिया, प.ह.नं. 04 में भूमि खसरा नम्बर 101/14 रकबा 0.020 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि को आवेदक/आवेदिका व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने हेतु आवेदन के साथ नक्शा, खसरा बी-1, रजिस्ट्रीय पेपर की छायाप्रति, ब्लूप्रिंट नक्शा, प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 06/10/2022 को इस न्यायालय में नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक को या इसके पूर्व उपसिति होकर मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया जाता है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**नारायणपुर**

# गोविन्दा के अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझी, गोली मार कर हत्या के बाद लाश को फेंका गया था मोहारा में

## तीन युवक सहित एक अपचारी बालक गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त पिस्तौल, कारतूस व स्कूटी बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ राजनाँदगाँव
www.dailypioneer.com



चौबीस सितम्बर को मोहारा नदी में मिली लाश के हत्या की गुठी पुलिस ने सुलझा ली है । इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों को एवं एक अपचारी बालक को गिरफ्तार कर लिया है । ज्ञात हो कि चौबीस सितंबर को मोहारा नदी में एक लाश मिली थी जिसकी शिनाख्त आदित्य सौदागर उर्फ गोविन्दा पिता मनोज सौदागर, उम्र 19 वर्ष निवासी दिवानटोला, मोती तालाब के रूप में हुई थी। माथे एवं सिर के पीछे भाग में चोट होने से प्रथम दृष्टिया मृतक की हत्या कर अन्य जगह से लाकर पानी में फेकना प्रतीत् हो रहा था और इसी ऐंगल से पुलिस ने अपनी जांच शुरू की ।

शुरूआती जांच में आरोपियों के साथ मृतक को बाईक में घुमते देखा गया था जिसमे रमेश उर्फपिन्टू खपट्टा एवं जावेद खान स्कूटी में उसके शव को फैकने गये थे।

संदेह के आधार पर घटना के अन्य आरोपी युवराज उर्फ दीप सिंह राजपूत को भी पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो गोलमोल जवाब देने लगा। अंततः मुख्य आरोपी रमेश उर्फ पिन्टू खपट्टा एवं जावेद खान को पकड़ा गया जिन्होंने वारदात को अंजाम देना कबूल किया।जिसपर अपराध सबूत पाये जाने से थाना बसंतपुर में अप0क्र0- 666/2022 धारा- 302, 201, 34, 120(बी) भा0द0वि0 व 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में 03 आरोपी एवं 01 अपचारी बालक गिरफ्तार कर आरोपियों के निशादेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्तौल एवं 05 नग जिन्दा कारतूस व 01 नग खाली खोखा एवं लाश को ठिकाना लगाने में प्रयुक्त स्कूटी बरामद किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### आरोपी के भाई पर मृतक को था माँ से नाजायज सम्बन्ध का शक

घटना के उद्देश्य को लेकर खुलासा हुआ है कि मृतक आदित्य के घर मुख्य आरोपी रमेश उर्फ पिन्टू खपट्टा के भाई मुकेश का आना-जाना था जिससे मृतक आदित्य मुकेश पर शक करता था कि उसके मॉ के साथ मुकेश का नाजायज सम्बन्ध है । इसी मामले को लेकर गोविंदा आरोपियों को धमकी देता था कि तेरे भाई को समझा देना मेरी मां से दूर रहे वरना जान से मार दूंगा। इसी विवाद ने बड़ा रूप लिया और इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

# छत्तीसगढ़ एसोसिएशन ने किया राजनांदगांव टीम को पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन ब्रांच छत्तीसगढ़ के फार्मासिस्टडां विनोद वर्मा प्रदेशाध्यक्ष, फार्मासिस्ट सचिव राहुल वर्मा, फार्मासिस्ट वैभव शास्त्री प्रदेश समन्वयक व रायपुर टीम के कुशल मार्गनिर्देशन में रायपुर मेडिकल कॉलेज के आडिटोरियम में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित हुआ। इस मौके पर इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला राजनांदगांव टीम को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष फार्मासिस्ट भोज कुमार साहू के नेतृत्व में राजनांदगांव टीम के द्वारा लगातार जिले के फार्मासिस्ट साथियों को संगठित कर रहे हैं। फार्मासिस्टों के द्वारा क्षेत्र में मेडिकल स्टोर्स संचालन करने वाले फार्मासिस्टों को मदद कर रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार के कोई समस्या न हो। शासन द्वारा निर्धारित मेडिकल चालान राशि 3 हजार रूपये के अलावा किसी भी प्रकार के अन्य राशि मेडिकल स्टोर्स खोलने के लिए न देने के लिए अपील कर रहे है। इसके अलावा हर कदम पर फार्मासिस्टों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ रहे है।

ऐसे बेहतर कार्य करने के मंच के माध्यम से अतिथि डां राकेश गुप्ता व डां सुरेन्द्र सराफ के करकमलों से प्रशस्ति पत्र व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।उक्त आयोजन में छत्तीसगढ़ के कोने कोने से रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट के साथ साथ फार्मेसी कालेज के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। राजनांदगांव टीम से फार्मासिस्ट भोज कुमार साहू जिला अध्यक्ष, फार्मासिस्ट गुलाब चन्द साहू संगठन सचिव, फार्मासिस्ट एकलव्य गजेन्द्र सह सचिव, फार्मासिस्ट प्रहलाद साहू ब्लाक अध्यक्ष खैरागढ़, फार्मासिस्ट रेशम साहू ब्लाक अध्यक्ष डोंगरगांव, फार्मासिस्ट सत्यम साहू ब्लाक अध्यक्ष घुमका, सहित अन्य फार्मासिस्ट उपस्थित थे।

# क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पंडालों में शामिल हुई छन्नी साहू

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com



विधायक छन्नी चंदू साहू अपने विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांव में मां दुर्गा प्रतिमा स्थापना के कार्यक्रम में शामिल हुई। नवरात्रि पर्व के पहले दिन विधायक को अपने स्थापना कार्यक्रम में पाकर गांव की समिति के सदस्य भी उत्साहित रहे।

चिचोला के ग्राम पंचायत रानीतलाब में नवदुर्गा उत्सव समिति व ग्रामवासियों द्वारा मां दुर्गा प्रतिमा स्थापना का कार्यक्रम रखा गया था। जहां विधायक छन्नी चंदू साहू ने बतौर मुख्य अतिथि शिकरत की। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर मां आदिशक्ति की आराधना के पर्व के महत्व को बताया। इसी तरह ग्राम कुबराडीह में भी विधायक पूजा-अर्चना कर प्रतिमा स्थापना में शामिल हुई। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि आज नवरात्र के पावन पर्व पर माता के इस कार्यक्रम का हिस्सा बनना ना सिर्फ परम सौभाग्य है, बल्कि आने वाले नौ दिनों तक क्षेत्र सहित पूरे देश में जस जगराता के माध्यम से आदिशक्ति की सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होती रहेगी।

इस दौरान कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि एकनाथ सिन्हा, जनपद सदस्य चुम्मन साहू, जनपद सदस्य मनीराम सहारे, ब्लाक कांग्रेस कमेटी सचिव अमित अग्रवाल, रानीतालाब उपसरपंच रामकुमार नेताम, ग्राम प्रमुख चैनसिंग नेताम, ग्राम प्रमुख सुखचैन लहरे, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# रोजगार सहायकों ने की मानदेय भुगतान की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ ग्राम रोजगार सहायक संघ ने मंगलवार को जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मनरेगा अंतर्गत राजनाँदगाँव जिले में कार्यरत ग्राम रोजगार सहायकों का मानदेय राशि भुगतान करने की मांग की। जिलाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद ठाकुर ने ज्ञापन में बताया कि छत्तीसगढ़ ग्राम रोजगार सहायक संघ जिले के अंतर्गत कार्यरत ग्राम रोजगार सहायकों का मानदेय भुगतान विगत अप्रैल 2022 से सितंबर तक 06 माह का मानदेय भुगतान नहीं हुआ है। जबकि छग राज्य के अन्य जिलों में ग्राम रोजगार सहायकों का माह अगस्त तक ग्राम रोजगार सहायकों का मानदेय भुगतान हो चुका है, जो बहुत दुखद है। जबकि हम सभी निरंतर रूप से मनरेगा के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित कर रहे हैं। ग्राम रोजगार सहायकों के परिवार को जीवन निर्वाह करने में अत्यंत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 10 दिन के अंदर मांग पूरी नहीं होने पर रोजगार सहायक जिला स्तर पर हड़ताल करने विवश होंगे।

# महामाया मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय मानस महोत्सव का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ छुईखदान
www.dailypioneer.com

समीपस्थ ग्राम कोड़का के मां महामाया मंदिर प्रांगण में लगातार दूसरा वर्ष मानस गान का आयोजन दिन मंगलवार से प्रारंभ हुआ जिसमें सभी मानस प्रेमी एवं श्रोता गण शामिल हो रहे हैं। तुलसी मानस प्रतिष्ठान विकासखंड इकाई छुईखदान के तत्वाधान में विगत 2 वर्षों से यह कार्यक्रम नवरात्रि के पर्व पर मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 27 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेगी जिसमें छुईखदान ब्लॉक एवं राजनांदगांव जिले के मानस मंडली का सम्मेलन होगा मुख्य रूप से मां महामाया मानस मंडली एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई छुईखदान के द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है।

# रिक्शा के साथ-साथ अब ई-रिक्शा से भी होगा खैरागढ़ में सूखा एवं गीला कचरा का संग्रहण

पायनियर संवाददाता ➤ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे पड़ाव को पूरा करने अब खैरागढ़ नगरपालिका ने पूरी तरह से कमर कस ली है। शौचालय निर्माण व उपयोग के बाद अब ओडीएफ प्लस पर तेजी लाने का काम शुरु हो गया है। हालांकि इसके पहले भी रिक्शा से कचरा संग्रहण का काम चल ही रहा है।

अब शहर मे 10 नए ई-रिक्शा के आगमन से काम मे तेजी आएगी। खैरागढ़ नगर पालिका क्षेत्र में अब कचरा संग्रहण के लिये गली-मोहल्लों में ई-रिक्शा घूमेगा. नगर के 20 वार्डों में कचरा संग्रहण के लिये छग शासन से 10 ई-रिक्शा की सौगात मिली है। पालिका को प्राप्त ई-रिक्शा को नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, कलेक्टर डॉ.जगदीश सोनकर, उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान सहित पालिका के जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ज्ञात हो कि शासन से 15वें वित्त मद से 10 ई-रिक्शा की खरीदी की गई है, 2 लाख 10 हजार रूपये मूल्य का एक ई-रिक्शा (बैटरी चलित) खरीदा गया है। कुल 10 ई-रिक्शा खरीदने 21 लाख रूपये की राशि खर्च की गई है।

# सेवा सहकारी समिति बुंदेली के प्रबंधक ने की खाद, बीज वितरण में गड़बड़ी, हुई शिकायत

**खैरागढ़।** छुईखदान ब्लाक के सेवा सहकारी समिति बुंदेली मे खाद बीज वितरण मे भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। किसानों ने आज कलेक्ट्रेट पहुंच कर कलेक्टर डा.जगदीश सोनकर को ज्ञापन सौंप कर उचित जांच व कार्यवाही की मांग की है। उल्लेखनीय है कि सेवा सहकारी समिति बुन्देली पंजीयन क्रमांक 984 में समिति प्रबंधक पालन दास मानिकपुरी द्वारा छोटे किसानों को खाद बीज कम देकर बड़े किसानों से रिश्वत लेकर पर्याप्त मात्रा में दिया जाता है। एवं धान खरीदी में भी छोटे किसानों के धान को पहले प्राथमिकता नहीं दिया जाता है। इनके वजह से छोटे किसानो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिलचस्प बात यह है कि समिति प्रबंधक के द्वारा हमेशा छोटे रकबा वाले किसान या गरीब तबके के किसानों को हमेशा परेशान किये जाने की शिकायत भी हुई है।

# मोदी के मन की बात सुनने नागरिकों की चौपाल

पायनियर संवाददाता
➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा,जनसंघ के संस्थापक, अखण्ड भारत के प्रणेता, महान देशभक्त, विचारक, कुशल राजनेता, एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती नगर के आजाद चौक में मनाई गई। नए बसस्टैंड मटियावार्ड तिराहा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे पंडित उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी जीवनी का पठन किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के अवसर पर भाजयुमो जिला महामंत्री डिकेश साहू के संयोजन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ नेता डॉ. नीरेंद्र साहू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचाने की रही है। वे समाज के निचले वर्ग तक को शासन के योजनाओं से लाभान्वित करना चाहते थे। उनका जीवन परोपकार व देशभक्ति से ओतप्रोत था। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात भी सुनी गई। तदोपरांत बूथ पर भी चर्चा की गई। उक्त अवसर पर प्रदेश भाजपा पिछड़ा मोर्चा सदस्य डा नीरेंद्र साहू, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, पुरुषोत्तम साहू, दीना पटेल, पार्षद डिकेश साहू, राधेकिशुन पटेल, हिरदे तातूराम साहू, पोखराम साहू, मानसिंह साहू, संजय यादव, राजू राजपूत, भीम सिंह राजपूत सहित नगर एवं वार्ड के अनेक युवा एवं बुजुर्ग नागरिकगण उपस्थित थे।

## कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़
(आदिवासी विकास शाखा)

// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा क्र./आ.वि./निर्माण/2022-23/8845 /बीजापुर, दिनांक 26/09/2022

कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला बीजापुर की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग के दिनाँक 01.01.2015 तथा प्रचलित एस.ओ.आर. (भवन निर्माण कार्य के लिए) दर प्रतिशत दर के आधार पर लो.नि.वि. में पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | अमानत राशि | टेंडर फार्म का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बालक आश्रम डारापाल भवन का नवीनीकरण कार्य | 643000.00 | 19000.00 | 1000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 02 | बालक आश्रम दरभा में शौचालय निर्माण कार्य | 550000.00 | 16500.00 | 1000.00 | |
| 03 | कन्या आश्रम मुरकीनार भवन का नवीनीकरण कार्य | 537000.00 | 16000.00 | 1000.00 | |

निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 08.10.2022 सायं 5.30 बजे तक
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 20.10.2022 अपरान्ह 3.00 तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 20.10.2022 अपरान्ह 3.30 बजे

निविदा की अन्य शर्ते एवं कार्यों की जानकारी कार्यालयीन समय पर देखे जा सकते हैं।

G-94595/3

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास-बीजापुर

## पूर्व तट रेलवे

खोरधा रोड मण्डल के
61 SLRs एवं 08 VPs की नीलामी

PLAs का विवरण:

| क्र. | ट्रेन नं. एवं क्षमता (टन में) | से - तक | लॉट समाप्ति होने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | 20918 & (3.9 T) | पुरी-इन्दौर | 06.10.2022, 1030 बजे |
| 02 | 12822 & (3.9 T) | पुरी-शालीमार | 06.10.2022, 1040 बजे |
| 03 | 22833 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-कृष्णराजपुरम | 06.10.2022, 1050 बजे |
| 04 | 18417 & (4 T) | पुरी-गुणुपूर | 06.10.2022, 1100 बजे |
| 05 | 20837 & (4 T) | भुवनेश्वर-जुनागढ़ रोड | 06.10.2022, 1110 बजे |
| 06 | 12888 & (3.9 T) | पुरी-शालीमार | 06.10.2022, 1120 बजे |
| 07 | 12994 & (3.9 T) | पुरी-गांधीधाम | 06.10.2022, 1130 बजे |
| 08 | 17479 & (4 T) | पुरी-तिरुपति | 06.10.2022, 1140 बजे |
| 09 | 12281 & (3.9 T) | भुवनेश्वर- नई दिल्ली | 06.10.2022, 1150 बजे |
| 10 | 22866 & (4 T) | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 06.10.2022, 1200 बजे |
| 11 | 22871 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-तिरुपति | 06.10.2022, 1210 बजे |
| 12 | 18417 & (4 T) | पुरी-गुणुपूर | 06.10.2022, 1220 बजे |
| 13 | 18447 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-जगदलपुर | 06.10.2022, 1230 बजे |
| 14 | 20472 & (3.9 T) | पुरी-बीकानेर | 06.10.2022, 1240 बजे |
| 15 | 20896 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-रामेश्वरम | 06.10.2022, 1250 बजे |
| 16 | 22836 & (3.9 T) | पुरी-शालीमार | 06.10.2022, 1300 बजे |
| 17 | 18419 & (3.9 T) | पुरी-जयनगर | 06.10.2022, 1310 बजे |
| 18 | 22840 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-राउरकेला | 06.10.2022, 1320 बजे |
| 19 | 20837 & (4 T) | भुवनेश्वर-जुनागढ़ रोड | 06.10.2022, 1330 बजे |
| 20 | 20861 & (3.9 T) | पुरी-अहमदाबाद | 06.10.2022, 1340 बजे |
| 21 | 20817 & (3.9 T) | भुवनेश्वर- नई दिल्ली | 06.10.2022, 1350 बजे |
| 22 | 22882 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-पुणे | 06.10.2022, 1400 बजे |
| 23 | 22879 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-तिरुपति | 06.10.2022, 1410 बजे |
| 24 | 22811 & (3.9 T) | भुवनेश्वर- नई दिल्ली | 06.10.2022, 1420 बजे |
| 25 | 22866 & (4 T) | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 06.10.2022, 1430 बजे |
| 26 | 12898 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-पुडुच्चेरी | 06.10.2022, 1440 बजे |
| 27 | 12819 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | 06.10.2022, 1450 बजे |
| 28 | 12880 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 06.10.2022, 1500 बजे |
| 29 | 17479 & (4 T) | पुरी-तिरुपति | 06.10.2022, 1510 बजे |
| 30 | 22859 & (3.9 T) | पुरी-एमजीआर.चेन्नई सेंट्रल | 06.10.2022, 1520 बजे |
| 31 | 18449 & (3.9 T) | पुरी-पटना जंक्शन | 06.10.2022, 1530 बजे |
| 32 | 22202 & (3.9 T) | पुरी-सियालदह | 06.10.2022, 1540 बजे |
| 33 | 20819 & (3.9 T) | पुरी-ओखा | 06.10.2022, 1550 बजे |
| 34 | 22974 & (3.9 T) | पुरी-गांधीधाम | 06.10.2022, 1600 बजे |
| 35 | 22910 & (3.9 T) | पुरी-वलसाड़ | 06.10.2022, 1610 बजे |
| 36 | 12845 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-बेंगलूरू कैन्ट | 06.10.2022, 1620 बजे |
| 37 | 22827 & (3.9 T) | पुरी-सूरत | 07.10.2022, 1030 बजे |
| 38 | 12146 & (3.9 T) | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 07.10.2022, 1040 बजे |
| 39 | 22805 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | 07.10.2022, 1050 बजे |
| 40 | 22823 & (3.9 T) | भुवनेश्वर- नई दिल्ली | 07.10.2022, 1100 बजे |
| 41 | 12815 & (3.9 T) | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | 07.10.2022, 1110 बजे |
| 42 | 18452 & (3.9 T) | पुरी- हटिया | 07.10.2022, 1120 बजे |
| 43 | 22819 & (4 T) | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | 07.10.2022, 1130 बजे |
| 44 | 22819 & (4 T) | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | 07.10.2022, 1140 बजे |
| 45 | 22819 & (4 T) | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | 07.10.2022, 1150 बजे |
| 46 | 18126 & (4 T) | पुरी-राउरकेला | 07.10.2022, 1200 बजे |
| 47 | 18126 & (4 T) | पुरी-राउरकेला | 07.10.2022, 1210 बजे |
| 48 | 18410 & (4 T) | पुरी-शालीमार | 07.10.2022, 1220 बजे |
| 49 | 18410 & (4 T) | पुरी-शालीमार | 07.10.2022, 1230 बजे |
| 50 | 18463 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-बेंगलूरू सिटी | 07.10.2022, 1240 बजे |
| 51 | 12875 & (3.9 T) | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | 07.10.2022, 1250 बजे |
| 52 | 18425 & (3.9 T) | पुरी-दुर्ग | 07.10.2022, 1300 बजे |
| 53 | 12843 & (3.9 T) | पुरी-अहमदाबाद | 07.10.2022, 1310 बजे |
| 54 | 12801 & (3.9 T) | पुरी- नई दिल्ली | 07.10.2022, 1320 बजे |
| 55 | 20813 & (4 T) | पुरी-जोधपुर जंक्शन | 07.10.2022, 1330 बजे |
| 56 | 20813 & (4 T) | पुरी-जोधपुर जंक्शन | 07.10.2022, 1340 बजे |
| 57 | 12896 & (3.9 T) | पुरी-शालीमार | 07.10.2022, 1350 बजे |
| 58 | 18477 & (4 T) | पुरी- योग नगरी ऋषिकेश | 07.10.2022, 1400 बजे |
| 59 | 18477 & (4 T) | पुरी- योग नगरी ऋषिकेश | 07.10.2022, 1410 बजे |
| 60 | 20823 & (3.9 T) | पुरी-अजमेर | 07.10.2022, 1420 बजे |
| 61 | 11020 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस | 07.10.2022, 1430 बजे |
| 62 | 22805-22806 (24 T) | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1030 बजे |
| 63 | 12830-12829 (24 T) | भुवनेश्वर-एमजीआर.चेन्नई सेंट्रल (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1040 बजे |
| 64 | 12898-12897 (24 T) | भुवनेश्वर-पुडुच्चेरी (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1050 बजे |
| 65 | 18463-18464 (24 T) | भुवनेश्वर-बेंगलूरू सिटी (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1100 बजे |
| 66 | 12815-12816 (24 T) | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1110 बजे |
| 67 | 12819-12820 (24 T) | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1120 बजे |
| 68 | 12875-12876 (24 T) | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1130 बजे |
| 69 | 18477-18478 (24 T) | पुरी- योग नगरी ऋषिकेश (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1140 बजे |

एसेट विवरण : F-1 (क्रम सं. 1, 2, 3, 4, 6, 7, 8, 11, 13, 16, 18, 19, 21, 23, 24, 25, 26, 27, 32, 34, 36, 39, 40, 41, 45, 47, 48, 50, 51, 54, 56, 57, 58 and 61 के लिए), R-1 (क्रम सं. 5, 9, 10, 12, 14, 15, 17, 20, 22, 28, 29, 30, 31, 33, 35, 37, 38, 42, 44, 46, 49, 52, 53, 55, 59 and 60 के लिए), F-2 (क्रम सं. 43 के लिए) and VP (क्रम सं. 62, 63, 64, 65, 66, 67, 68 and 69 के लिए)। परिचालन दिवस एवं स्केल: 1 दिन (क्रम सं. 1, 3, 6, 7, 9, 10, 11, 14, 15, 16, 17, 20, 21, 22, 23, 25, 26, 30, 31, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 55, 56, 57, 61, 62, 63 and 64 के लिए), 2 दिन (क्रम सं. 24, 27, 28, 60, 66 and 67 के लिए), 3 दिन (क्रम सं. 32, 51 and 68 के लिए), 4 दिन (क्रम सं. 40, 41 and 53 के लिए), 5 दिन (क्रम सं. 8 and 29 के लिए) and 7 दिन (क्रम सं. 2, 4, 5, 12, 13, 18, 19, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 52, 54, 58, 59, 65 and 69 के लिए)। लॉट प्रारंभ होने की तिथि : 06.10.2022, 1000 बजे ( क्रम सं.1 से 36 के लिए), 07.10.2022, 1000 बजे ( क्रम सं.37 से 61 के लिए) एवं 10.10.2022, 1000 बजे ( क्रम सं.62 से 69 के लिए), न्यूनतम वृद्धि : 0.20% (सभी क्रम सं.के लिए), लॉट स्थिति : ड्राफ्ट कैटलॉग में नया (सभी क्रम सं. के लिए)।

PR-546/N/22-23 वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, खोरधा रोड

# जनचौपाल में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं एवं परेशानी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने आम जनता से साप्ताहिक भेंट मुलाकात कार्यक्रम जनचौपाल के दौरान जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टोरेट के दृष्टि-सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान बेमेतरा जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 47 आवेदन प्रस्तुत किये। पड़कीटोला निवासी संतोष नेताम द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के प्रोत्साहन राशि न मिलने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत की। ग्राम करचुवा निवासी सुरेश सिंह ने रबी फसल की बीमा राशि प्रदान किये जाने के संबंध में, ग्राम पुटपुरा निवासी भागवत ध्रुव ने प्रधानमंत्री फसल बीमा की राशि दिलाये जाने के संबंध में, ग्राम बम्हनी के समस्त ग्राम वासियों द्वारा टीपनी-सैगोना मार्ग चौड़ीकरण में प्रभावित भूमि की मुआवजा राशि दिलाये जाने, बारगांव निवासी शेखुराम यादव द्वारा स्वरोजगार चालू करने हेतु सहायता राशि प्रदान करने, श्रद्धा महिला स्व सहायता समूह घिवरी परियोजना साजा द्वारा रेडी-टू-ईट की रोकी गई 25 प्रतिशत राशि की भुगतान के संबंध में, प्रगति महुआ सहकारी समिति मौर्य बनरांका के कार्यक्षेत्र में कामन महुआ सहाकारी समिति का पट्टा बना दिया गया है उसे निरस्त करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इसके अलावा जनचौपाल में निराश्रित पेंश दिलाये जाने, दिव्यांग पेंशन राशि प्रदान करने, मकान किराया की राशि प्राप्त नहीं होने के संबंध में, विधवा एवं वृद्धा पेंशन दिलाने, आबादी पट्टा दिलाने, कोरोना काल में हुई मृत्यु पर देय राशि दिलाने, प्रधानमंत्री आवास दिलाये जाने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।

मण्डावी ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर आम लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। जिन मामलों में आवेदनों का निराकरण नियमानुसार संभव नहीं है उस पर आवेदक को पृथक से लिखित रुप में सूचना भी दी जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेरला संदीप ठाकुर, नवागढ़ प्रवीण तिवारी, उप संचालक कृषि एम.डी. मानकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी बी.डी.पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, कार्यपालन अभियंता जलसंसाधन सीएस शिवहरे, उप संचालक समाज कल्याण अजय गेडाम, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बॉम्बरा सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर के बने संयोजक

**रायपुर।** सरदार जीएस बॉम्बरा को रविवार को हुई एक विशेष बैठक में छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन के संयोजक पद पर दूसरी बार सर्वसम्मति से संयोजक चुना गया।



वे एसोसियेशन के किसी अन्य सदस्य को संयोजक बनाना चाहते थे किन्तु बैठक में सरदार ए.एस. प्लाहा व्दारा दिए गए प्रस्ताव पर महिला सदस्यों सहित सभी सदस्यों ने हर्ष ध्वनि के साथ एक मत हो कर सरदार बॉम्बरा को पुनः आगामी वर्षों के लिए संयोजक बनाया। सेवानिवृत सरदार जी.एस. बॉम्बरा छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा के काफी लोकप्रिय अधिकारी रहे हैं। वे वर्तमान में छत्तीगढ़ एथेलेटिक्स संघ के अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ ओलिपिक एसोसियेशन के उपाध्यक्ष भी है। वे छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन के संस्थापकों में से एक है। सन् 2018 को रायपुर में गठित छत्तीसगढ़ सिक्ख वेलफेयर एसोसियेशन केन्द्र व राज्य सरकार के शासकीय व अन्य सेवाओं से रिटायर्ड एवं सेवारत अधिकारियों व्दारा गठित एक समाजसेवी संस्था है।

# गुम मोबाइल बरामद करने जीपीएम पुलिस का अभियान, आपकी अमानत आपके पास

### 75 नग गुमे हुए मोबाइल बरामद कर उनके धारकों को किया गया सुपुर्द

- बरामद मोबाईल की कीमत करीब 10,73,500 रूपये
- अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर सभी मोबाइल धारक हुए प्रफुल्लित एवं जी पीएम पुलिस को किया धन्यवाद



पायनियर संवाददाता ◄ पेंड्रा
www.dailypioneer.com

गुम मोबाईलों की पतासाजी हेतु पुलिस महा निरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर रतन लाल डांगी के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही आई. कल्याण ऐलिसेला द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा एवं अनु अधि.पुलिस अशोक वाडेगांवकर के नेतृत्व में सायबर सेल गौरेला पेंड्रा मरवाही की टीम को अभियान चला कर गुम हुए मोबाईल तलाश करने के कार्य में लगाया गया,जिसमें सायबर सेल की टीम द्वारा जिले में प्राप्त गुम मोबाईल की शिकायतों पर तकनीकी जानकारी हासिल कर न केवल जिले के विभिन्न स्थानों से वरन दीगर जिला बिलासपुर जांजगीर चाम्पा , कोरिया , सूरजपुर, रायपुर , तथा मध्य प्रदेश के अनुपपुर शहडोल आदि जिलों से भी गुमे हुए मोबाईलों को बरामद करने में सफल रही। इस प्रकार टीम द्वारा अत्यत कम समय में लगन व परिश्रम से कार्य करते हुए कुल 75 नग मोबाईल बरामद किये हैं जिनकी अनुमानित कीमत करीब 10,73,500 रूपये है। पुलिस नियंत्रण कक्ष गौरेला में पुलिस अधीक्षक जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही आई. कल्याण एलिसेला द्वारा उनके धारकों को वापस किया गया। गुम हुए मोबाइल धारक अपना मोबाइल मिलने की आशा छोड़ दिये थे,जो आज पुलिस विभाग के बुलावे में आकर अपना गुमा हुआ मोबाइल प्राप्त किये और अपनी खुशियां जाहिर करते हुए जी.पी.एम पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये। संपूर्ण कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, सहायक उपनिरीक्षक हेमंत आदित्य, सहायक उप निरीक्षक मनोज हनोतिया, आरक्षक राजेश शर्मा, चौपाल कश्यप,दुष्यंत मेश्राम, रवि त्रिपाठी,राम लाल खुराना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलिसेला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा, डीएसपी आई तिर्की, रक्षित निरीक्षक रामप्रसाद पैकरा, निरीक्षक अनिल अग्रवाल, उप निरीक्षक कमलेश सेंडे, थाना प्रभारी पेंड्रा उप निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी और जिले के समस्त पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एलजी शो रूम के मैनेजर ने फेसबुक में दोस्ती कर युवती से किया अनाचार,पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

चंडीगढ़ के एक युवक ने खैरागढ़ की एक युवती से फेसबुक में दोस्ती कर उसे बिलासपुर बुलवाकर बार बार एक लाज में दैहिक शोषण किया मगर शादी से इंकार करते हुए अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर देने की धमकी दी तो युवती ने पुलिस में पूरे घटनाक्रम बयां करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर आरोपी को पुलिस ने पंचकुला से गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव में रहने वाली लड़की को फेसबुक में एक लड़के से प्यार हो गया था। युवक चंडीगढ़ का रहने वाला था। लड़का युवती से मिलने के लिए बिलासपुर पंहुचा और उसने होटल शिवनेरी में युवती को भी बुलाया। युवती उससे मिलने होटल पहुंची थी जिसके बाद होटल में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद लड़का युवती को ब्लैकमेल करने लगा। बताया जा रहा है कि राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ में रहने वाली युवती प्राइवेट जॉब करती है। उसकी पहचान फेसबुक पर चंडीगढ़ पंचकुला निवासी युवक संदीप यादव से हुई।

फेसबुक पर चेट करते करते दोनों ने नंबर एक्सचेंज कर लिए। फिर रोजाना उनकी बात होने लगी और दोस्ती प्यार में बदल गई। युवक युवती से मिलने बिलासपुर आया और युवती को भी यही बुलाया। युवती खैरागढ़ से बिलासपुर पहुँची। यहां तारबाहर थाना क्षेत्र के होटल शिवनेरी में युवक संदीप यादव रुका हुआ था। यहां 8 नवंबर 2019 को युवती से युवक ने शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। जल्द ही शादी का आश्वासन देकर युवक वापस चला गया। परेशान होकर युवती ने खैरागढ़ थाने में एफ्आईआर दर्ज करवाई। घटना स्थल बिलासपुर होने के चलते शून्य में रेप,अप्राकृतिक यौन संबंध व धमकी का अपराध दर्ज कर यहां के तारबाहर थाने में मामला ट्रांसफर कर दिया गया। टीआई देवेश राठौर ने सब इंस्पेक्टर मिलन सिंह, आरक्षक पवन बंजारे,संदीप शर्मा, राम सोनवानी की टीम बना कर आरोपी को गिरफ्तार करने भेजा। पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पंचकुला में डटी रही। वहां एलजी के शो रूम में आरोपी संदीप यादव मैनेजर है। वह जैसे ही शो रूम में आया तो उसे पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# ग्राम पाकरगांव में विधिक साक्षरता का आयोजन कर दी गयी आवश्यक विधिक जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ पत्थलगांव
www.dailypioneer.com



अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जशपुर जिला जशपुर छग के मार्गदर्शन में पंचायत पाकरगांव तहसील व थाना पत्थलगांव जिला जशपुर छग में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में माननीय अजीत कुमार राजभानू, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पत्थलगांव जिला जशपुर छग एवं उमेश कुमार भागवतकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 पत्थलगांव जिला जशपुर छग द्वारा उपस्थित गणमान्य नागरिकों को विधिक सेवा प्राधिकरण एवं विधिक साक्षरता शिविर का मूल उददेश्य, नागरिकों के संवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्य, छग आबकारी अधिनियम, छगभू-राजस्व संहिता, छग टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम साईबर अपराध, ऑन लाईन ठगी, महिला संबंधी अपराध, सिविल एवं आपराधिक विचारण की जानकारी एवं मोटरयान अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा उपस्थित नागरिकों द्वारा विधि के संबंध में पूछे गये प्रश्नों का विस्तृत उत्तर प्रदान कर उनके विधिक जिज्ञासा का समाधान कर उनका मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर उक्त कार्यक्रम में थाना पत्थलगांव जिला जशपुर छग से पुलिस अधिकारी उपनिरीक्षक ललित कुमार नेगी, सहायक उपनिरीक्षक साहू, यातायात प्रभारी, थाना पत्थलगांव जिला जशपुर छग मनोज कुमार साहू, व्यवहार न्यायालय पत्थलगांव जिला जशपुर छग से नायब नाजिर सुदन साय पैंकरा एवं अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# महिला संबंधी अपराधों में की जा रही लगातार कार्यवाही



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नाबालिक बालिका के ऊपर बुरी नीयत रखने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में थाना बम्हनीडीह क्षेत्रान्तर्गत रहने वाली पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विगत 4 माह से इसका संतोष सहिस गंदी नियत रखता और घूरते हुए गंदे इशारे करते हुए बुरी नियत से बुलाता था, शाम 07:00 बजे घर के पास अकेली थी तब आरोपी के घर के सदस्य पीड़िता से विवाद कर मारपीट करने लगे जिसे पीड़िता की माँ बीच बचाव करने आयी तो उसे भी डण्डे से मारने लगी जिससे दोनो को चोंट आई पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपी संतोष सहिस उम्र 28 वर्ष निवासी डिपरीपारा को न्यायालय पेश किया गया, जहाँ से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया, आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक सुनीता नाग बंजारे, सउनि. संतोष बंजारे प्र.आर. रोहित नेताम, यशवंत वर्मा, आर. दिनेश महंत, पुनेश्वर आजाद, अमीर सिंह पैकरा एवं म.आर. रूबी आस्मीन का विशेष योगदान रहा ।

# लूट के फरार आरोपी को जांजगीर पुलिस ने दबोचा

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



लूट के फरार आरोपी को पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर गिरफ़्तार किया। लूट में शामिल 3 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध, प्रार्थी रघुपाल सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी सेमरा ने थाना नवागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह रात्रि अपने बेटे प्रबल सिंह और 01 अन्य के साथ जांजगीर से अपने घर सेमरा जा रहा था। जो ग्राम धुरकोट के बस स्टैण्ड में अपने बच्चे के लिये चिप्स लेने के लिये रूका था तभी ग्राम धुरकोट निवासी शुभम किरण अपने 03 दोस्तों के साथ आया और प्रार्थी से बहस करते हुए अपने दोस्तों के साथ मिलकर गाली गलौज कर मारपीट करते हुए प्रार्थी के जेब से 7000/रू को लूट लिये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में 3 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है एवं प्रकरण का आरोपी सुनील गढ़ेवाल गिरफ्तारी के डर से घटना दिनांक से फरार चल रहा था।

आरोपी के घर आने की सूचना प्राप्त होने पर जांजगीर पुलिस द्वारा तत्काल आरोपी के घर में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से 1000/रू बरामद किया गया। आरोपी सुनील गढ़ेवाल उम्र 20 निवासी धुरकोट को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक उमेश कुमार साहू, सउनि कमलेश्वर मिश्रा आर0 दिलीप सिंह, बाल्मिकी राठौर, सोमेश शर्मा एवं सुनील साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मां महामाया का दर्शन करने रतनपुर पहुंचे



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुख्यमंत्री बघेल मंगलवार को नवरात्रि के दूसरे दिन रतनपुर स्थित माँ महामाया के दरबार दर्शन करने पहुँचे। जहाँ उन्होंने विधि विधान से माँ महामाया की पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की मंगलकामना की। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर ने उनका स्वागत किया और मंदिर प्रबंधन की जानकारी दी। दर्शन करने पहुँचे मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर का भी भ्रमण किया, जिसके बाद कार्यालय में बैठकर पदाधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान संसदीय सचिव रश्मि सिंह, विधायक शैलेश पांडेय, विजय केशरवानी सहित पदाधिकारी यहाँ मौजूद रहे।

## 22 वीं राज्य स्तरीय क्रीडा स्पर्धा का हुआ आगाज

**कोरबा।** 22 वीं राज्य स्तरीय क्रीडा स्पर्धा का उद्घाटन समारोह सीएसईबी फुटबॉल मैदान में आयोजित हुआ। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि खेलकद पढ़ाई की तरह जरूरी है। खेल में जरूरी है कि हम खेल भावना का प्रदर्शन करें।

# जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विभिन्न विषयों पर चर्चा

### पुलिस चौकी देवकर में हुई शांति समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ देवकर
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के दिशानिर्देश पर दुर्गा विसर्जन व विजयादशमी पर्व को लेकर पुलिस चौकी प्रभारी टीआर कोसीमा ने मंगलवार को चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक बुलाई थी। बैठक में अनेक विषयो पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से विजयादशमी के दिन शराब दुकान में होने वाले झगड़े पर लगाम लगाने कहा गया और शराब दुकान में चल रहे ओवररेट को आज ही बन्द कराने की बात कही गई। बैठक में आए हुए कुछ लोगों का कहना था कि शराब के ओवररेट के चलते शराब दुकान में झगडा होने का मूल कारण होता है दूसरा शराब दुकान में एक की जगह तीन या चार काउंटर खोले जाएं जिससे त्योहारी सीजन में होने वाली भीड़ भाड़ मे झूमा झटकी से बचा जा सके तो वही दुर्गा समिति के आए हुए सदस्यों से चौकी प्रभारी ने अनुरोध किया कि दुर्गा विसर्जन का कार्यक्रम एक ही दिन रखा जाए व डीजे में सिर्फ भक्ति गीत ही बजाई जाए जिससे विसर्जन में जाने वाली माताओं बहनों को किसी प्रकार की दिक्कत ना आए तो वही समिति के लोगों को यह भी हिदायत दी गई है कि विसर्जन के दौरान शराब इत्यादि का सेवन ना करें जिससे शांति भंग हो। बैठक में शामिल विधायक प्रतिनिधि विनोद कुंजाम ने चौकी प्रभारी से अतिरिक्त बल बुलाने की मांग की व फ्लैग मार्च निकालकर बल को नगर भ्रमण कराने की बात कही। इस अवसर पर बैठक में पुलिस चौकी स्टाफके साथ अध्यक्ष प्रतिनिधि-बिहारी साहू, विधायक प्रतिनिधि- विनोद कुंजाम, मोहन सिन्हा, राधेश्याम ढीमर, दिनेश साहू समस्त पार्षदगण व एल्डरमैन , सांसद प्रतिनिधि पप्पू सोनी नगर के वरिष्ठ व गणमान्य लोग व पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

### एनएसएस स्थापना दिवस के साथ सेवा पखवाड़ा मनाया गया

# समाज में महिलाओं की भूमिका अग्रणी हो इस बात पर बल दिया जाए : डॉ सुषमा सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ कोटा
www.dailypioneer.com



सीवी रमन यूनिवर्सिटी में एनएसएस के स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉक्टर विमल पटेल जी एवं डॉ सुषमा सिंह जी द्वारा आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की भूमिका के संदर्भ में कार्यक्रम में उदबोधन में भारत में युवाओं को आत्मनिर्भर होने के गुण बताएं। छात्र छात्राओं को विश्वविद्यालय की तरफ से अतिथियों द्वारा सर्टिफिकेट वितरित किया गया। कार्यकम का संचालन डॉअनुपम तिवारी जी द्वारा, कार्यक्रम की अध्यक्षता सह कुलसचिव डॉ जयति मित्रा, डॉ अरविन्द तिवारी, कार्यक्रम के प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ जयशंकर यादव , एव पुरे प्रबंधन से सभी अध्यापक एवम एनएसएस के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। निदान संस्था अध्यक्ष डॉ सुषमा सिंह द्वारा उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस एवम यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत जल ही जीवन है। एवम जल संचयन पर पोस्टर बनाओ, स्लोगन लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी किशोरियों एवम छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही कार्यक्रम में निदान संस्था अध्यक्ष डॉ सुषमा सिंह द्वारा सभी किशोरियों व स्कूल की महिला अध्यापिकाओं के लिए बायोडिग्रेडेबल मुक्ति सेनेटरी पैड स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वितरित किया।

प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा परीक्षा के बाद की जाएगी जिसके अंतर्गत पुरस्कार समारोह वितरण कार्यक्रम की रूपरेखा जल्दी ही कन्या शाला में बनाई जाएगी। कार्यक्रम में पूर्व राज्य संपर्क अधिकारी एवं एनएसएस मंडल के सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर विमल पटेल जी भी उपस्थित रहे। उनके द्वारा भविष्य में स्कूल की छात्राओं की संख्या व सुविधाओं को देखते हुए एनएसएस की एक और यूनिट को बढ़ाने पर भी विचार विमर्श किया गया। शाला प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा कन्या शाला के खेलकूद के मैदान का ऊंचा नीचा एवं खेलकूद योग्य ना होने पर निदान संस्था से उसके समतलीकरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम की भी चर्चा की गई। निदान संस्था अध्यक्ष डॉ सुषमा सिंह भविष्य में खेलकूद के मैदान का समतलीकरण कराकर विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम की सहमति भी प्रदान की। छात्राओं द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुति के लिए निदान संस्था द्वारा प्रोत्साहन के रूप में धनराशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ राम बाबू द्वारा, कार्यक्रम की अध्यक्षता आशा दत्ता जी द्वारा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित रहे अध्यापिका मोनापन्नाजी, मंजूचतुर्वेदी, निर्मला बंजारेज, रक्षामैम, श्वेता स्वर्णकारजी, बीएनपालकेजी, मनोज श्रीवास, राकेश शर्मा, पंकज जी एवं समस्त विद्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए बजट की मांग



**कसडोल।** सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ द्वारा प्रदेश में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए बजट की मांग की जा रही हैद्ध संघ द्वारा इसके लिए प्रदेश के सांसदों, मंत्रियों सहित विधायकों से संपर्क कर समर्थन माँगा जा रहा है और उनसे निवेदन किया जा रहा है कि आगामी बजट सत्र में इसके लिए पृथक से बजट आबंटन के लिए सरकार से मांग की जाए। इसी कड़ी में आज कसडोल में मंत्री जगतगुरु गुरु रुद्र कुमार से सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा संघ के प्रांताध्यक्ष हेमंत सिन्हा के नेतृत्व में मिला और वर्ष 2023-24 के बजट सत्र में संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण हेतु बजट आबंटन के लिए अनुशंषा पत्र के सम्बंध में ज्ञापन दिया। मंत्री जगतगुरु गुरु रुद्र कुमार ने इस संबंध में मुख्यमंत्री से जल्द ही पत्राचार करने का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया । प्रतिनिधिमंडल में डॉ अमित मिरी जांजगीर,कमल साहू,केशव नागेश,राजेश देवांगन,प्रकाश कुमार एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

# मोहन मरकाम की कोंडागांव से मां दंतेश्वरी धाम दंतेवाड़ा तक धार्मिक पदयात्रा हुई प्रारम्भ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम की चार दिवसीय मनोकामना पदयात्रा आज सुबह शीतला मंदिर कोंडागांव से पूजा अर्चना करके निकली यह पदयात्रा दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा तक तक होगी। प्रथम दिवस का रात्रि पड़ाव 51 किलोमीटर तय कर ली गयी। पदयात्रा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा यह यात्रा धार्मिक यात्रा है हम छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़वासियों की सुख शांति और समृद्धि की मनोकामना को लेकर निकले हैं अगर भाजपा भी यह चाहती है तो हम उनका भी स्वागत करते हैं परन्तु भाजपा इस धार्मिक यात्रा को राजनीति से जोड़ने का अनर्गल प्रयास न करे और उनके नेताओ से भी पुनः आग्रह है कि वे भी छत्तीसगढ़वासियों की उन्नति समृद्धि खुशहाली के लिए इस पदयात्रा में शामिल होवे पदयात्रा के भानपुरी पहुंचने पर नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप की अगुआई मे स्थानीय जनों द्वारा स्वागत किया गया विधायक चंदन कश्यप भी स्वयं पदयात्री बन 2 किलोमीटर चले। आज दूसरे दिन मनोकामना पदयात्रा का स्वागत जगदलपुर विधायक, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, महापौर सफ़ीरा साहू, ज़िला अध्यक्ष राजीव शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे प्रदेश की खुशहाली तरक्की की कामना लेकर पदयात्रा पर कोंडागांव से दंतेवाड़ा के लिये निकले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का पंडरीपानी में जगदलपुर जनपद अध्यक्ष अनिता पोयाम व सांसद प्रतिनिधि सुशील मौर्य एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जगदलपुर जनपद अध्यक्ष अनिता पोयाम व सुशील मौर्य के द्वारा पुष्पहार व आतिशबाजी के साथ अतिथियों का स्वागत किया पदयात्रा में ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बलराम मौर्य द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पदयात्रा 50 किमी की होगी।

पदयात्रा के मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने बताया की पदयात्रा में लोगो के बीच ग़ज़ब का उत्साह था सुबह से ही सैकडो की तादात में दंतेश्वरी माता के भक्त गण पदयात्रा में शामिल हुवे लेकिन मोहन मारकम की इस धार्मिक पदयात्रा को झूठा कहने वाले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव भयभीत होने के कारण शामिल नहीं हुवे भाजपा के यह समझ आ गया है कि अरुण साव के बड़बोले बयानबाज़ी से प्रदेश के आदिवासी समाज में नाराज़गी है।

## किसानों को 11.79 लाख मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक वितरित

**रायपुर।** खरीफ सीजन के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण जारी है। 19 सितम्बर 2022 की स्थिति में किसानों को सहकारी 11 लाख 79 हजार 143 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका हैं, जिसमें 6 लाख 15 हजार 745 मीट्रिक टन यूरिया, 2 लाख 35 हजार 463 मीट्रिक टन डीएपी, 69 हजार 997 मीट्रिक टन एनपीके, 43 हजार 245 मीट्रिक टन पोटाश तथा 2 लाख 14 हजार 693 मीट्रिक टन सुपर फास्फेट शामिल है। चालू खरीफ सीजन के लिए राज्य में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से किसानों को 14 लाख 12 हजार 35 मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरूद्ध 13 लाख 70 हजार 127 मीट्रिक टन का भण्डारण करा लिया गया है।

## आई आई टी और बी आई टी के युवा जुड़े रायपुर स्मार्ट सिटी के इंटर्न प्रोग्राम से

पायनियर संवाददाता ◄ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत भिलाई आई आई टी और बी आई टी दुर्ग के युवा रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का अध्ययन कर रहे हैं। इन युवाओं को बड़े प्रोजेक्ट तैयार करने के साथ नवाचारों के साथ ज़मीन पर लाने की पूरी प्रक्रिया से रायपुर स्मार्ट सिटी के इंजीनियर अवगत करा रहे हैं, साथ ही आधुनिक और उत्कृष्ट संस्थानों में अध्ययनरत इन विद्यार्थियों के बौद्धिक विश्लेषण, नवाचारों व सोच के अनुरूप नई तकनीकों व सुझाव को भी शहर विकास परियोजनाओं में शामिल किया जाएगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के एम डी मयंक चतुर्वेदी ने इन विद्यार्थियों के लिए आयोजित विशेष परिचयात्मक सत्र को संबोधित किया। इस सत्र में मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल सहित रायपुर स्मार्ट सिटी की पूरी टीम शामिल रही। एम डी चतुर्वेदी ने इंटर्नशिप से जुड़े इन 43 युवाओं से कहा कि विकास की अनवरत प्रक्रिया में परंपरागत प्रणालियों के साथ आधुनिक ज्ञान के समावेश से जहाँ आम लोगों के लिए सुविधाओं की त्वरित पहुँच सुनिश्चित होती है, वही युवाओं को सीखने और नवाचारों के साथ आगे बढ़ने के लिए नई दिशा भी मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि रायपुर स्मार्ट सिटी अब युवाओं को ऐसा प्लेटफ़ॉर्म दे रहा है जिसमें सभी योजनाओं को समझने और फिर उनके उन्नयन के लिए परामर्श देने में उन्हें सुगमता होगी व उनके सुझाव नगर विकास में उपयोगी होंगे। उन्होंने रायपुर स्मार्ट सिटी के सभी प्रोजेक्ट के प्रभारियों को भी निर्देशित किया है कि इन युवाओं को सभी अधो संरचना की बारीकियों से अवगत कराए और युवाओं से प्राप्त उपयोगी परामर्श को योजनाओं के क्रियान्वयन में अवश्य शामिल करें। उन्होंने यह भी कहा है कि उत्कृष्ट योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराया जाएगा ।

## इम्पैनलमेंट करने आनलाइन आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य की न्यूज वेबसाइट्स एवं पोर्टल्स को आगामी एक वर्ष के लिए इम्पैनलमेंट करने ऑनलाइन आवेदन 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2022 तक लिए जाएंगे। इम्पैनलमेंट के लिए निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन जमा किए जा सकते हैं। आवेदन का प्रारूप और इस संबंध में नियम व शर्तें जनसम्पर्क विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। डिजिटल माध्यम की उपयोगिता एवं आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में न्यूज वेबसाइट और वेब पोर्टल के लिए प्रदर्शन विज्ञापन आवश्यकता, उपयोगिता, अवसर और बजट उपलब्धता के आधार पर स्वीकृत किए जाते हैं।

## भूपेश जवाब दें, हसदेव में बलपूर्वक पेड़ों का कत्लेआम क्यों : भाजपा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ आदिवासी नेता पूर्व सांसद नंदकुमार साय, रामविचार नेताम, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा सांसद गोमती साय, प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, पूर्व मंत्री, विक्रम उसेंडी, महेश गागड़ा, लता उसेंडी, जनजाति मोर्चा अध्यक्ष विकास मरकाम ने एक संयुक्त बयान जारी कर हसदेव में फिर से पेड़ों की कटाई शुरू होने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सीधा सवाल किया है कि आखिर उनकी मंशा क्या है? संयुक्त बयान में नेताओं ने पूछा कि जब विधानसभा में अशासकीय संकल्प हसदेव मामले में पेश हुआ था तब स्वयं मुख्यमंत्री ने भी उसका समर्थन किया था तो अब भारी पुलिस बल की तैनाती में बलपूर्वक पेड़ों की कटाई क्यों की जा रही है? उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहते हैं कि जंगल के पेड़ तो क्या एक डंगाल तक नहीं कटेगी और दूसरी तरफ हसदेव में जंगल उजाड़ने के लिए भारी फोर्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को बंधक बनाकर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई फिर से की जा रही है। मुख्यमंत्री बतायें कि यह दोहरा मापदंड क्यों अपनाया जा रहा है। भाजपा के आदिवासी नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा कि हसदेव के जंगलों के मुद्दे पर कांग्रेस शुरू से दोहरी राजनीति कर रही है। कोल ब्लॉक आवंटन के समय जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस विपक्ष में थी, तब भूपेश बघेल से लेकर राहुल गांधी तक संसार के सबसे बड़े वन्यप्रेमी बनकर कह रहे थे कि पेड़ नहीं कटने देंगे। अब दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, तब राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कहने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फौरन पेड़ कटाई की अनुमति दे दी।

## भाजपा महिला मोर्चा शराब बंदी को लेकर रमन सिंह का घेराव करेः वंदना राजपूत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



बीजेपी के महिला मोर्चा के द्वारा शराब बंदी के आंदोलन पर प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि महिला नेत्रियों के द्वारा महज एक दिखावा है ये, यदि इनकी मंशा शराब बंदी की होती तो 15 साल के सरकार में मौन क्यो थे, तब शराब खराब नहीं लग रही थी। भारतीय जनता पार्टी के नेत्रिया पूर्ववर्ती सरकार डॉ. रमन सिंह से सवाल करे कि कमीशन खोरी के चक्कर में सरकार इतना गिर गई थी कि सरकार खुद शराब बेच रही थी। 15 साल छत्तीसगढ़ के भोली भाली जनता को नशा के गर्त में ठकेलने का काम क्यो किया गया। रमन सिंह के समय शराब के खपत मे छत्तीसगढ़ नंबर 1 पर था। 2016 में गोवा को भी पीछे छत्तीसगढ़ ने पीछे छोड़ दिया था। भारतीय जनता पार्टी नेत्रिया शराब बंदी के आंदोलन कर नौटंकी कर रही है और उधर भाजपा नेता लगातार शराब तस्करी मे पकड़ाते जा रहे है। प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि प्रदेश की जनता इनके दोहरे चरित्र से वाकिफ हो चुकी है।

## खरीफ फसलों की बोनी के लिए 9 लाख 40 हजार 597 क्विंटल बीज वितरित

**रायपुर।** चालू खरीफ सीजन में राज्य के किसानों को सरकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से प्रमाणिक बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब तक किसानों को विभिन्न खरीफ फसलों के 9 लाख 40 हजार 597 क्विंटल प्रमाणिक बीज प्रदाय किए जा चुके है, जो कि 9 लाख 52 हजार 788 क्विंटल भण्डारित बीज का 95 प्रतिशत है। गौरतलब है कि राज्य में खरीफ की विभिन्न फसलों के बीज की कुल मांग 10 लाख 5 हजार क्विंटल के विरूद्ध 9 लाख 52 हजार 788 क्विंटल बीज भण्डारण किया जा चुका है।

## विश्व रंग पुस्तक यात्रा रैली का काफिला आज पहुंचेगा जशपुर

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




आज़ादी के 75 वे वर्ष के अवसर पर अमृत महोत्सव के अंतर्गत देश के विभिन्न राज्यों में एक साथ इस पुस्तक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जशपुर में इस यात्रा का आयोजन राज्य के विभिन्न स्थानो से होता हुआ 28 सितम्बर को होगा। जशपुर में स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मध्यम स्कूल (इंटीग्रिटी कॉम्प्यूटर्स नगरपालिका पथ) जशपुर नगर से आरम्भ होकर यह रैली शासकीय रामभजन राय एन ई एस महाविद्यालय पहुंचेगी। इस यात्रा को फ्लैग ऑफ जशपुर के विधायक विनय भगत जी के द्वारा किया जाएगा। रैली में आईसेक्ट, महाविद्यालय एवम अन्य चयनित छात्र छात्रा, समाजसेवी संगठन, मीडिया, शिक्षक साहित्यकार कवि गणमान्य नागरिक आदि भाग लेंगे। आम आदमी तक जन जन में पुस्तक स्वयम यात्रा करके यह संदेश देगी कि आज भी पुस्तक का कोई विकल्प नही है। आज़ादी के अमृत महोत्सव और किताबों की जागृति को लेकर दिनाक 22 सितम्बर को जिले के चयनित संस्थाओं को अन्तर्विद्यालय महाविद्यालय स्तर की विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं स्वामी आत्मानन्द हिंदी माध्यम स्कूल में कराया गया था। जिसमे से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाना है। जिसमे एन ई एस महाविद्यालय जशपुर, नवसनकल्प संस्थान ,स्वामी आत्मानन्द हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर,साउथ पॉइंट इंग्लिश माध्यम विद्यालय जशपुर, महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय जशपुर,शासकीय उ मा वि बरगाँव, शा उ मा विद्यालय लोखंडी, शासकीय उ मा विद्यालय गम्हरिया, आदि शामिल हैं। नगर की सामाजिक संस्थान जो समाजसेवा से निकलकर मदद के लिए हमेशा आगे रहते हैं, संवेदना एवम श्याम देवी फॉउंडेशन के साथ ही अपने श्रम और मेहनत से विद्यार्थियों के पास पहुंचकर कोरोना कॉल में शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने तत्पर रहे वीरेंद्र भगत, एवम आनंद एक्का को सम्मानित किया जाएगा।।निकलकर स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश माध्यम विद्यालय से यह रैली शासकीय एन ई एस महाविद्यालय के सभागार में अतिथियों का उद्बोधन एवम इस आयोजन के भागीदार जिले के चिन्हित स्कूल एवम संस्थाओं में पुस्तक यात्रा को लेकर अलग अलग विधा में हिस्सेदारी निभा रहे बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस यात्रा के जिला स्तर की आयोजन समिति में शामिल आईसेक्ट के संचालक नवनीत शर्मा, वनमाली सृजन केंद्र जशपुर के अध्यक्ष डॉ मिथलेश पाठक एवम सह संयोजक राजेन्द्र प्रेमी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवम जन जन तक पुस्तक के प्रति उनमे जागृति लाना है। विश्व रंग 2022 के आयोजन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके पूर्व आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित 'विश्व रंग पुस्तक यात्रा' का शुभारंभ 22 सितंबर 2022 को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड के 11 स्थानों से एक साथ भव्य समारोह पूर्वक निकल चुका है, यह 30 सितंबर तक जन-जन में पुस्तक संस्कृति की अलख जगाने के लिए 'विश्व रंग पुस्तक यात्रा देश के लगभग 100 जिलों, 200 विकास खंडों, 500 ग्राम पंचायतों से गुजरते हुए लगभग 15 हजार कि.मी. की यात्रा तय करेंगी। विश्व रंग पुस्तक यात्राओं का आयोजन रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (मध्यप्रदेश), डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़), खंडवा (मध्यप्रदेश), वैशाली (बिहार), आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग (झारखंड) सहित देश के समस्त आईसेक्ट केन्द्र, समस्त वनमाली सृजन पीठ, वनमाली सृजन केन्द्रों, टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केन्द्र तथा सहयोगी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर विश्व रंग की सभी प्रमुख सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से आयोजित पुस्तक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तक संस्कृति से जोड़ते हुए उनमे पठन पाठन की प्रक्रिया के प्रति अभिरुचि जागृत करना है।इस यात्रा को 21 सितम्बर को रायपुर में महामहिम राज्यपाल अनसुइया उइके के द्वारा फ्लैग ऑफकर शुभारम्भ किया है। यह पुस्तक यात्रा तखतपुर बिलासपुर, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, अम्बिकापुर होते हुए साहित्य को गांव कस्बों में जन जन तक पहुंचने के उद्देश्य से आयोजित पुस्तक यात्रा 28 सितम्बर को जशपुर पहुंचेगी। इसको लेकर जशपुरनगर में आयोजक संस्थाएं आईसेक्ट एवम वनमाली सृजन केंद्र के द्वारा तैयारी कराई जा रही है। डॉ विजय रक्षित सरंक्षक वनमाली सृजन केंद्र जष्पीर ने अपने संदेश में कहा है, वस्तुतः आज युवा वर्ग पुस्तकों से बिछड़ गया है, जिसके कारण यह पुस्तक यात्रा एक नई पुस्तक संस्कृति को विकसित करने के उद्देश्य से अत्यंत प्रभावकारी कदम साबित होगा।


## 2 साल से 82 वर्ष तक के मरीज की हुई ओपन हार्ट सर्जरी

# 100% सक्सेस रेट के साथ 5 महीने में 100 मरीजों की सफल हार्ट सर्जरी

100/100

### 5000 से ज्यादा सर्जरी कर चुके है कार्डियक सर्जन डॉ. विवेक वाधवा



**रायपुर।** 100/100 पढ़कर आपको थोड़ा आश्चर्य हो रहा होगा... कि ये गणित में मिले नंबर है! नहीं, ये गणित में मिले किसी छात्र के नंबर नहीं बल्कि मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल की उपलब्धि है। डॉ. देवेंद्र नायक के नेतृत्व में चल रहे श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस में पिछले 5 महीने में कार्डियक सर्जन डॉ. विवेक वाधवा ने मरीजों की 100 हार्ट सर्जरी की। इसमें 2 साल से लेकर 82 वर्ष के मरीज शामिल है, जो विभिन्न प्रकार की हार्ट से जुड़ी समस्या लेकर पहुंचे थे। इसमें कुछ ऐसे भी है कि जिन्होंने पहले अन्य अस्पताल में हार्ट सर्जरी कराई थी, लेकिन उन्हें पुनः सर्जरी की जरूरत पड़ी।

अस्पताल के लिए सबसे गर्व की बात ये है कि 100 में से 100 मरीज पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की कोई हार्ट से जुड़ी समस्या नहीं है। इसमें वॉल रिपेयर, वॉल रिप्लेसमेंट, एरोटिक सर्जरी, बाई पास सर्जरी, बेंटाल सर्जरी और मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी (छोटे चीरे से की गई हार्ट सर्जरी) शामिल है।

WORLD HEART DAY 29 SEP

### 2 से 8 दिन में मरीज हो गए अस्पताल से डिस्चार्ज

मरीज और उनके परिजनों के मन में छत्तीसगढ़ में ओपन हार्ट सर्जरी कराने को लेकर एक धारणा है कि यहां भर्ती होने से मरीज को लंबे वक्त तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ता है और मेट्रो सिटी में उन्हें जल्द छुट्टी मिल जाती है। तो आपको बता दें कि यह धारणा पूरी तरह गलत है। श्री बालाजी हॉस्पिटल में ओपन हार्ट सर्जरी कराने वाले मरीजों को 2 से 8 दिन के अंदर डिस्चार्ज कर दिया गया है।

### क्या होता है श्री बालाजी हॉस्पिटल में सर्जरी कराने का फायदा

कार्डियक सर्जरी का नाम सुनते ही दिमाग में सबसे पहले ओपन हार्ट सर्जरी का नाम आता है। लेकिन मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी की नई तकनीक आने के बाद अब मरीजों को ओपन हार्ट सर्जरी कराने की जरूरत नहीं पड़ रही है। बल्कि कुछ खास उपकरणों की मदद से एक सर्जन छोटे से चीरे के जरिए हार्ट सर्जरी कर सकता है। इस तकनीक की मदद से कई मरीजों की सफल हार्ट सर्जरी की गई है। श्री बालाजी हॉस्पिटल के कार्डियक सर्जन डॉ. विवेक वाधवा ने बताया कि पारंपरिक ओपन हार्ट सर्जरी में लगभग 8 से 10 इंच का चीरा लगाया जाता है। लेकिन मिनिमल इनवेसिव तकनीक से अधिकांश मामलों में वहीं सर्जरी लगभग 2.5 इंच के चीरे से की जा सकती है। डॉ. वाधवा ने कहा कि मिनिमली इनवेसिव तकनीक का उपयोग कर दिल की कई बीमारियों का इलाज किया जा सकता है, जैसे बाईपास सर्जरी, वॉल्व रिपेयर एंड रिप्लेसमेंट और दिल के छेद जैसे मामले। उनके मुताबिक इस तकनीक की कुछ सीमाएं भी हैं क्योंकि इमरजेंसी में और हर मरीज के लिए हर परेशानी के लिए इसका उपयोग नहीं किया जा सकता।

### अस्पताल का कार्डियक डिपार्टमेंट है सबसे एडवांस और सबसे अनुभवी टीम



श्री बालाजी हॉस्पिटल में सबसे एडवांस कार्डियक डिपार्टमेंट है। जहां अनुभवी डॉक्टरों की टीम है। अनुभवी टीम में डॉ. बविंदर सिंह चुग एमडी (जनरल मेडिसिन), डीएम कार्डियोलॉजी, डॉ. काकू सिंह भाटिया एमडी, डीएम कार्डियोलॉजी (सीएमसी वेल्लूर) और कार्डियक सर्जन के रूप में डॉ. विवेध वाधवा, एमएस, एमएसीएच (सीटीवीएस) पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ है। अस्पताल में अत्याधुनिक फिलिप्स एफ.डी.15 फ्लैट पैनल कैथ लैब, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर और सर्व सुविधायुक्त कार्डियक आईसीयू मौजूद है।

### क्या है मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी के फायदे

- छाती की मुख्य हड्डी काटनी नहीं पड़ती।
- ऑपरेशन के बाद मरीज की रिकवरी तेजी से होती है।
- सामान्य सर्जरी के मुकाबले दर्द काफी कम होता है।
- इन्फेक्शन का खतरा काफी कम होता है।
- अस्पताल से जल्द छुट्टी।
- नॉर्मल लाईफ में 1 हफ्ते में लौट सकता है मरीज।

# Impact Feature #

### ये है कार्डियक ट्रीटमेंट का पैकेज

अस्पताल में डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना (राशन कार्ड), जो आयुष्मान कार्ड के नाम से भी जाना जाता है, उससे ईलाज की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा एंजियोग्राफी शुल्क की बात करें तो रूपये 4999, एंजीयोप्लास्टी 95 हजार और बीटिंग हार्ट बाईपास सर्जरी का शुल्क 1 लाख 30 हजार रूपए है। हार्ट सर्जरी के लिए अग्रिम पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**अग्रिम पंजीयन के लिए संपर्क करें- 9926191294, 9370671648, 0771-4241000/01/02**

## 28_Sept.2022 Pride Of Raipur




























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403